
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए अधिकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार

# जागरूक जनता

एक सकारात्मक सोच

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

माघ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - षष्ठी , संवत 2077 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-6, अंक-51, 17 फरवरी - 23 फरवरी, 2021 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-



• An Exclusive Girls College with a difference... • Hostel Facility Available

BIYANI GROUP OF COLLEGES

BIYANI Where you can trust

ADMISSION AGAINST FEW VACANT SEATS 2020-21

B.Com., BBA, MBA | B.Sc., M.Sc. | BCA, MCA | B.A., M.A.

BFA | UG/PG in Journalism | BA-LL.B, LL.B. | Fashion Designing

Scholarship on the basis of marks in XII/UG students on tuition fee


+90% marks : 50% | +80% marks : 25% | +70% marks : 10%

Campus-1: Vidhyadhar Nagar, Jaipur (For Girls) | Campus-2: Kalwar, Jaipur (For Co-Ed.)

Helpline : +91-8696218218, 8890435298, 8290636942

## भारतीय संस्कृति के गीत गाते हम कर क्या रहे हैं! (1)

**जब** भी किसी के अस्तित्व पर संकट आता है तो उसे बचाने का प्रयास किया जाता है। मगर वह बच उस ही स्थिति में पाता है जब वास्तविक रूप से उसे बचाने की कोशिश की जाए। मगर आजकल किसी भी अस्तित्व को बचाने का जिम्मा सिर्फ सरकार पर ही दिखाई देने लगा है। और सरकार के नुमाइन्दों को आप और हम अच्छी तरह से भुगत रहे हैं। सिर्फ कागजी कार्रवाई के अलावा धरातल पर शायद ही कुछ दिखाई दे। इसलिए सरकार की जिम्मेदारी के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक की उस अस्तित्व को बचाने की जिम्मेदारी है जिससे हम जूझ रहे हैं। बात हो रही है भारतीय संस्कृति की। अगर देखा जाए तो हम भारतीय संस्कृति को बचाने का ढिंढोरा तो पीट रहे हैं। मगर हम कर उसके उलट ही रहे हैं। अब तो ऐसा लगने लगा है कि हमारे पास हमारा कुछ भी नहीं है। सब कुछ बाहरी और पाश्चात्य संस्कृति का लबादा ओढ़े हुए हम हमारी संस्कृति को अचपचे मन से ढो रहे हैं। आज हमारी संस्कृति से हम कितनी दूर हो चुके हैं। इसके लिए आत्म निरीक्षण करने की जरूरत है। अगर अपने आपको नहीं समझा और नहीं आंकलन किया तो हमारी संस्कृति सिर्फ और सिर्फ इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगी। हमारी संस्कृति की पहचान हमारी चोटी थी, जिसको बचाने के लिए पूर्व में लोग अपने जीवन का बलिदान दे चुके हैं। मगर अब आम आदमी चोटी को कटिंग के साथ ही कटवा देते हैं। सिर पर पगड़ी और टोपी की पहचान को भी हम खो चुके हैं। माथे पर तिलक और चंदन लगाना भी हम छोड़ चुके हैं। हालांकि दक्षिण भारत में ये सब अब भी देखने को मिल जाएंगे। अपवाद स्वरूप ग्रामीणों के कुछ लोगों को छोड़ दें तो हम हमारी भारतीय पहनावा धोती, कुर्ता भी छोड़ चुके हैं। अब तो चारों तरफ पेंट-शर्ट और तरह-तरह के पाश्चात्य पहनावे ही नजर आते हैं। उनमें भी अब फटे और ओछे कपड़ों के चलन के कारण अधनंगापन भी फैशन बन गया है। हमारी संस्कृति में यज्ञोपवीत का बड़ा महत्व है उसमें भी छह धागों का अलग-अलग गुण धर्म है, उसे भी छोड़ चुके हैं। जब जनेऊ ही छूट गई तो संध्या वंदन कहां से बचेगा। आम लोगों को तो संध्या वंदन के बारे में जानकारी ही नहीं होगी।



शिव दयाल मिश्रा

सटीक

क्रमशः

shivdayalmishra@gmail.com

## भाजपा के विस्तार को लेकर शाह के कथित बयान पर नेपाल ने आपत्ति जताई

**काठमांडू** । नेपाल ने भारत के गृहमंत्री अमित शाह की ओर से पड़ोसी देशों में भाजपा के विस्तार की योजना वाले कथित बयान पर चिंता व्यक्त की है। काठमांडू पोस्ट के अनुसार, भारत में नेपाल के राजदूत नीलांबर आचार्य ने बयान पर नाराजगी व्यक्त करने और स्पष्टीकरण मांगने के लिए भारत के विदेश मंत्रालय में नेपाल एवं भूटान मामलों के संयुक्त सचिव एवं प्रभारी अरिंदम बागची को फोन किया। दरअसल, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देब ने दावा किया था कि ÷केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था किभाजपा अपना दायरा बढ़ाना चाहती है। पार्टी नेपाल और श्रीलंका में शासन के लिए योजना बना रही है।÷

सीधी में बस नहर हादसा देखें पेज 8

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्यों की मोदी ने रखी आधारशिला

# सरकार इतिहास की गलतियों को सुधार रही है - मोदी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और भारतीयता की रक्षा के लिए जिन्होंने जीवन समर्पित कर दिया, ऐसे अनेक नायक-नायिकाओं को वो स्थान नहीं दिया गया, जिसके वो हकदार थे। मोदी ने कहा, ÷इतिहास रचने वालों के साथ, इतिहास लिखने के नाम पर हेर-फेर करने वालों ने जो अन्याय किया, उसे अब आज का भारत सुधार रहा है। सही कर रहा है। गलतियों से देश को मुक्त कर रहा है।÷ प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्यों की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक नायकों और नायिकाओं के योगदान को याद रखना महत्वपूर्ण है, जिन्होंने देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने इस तथ्य पर अफसोस जताया कि भारत और भारतीयता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले लोगों को इतिहास की किताबों में वह स्थान नहीं दिया गया, जिसके वह हकदार थे।



प्रधानमंत्री ने कहा, ÷अपनी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश करने के साथ भारतीय इतिहास लेखकों द्वारा भारतीय इतिहास निर्माताओं के विरुद्ध की गई अनियमितताओं और अन्याय को अब ठीक किया जा रहा है और इस दिशा में उनके योगदान को स्मरण करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।÷ इस अवसर पर अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का इतिहास केवल औपनिवेशिक शक्तियों या औपनिवेशिक मानसिकता वाले लोगों द्वारा लिखा गया इतिहास ही नहीं है, अपितु भारत के इतिहास को आम लोगों ने अपनी लोककथाओं में भी पोषित किया है और इसे पीढ़ियों ने आगे बढ़ाया है।

मोदी ने कहा, ÷आप देखिए, नेताजी

भाजपा की सियायत गरमाई

# राजे की नड्डा से मुलाकात

### प्रदेश भाजपा में राजे समर्थकों की अनदेखी सहित कई मुद्दों पर चर्चा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** पूर्व सीएम और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने नई दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद बीजेपी के अंदर सियासत गर्मा गई है।बताया जाता है कि राजे ने नड्डा के साथ राजस्थान भाजपा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की है। हाल ही हुए चुनावों में योग्य कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और पार्टी संबगठन में उन्हें और उनके समर्थकों को किनारे करने के प्रयासों को लेकर भी बात होने की संभावना है। रविवार को ही में कोटा के नेताओं ने वसुंधरा राजे को सीएम का चेहरा घोषित करने की मांग की है। साथ ही पार्टी को मिली हार के लिए भी वसुंधरा राजे की अनदेखी को जिम्मेवार ठहराया गया था। उधर वसुंधरा राजे के जन्मदिन 8 मार्च को धार्मिक यात्राएं निकालने की तैयारियों को लेकर भी अलग - अलग कयास निकाले



जा रहे हैं। साथ ही प्रदेश संगठन से जुड़ी पार्टी की बैठकों में उनकी गैरमाजूदगी भी उनकी प्रदेश संगठन से नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है।गौरतलब कि वसुंधरा राजे पिछले दिनों गृहमंत्री अमित शाह से मिली थी। अब नड्डा से मिली हैं। ये मुलाकातें चर्चा का विषय बनी हुई है। साथ ही ये माना जा रहा है कि वह प्रदेश संगठन की वर्किंग से नाखुश है।

### राजे 23 फरवरी को लौटेंगी जयपुर

नई दिल्ली में इसी हफ्ते प्रदेश व केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी, इन बैठकों में वसुंधरा राजे शामिल होंगी। राजे के 23 फरवरी को जयपुर लौटने की संभावना है, वे बजट भाषण के समय सदन में मौजूद रह सकती हैं। विधानसभा का बजट सत्र शुरु होने के बाद अब तक राजते जयपुर से बाहर ही हैं।

ANCHOR | टेस्ट चैम्पियनशिप में दावेदारी बरकरार

# भारत को फाइनल के लिए एक जीत और एक ड्रॉ जरूरी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**दुबई।** भारत ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 317 रन से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी दावेदारी कायम रखी है। भारत अब फाइनल में पहुंचने की होड़ में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। वहीं, इंग्लैंड की टीम चौथे नंबर पर फिसल गई है। न्यूजीलैंड पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका है।



### भारत को 2-1 से जीत की दरकार

भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए इस सीरीज में कम से कम 2-1 से जीत हासिल करने की जरूरत है। अभी दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। यानी आखिरी दो टेस्ट में भारत को कम से कम एक जीत और एक ड्रॉ की जरूरत होगी। दोनों मैच जीतने पर भारत और भी बेहतर स्थिति के साथ फाइनल में पहुंचेगा, लेकिन अगर दोनों टेस्ट ड्रॉ होते हैं या एक में भी भारत को हार मिलती है तो फाइनल खेलने का सपना अधूरा रह जाएगा।

### इंग्लैंड को जीतने होंगे दोनों टेस्ट

**अगर** इंग्लैंड की टीम को टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचना है तो उसे इस सीरीज के बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने होंगे। सीरीज शुरू होने से पहले इंग्लैंड को फाइनल में पहुंचने के लिए 4-0, 3-0 या 3-1 से जीत की जरूरत थी, लेकिन अब पहले दो विकल्प खत्म हो गए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया भी फाइनल में पहुंच सकता है

**भारत-इंग्लैंड** सीरीज के कुछ नतीजे ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचा सकते हैं। अब अगर यह सीरीज 2-2 या 1-1 से ड्रॉ रहती है तो ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंच जाएगी। इसके अलावा अगर इंग्लैंड की टीम यह सीरीज 2-1 से जीतती है तो भी ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंच जाएगा।

### 18 जून से लॉर्ड्स में होगा फाइनल

**आईसीसी** पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप करा रही है। फाइनल 18 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है।



jagrukjanta.in/.com

# जागरूक सिटी

Jagruk City

जागरूक जनता • जयपुर, बुधवार, 17 फरवरी - 23 फरवरी, 2021 • पेज 02

| तापमान | अधि. | न्यू. |
| --- | --- | --- |
| जयपुर | 28°C | 14°C |
| जोधपुर | 31°C | 14°C |
| अजमेर | 29°C | 14°C |
| उदयपुर | 28°C | 13°C |


सूर्योदय › प्रात : 07:05 बजे सूर्यास्त › सांय : 06:16 बजे चन्द्रोदय › 10 : 20 बजे चन्द्रास्त › 11 : 21 बजे

## कॉस्टेलिनो ऑय फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन




**जयपुर @ जागरूक जनता।** हर साल की भांति कॉस्टेलिनो ऑय फाउंडेशन द्वारा 13वा नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजन किया गया। यह मेडिकल कैंप कसेंटेलिनो ऑय फाउंडेशन, दृष्टि ऑय हॉस्पिटल, एवं पिंक विनायक हॉस्पिटल के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कसेंटेलिनो ऑय फाउंडेशन के डायरेक्टर मॉइकल कॉस्टेलिनो ने बताया की इस नि:शुल्क मेडिकल कैंप में दृस्टि ऑय हॉस्पिटल एवं पिंक विनायक हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम द्वारा नि:शुल्क परामर्श व जांचे की गयी व साथ ही दवाई व भोजन के पैकेट नि:शुल्क वितरित किये गए। यह कैंप वर्ल्ड सिक डे के अवसर पर 14 फरवरी को धुलेस्वर गार्डन में सुबह 10 से दोहर 2 बजे तक आयोजित हुआ। इस अवसर पर उत्तम शर्मा, पार्षद, अमित ए यू फाइनेंस, डॉ. जहांगीर पिंक विनायक हॉस्पिटल, नेमीचंद यादव, डायरेक्टर वसुंधरा कॉलेज, अचरोल, मनोज अग्रवाल,फादर कस्मिरो कोहलो, ललित शर्मा, बृजेश सिन्हा, ग्लोरिया कॉस्टेलिनो, विमल चंद्र, भीम सिंह, प्रियंका एवं अन्य गणमान्य लोग उपसथित थे ।

## ज्ञानेन्द्र जार (जयपुर शहर) के सचिव नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) जयपुर शहर इकाई की कार्यकारिणी का गठन बीते दिनों प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा की निर्देशानुसार किया गया। जिसमें ज्ञानेन्द्र मिश्रा को जयपुर शहर इकाई का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा विकास शर्मा को अध्यक्ष, रविन्द्र शेखर शर्मा को महासचिव और एसएन सैनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यकारिणी में सुधीर शर्मा, प्रदीप शेखावत, लोकेन्द्र शर्मा और कपिल गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शाहनवाज अली, प्रवीण नासा, नवल शर्मा और जितेन्द्र मंडावरा को सचिव नियुक्त किया है।

## कोविड का प्रभाव कम होते ही प्रदेश भर में खोलेंगे जनता क्लिनिक




**जयपुर @ जागरूक जनता।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा की अनुपालना में कोविड का प्रभाव कम होते ही प्रदेश भर में जनता क्लिनिक खोले जाएंगे। प्रदेश भर से कुल 172 एवं जयपुर शहर से 50 जनता क्लिनिक खोलने की मांग आई है। उन्होंने बताया कि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 3 जनता क्लिनिक खोले गए हैं। सांगानेर से भाजपा विधायक अशोक लाहोटी के सवाल पर विधानसभा में जबाव दिया है। उन्होंने बताया कि 2019-20 की बजट घोषणा के बाद 5 महीने में ही 12 जनता क्लिनिक शुरू कर दिए गए थे। घोषणा के तहत दानदाताओं एवं समाजसेवियों की ओर से उपलब्ध करवाए भवनों में इनका संचालन किया जाएगा।

## जयपुर जोधपुर जयपुर ट्रेन का नावां सिटी स्टेशन पर होगा ठहराव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर-जोधपुर-जयपुर प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन का ठहराव अब नावां सिटी स्टेशन पर रहेगा। ट्रेन 13 फरवरी से जयपुर से प्रस्थान करेगी। नावां सिटी स्टेशन पर सुबह 7.17 बजे पहुंचेगी। यहां से सुबह 7.18 बजे रवाना हो जाएगी इसी प्रकार जोधपुर-जयपुर स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन 13 फरवरी से जोधपुर से रवाना हो कर नावां सिटी स्टेशन पर शाम 7.31 बजे पहुंचेगी । यहां से शाम 7.32 बजे रवाना होगी।

## 16 फरवरी से जयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला होगी शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रेलवे ने जयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-जयपुर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। ये ट्रेन पूर्ण आरक्षित रहेगी। ट्रेन 16 फरवरी से अग्रिम आदेशों तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को दिल्ली सराय रोहिल्ला से रात 10:25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:20 बजे जयपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार 17 फरवरी से प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार व रविवार को जयपुर से रात 8:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 5:35 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी।

## पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विश्व हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित शर्मा के निर्देशानुसार आज पुलवामा में शहीद हुए जवानों को विश्व हिंदू सेवा संघ के द्वारा श्रधांजलि अर्पित की गई जिसमें प्रदेस महामंत्री कविता शर्मा बबीता व जिला सचिव अनीता पारीक, कानुनी सलाहकार एडवो, कमलेश शर्मा, बीना पारीक, संतोष राजपुरोहित, सुनीता अग्रवाल, अनीता शर्मा, योगिता वर्मा एवम कमलेश तिवारी जी आदि उपस्थित रहे।

### ग्रेटर मेयर का फरमान

सिर्फ गणेशजी के लिए आएगी फूल माला

# अफसरों के चैंबर में गुलदस्ते बैन

## गुलदस्तों पर रोजाना 2 हजार का खर्च फिजूल

**क्योंकि:** निगम के घाटे से जनता के छोटे-छोटे काम रुक रहे तो फिर अफसर भी खुशबू क्यों लें

**यहां भी कंजूसी:** मेयर के चैंबर में नाश्ते के दौर नहीं चलेंगे, पानी की बोतल की जगह कैंपर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com


फाईल

**जयपुर।** निगम में कोई दो साल से खालीपन है। शहर में सफाई से लेकर सीवरेज और सड़कों से लेकर लाइटों के काम अधूरे पड़े हैं। शिकायतों पर टका सा जवाब- निगम में बजट नहीं है। इससे इतर अधिकारियों की सेहत, सुगंध और नजारों पर कोई असर नहीं। सामने आया कि ग्रेटर निगम में करीब 25-30 चैंबर में रोजाना गुलदस्ते लगते हैं। इसका प्रतिदिन खर्च ही करीब 2 हजार रुपए आ रहा है। काम करो या नहीं, आफिस आओ या नहीं। यह खर्च तय है। इस पर एक्शन लेते हुए मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गुलाब आने पर पाबंदी लगा दी है। पहले खुद के चैंबर से वो जार हटवा दिया, जिसमें ये गुलदस्ते लगते हैं। इसके बाद अब सभी चैंबर से भी इसे हटाने को आदेश कर दिए हैं। साथ ही संबंधित उद्यान शाखा के अफसरों को भी साफ कर दिया है कि इस विपरीत हालात में हो रहे इस अनावश्यक खर्च को बंद किया जाए। केवल और केवल मंदिर में पूजा के लिए माला आएगी। इसका खर्च 100 रुपए के भीतर रहेगा।

### नाश्ते-फूल का खर्च विकास कार्यों पर होगा खर्च

**खर्च** में कटौती की शुरुआत मेयर ने खुद के चैंबर से और की है। इसके लिए उन्होंने मेयर के चैंबर में लगे रहने वाले नाश्ते के दौर पर पूरी पाबंदी लगाई है, जो कि हर रुटीन मीटिंग और गाहे-बगाहे चलते हैं। इसके साथ ही पानी की बोतल की जगह कैंपर रखने के आदेश हैं। इसके पीछे एक तो प्लास्टिक बोतल पर पाबंदी लगेगी, वहीं बोतलों से होने वाले खर्च पर भी अंकुश।

### अफसरों को काम के सबक, 38 को नोटिस मिल चुके


हाल ही में कार्यालयों से बाहर मौज करने वाले अफसर-कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की गई थी। भरी दुपहरी बगैर किसी कारण ऑफिस नहीं पहुंचने वाले 38 कार्मिकों को नोटिस जारी किए गए। इसके साथ ही अब सभी कमरों में 32 रजिस्टर रखवाए हैं, जिसमें टाइमिंग दर्ज करने के आदेश हैं। ताकि दूर-दराज से आने वालों की सुनवाई हो सके।

### मेरे चैंबर सहित सभी पर इस ओर रोक लगा दी है

**वित्तीय** हालत खराब रहे तो उस हिसाब से रहना चाहिए। लोगों के काम के लिए हमारे पास पैसा नहीं है, जबकि चैंबरों में खुशबू पूरी। और तो और, एक अफसर के तो छुट्टी पर रहने के बावजूद गुलदस्ता आ रहा है। बिल देखे तो प्रतिदिन का 2 हजार के आसपास है। इसमें कई लाइटें ठीक हो सकती हैं। मेरे चैंबर सहित रोक लगा दी है। मेरे चैंबर में नास्ते जैसी औपचारिकता पर भी रोक लगाई है। **- डॉ. सौम्या गुर्जर,** ग्रेटर महापौर

### हाई पावर्ड कमेटी की बैठक

## शहर में संचालित पशु डेयरियों कोबाहर शिफ्ट करें-मुख्य सचिव



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने शहर में संचालित पशु डेयरियों को जल्द से जल्द शहर से बाहर शिफ्ट करने के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी शहर में संचालित डेयरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने का आदेश दिया हुआ है। इसलिए इस मामले पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए। आर्य ने यह बात मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित जयपुर सौन्दर्यीकरण के लिए गठित हाई पावर्ड कमिटी की बैठक में कही। मुख्य सचिव ने कहा कि जयपुर का सौन्दर्यीकरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। साथ ही उन्होंने स्वच्छता से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण के लिए हम सभी को पसर्नल कमिटमैन्ट के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए धन की कमी नही आने दी जायेगी। बैठक में ट्रैफिक मैनेजमेन्ट, एक्सीडेन्ट जोन और पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव ने रात्रि में ट्रैफिक सिग्नल को लेकर पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि रात के समय में ट्रैफिक सिग्नल की वैकल्पिक व्यवस्था हो ताकि रात्रि में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। बैठक में नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त गौरव गोयल भी उपस्थित रहे। बैठक में वेबिनार के माध्यम से परिवहन आयुक्त रवि जैन, जयपुर नगर निगम (ग्रेटर) यज्ञमित्र सिंह देव, जयपुर नगर निगम (हैरिटेज) लोकबन्धु, बिजली एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जागृति एवं मुस्कान एनजीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में गुजरात के शकरबाग चिड़ियाघर से आई शेरनी

## वेलकम सृष्टि

जागरूक जनता
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में देर रात नई मेहमान आई है। गुजरात के शकरबाग चिड़ियाघर से जयपुर वन विभाग की टीम एक शेरनी को लेकर बुधवार देर रात जयपुर पहुंचे। सृष्टि नाम की इस शेरनी को अब 21 दिन तक पार्क में बनी लॉयन सफारी के एन्क्लोजर में क्वारंटीन किया जाएगा। इसके बाद इस शेरनी को सफारी में पहले से मौजूद त्रिपुर शेर के साथ छोड़ा जाएगा। वन विभाग की टीम के साथ गए वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक अरविंद माथुर ने बताया कि एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत यह शेरनी यहां लाई गई है। इसके बदले बायोलॉजिकल पार्क से भेड़िए का जोड़ा शकरबाग चिड़ियाघर प्रशासन को दिया गया है। उन्होंने बताया कि शेरनी सृष्टि की उम्र लगभग एक साल 6 माह है। अब बायोलॉजिकल पार्क आने वाले दर्शकों को शेर त्रिपुर और उसकी बहन तारा और एक अन्य शेरनी सुहासिनी के साथ सृष्टि की चहलकदमी देखने को मिलेगी।

### शकरबाग से आई तीसरी शेरनी

**शकरबाग** चिड़ियाघर से जयपुर नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में ये तीसरी शेरनी आई है। इससे पहले शेरनी तेजिका और सुजैन को भी इसी चिड़ियाघर से लगाया गया था। लेकिन ज्यादा उम्र और बीमारी के कारण दोनों शेरनियां मर गई थी। अब उम्मीद जताई जा रही है कि सृष्टि के आने से पार्क में शेरों के कुनबे में बढ़ोतरी होगी।

### जयपुर में नई पहल

## पुलिस लाइन में तैयार हो रही आदर्श बैरक

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**शराब न पीने वाले और साफ-सफाई रखने वाले को आवंटित होंगी**

**पुलिस कर्मियों को शर्त के साथ मिलेगी आदर्श बैरक**

**हर महीने बैरक का निरीक्षण कर रेटिंग देंगे अफसर**

**जयपुर।** चांदपोल स्थित शहर रिजर्व पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों के लिए आदर्श बैरक का निर्माण करवाया जा रहा है। इसमें तमाम सुविधाएं होंगी। इसके रखरखाव का पूरा जिम्मा भी उस बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों पर होगा। डीजीपी एमएल लाठर की ओर से पुलिस के जवानों को रहने के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आदर्श बैरक का निर्माण शुरू करवाया गया है।

### फरवरी के अंतिम सप्ताह तक होगी तैयार

जयपुर कमिश्नरेट में DSP (मुख्यालय) डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि आदर्श बैरक का काम फरवरी माह के अंतिम सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा। इस बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों को कुछ शर्तों का पालन करना होगा। जैसे कि वे बैरक में अनुशासन भंग नहीं करेंगे। वहां शराब नहीं पीएंगे। दीवारों को खराब नहीं करेंगे और साफ-सफाई रखेंगे।

### पुलिसकर्मियों से लिया जाएगा मेंटेनेंस चार्ज

डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि आदर्श बैरक में रहने वाले पुलिस कर्मियों से 100 रुपए प्रतिमाह मेंटेनेंस चार्ज लिया जाएगा। इससे बैरक की साफ-सफाई, रखरखाव और अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस मेंटेनेंस चार्ज को जमा करने के लिए पुलिस लाइन की तरफ से बैंक में खाता खोला जाएगा और फंड को इसी खाते में जमा करवाया जाएगा।

### बैरक में एक हेड कांस्टेबल वार्डन नियुक्त होगा

एडिशनल डीसीपी पुलिस लाइन की स्वीकृति पर ही उस बैंक खाते से बैरक के मेंटेनेंस के लिए फंड का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा आदर्श बैरक में एक हेड कांस्टेबल को वार्डन नियुक्त किया जाएगा। वह बैरक में साफ-सफाई, रखरखाव और बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों की जानकारी रखेगा। आदर्श बैरक में एक से ज्यादा हॉल होने पर एक हॉल मॉनिटर भी नियुक्त किया जाएगा। हर महीने आदर्श बैरक का निरीक्षण भी पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उसे पांच अलग-अलग श्रेणियों उत्कृष्ट, बहुत अच्छा, अच्छा, औसत और खराब के आधार पर परखा जाएगा।

## ई-रिक्शा: परकोटे में अलग से बनेगा पार्किंग-रूट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहर में चल रहे 20 हजार से अधिक ई-रिक्शाओं के अब नए सिरे से रूट निर्धारित होंगे। पार्किंग के लिए भी जगह उपलब्ध कराई जाएगी। लाइसेंस में भी सरलीकरण किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए इन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसे लेकर परिवहन सचिव एवं आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में ई-रिक्शाओं के संचालन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। वहीं समस्याओं के निदान के लिए नगर निगम, जेडीए, परिवहन और ट्रैफिक की संयुक्त कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी शहर में चलने वाले ई-रिक्शाओं के जोनवाइज बंटवारा और रूटों का निर्धारण करेगी। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले आरटीओ ई-रिक्शाओं के पंजीयन पर रोक लगा दी थी। बैठक में आरटीओ राकेश शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक आदर्श सिद्धू, अपर परिवहन आयुक्त नियम नानूराम चोयल सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। इससे पहले यादगार में डीसीपी ट्रैफिक ने ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा, मैजिक यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

**5,500 ई-रिक्शा चल रहे बिना पंजीयन :** शहर में वर्तमान में करीब 20 हजार ई-रिक्शाओं का संचालन हो रहा है। इसमें से आरटीओ में 14,500 ई-रिक्शाओं का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। करीब 5,500 से ई-रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के शहर में दौड़ रहे हैं। वहीं 900 ई-कार्ट शामिल हैं। 20 हजार ई-रिक्शाओं में से किसी भी ई-रिक्शा ड्राइवर के पास लाइसेंस नहीं हैं।


ANCHOR

समाजसेवी हरिओम ने टीम संग बदली श्मशाम की सूरत


# श्मशान में कंटीली झाड़ी नहीं, खिलते हैं गुलाब-गेंदा के फूल

ज्ञानेन्द्र मिश्रा @ जागरूक जनता
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** अगर इंसान अपनी जिद पर आ जाये तो वह कुछ भी कर सकता है, यही करके दिखाया है जे.पी. कॉलोनी के समाजसेवी हरिओम चौहान और उनकी टीम ने। एक ओर जहां लोग शमशान घाट के पास से गुजरने पर भी डरते है वहीं हरिओम ने टीम के साथ मिलकर अपनी मेहनत के दम पर शमशान घाट की सूरत बदल डाली। कुछ वर्षों की मेहनत के बाद अब शमशान घाट पार्क की तरह दिखने लगा है। गौरतलब है कि विद्याधर नगर, आरपीए रोड पर जे.पी. कॉलोनी में एक शमशान घाट है। इस पर सभी समाजों के मृत लोगों का अंतिम संस्कार होता है। सारसंभाल नहीं होने के चलते शमशान भूमि पर एक दिन जाने पर भारी परेशानी होती थी। 2015 में हरिओम ने पिताजी की अंतिम यात्रा के दौरान श्मशाम में हुई परेशानियों से प्रण लेकर इसकी सूरत बदलने की ठान ली। यहां हरिओम ने अपने टीम साथियों के साथ कुछ वर्ष पूर्व सबसे पहले शमशान भूमि में छायादार पौधे लगाने शुरू किए। एक के बाद एक सैंकड़ों पौधे लगाए। पानी देने के लिए पाइप लाइन डलवाई। उसके बाद रोजाना श्रमदान करके रास्ते सुगम करने, घास कटाने का काम करते थे। टीम साथी राजकुमार, कमल गुप्ता का कहना है कि लोग शमशान भूमि के नाम से ही कल्पना करते थे कि वहां पर कंटीली झाडियां व गंदगी का अंबार होता है। लोगों की सोच को बदलने के लिए उन्होंने प्रयास शुरू किए। ग्रामीणों के सहयोग से व उनकी मेहनत से पूरे शमशान घाट की सूरत बदल गई। इससे साफ सफाई रहने लग गई।











### अनेक प्रजातियों के साथ औषधिय पौधे भी

**यहां** श्मशान में सैंकड़ों पौधे लगे हुए हैं। इनमें हरश्रंगार, गुलाब, गेंदा, आम, शीशम, दुर्लभ गुलमोहर, नीम, केला, एलोवेरा, बील, चमेली, जामुन, सीताफल, चंपा, गिलोय, सूरजमुखी, नींबू, अश्वगंधा, पीपल, बरगद, अशोका, गुलमोहर, आंवला, अरंडी, सैंजना के साथ तुलसी का पौधा और छायादार पेड़ शामिल हैं। यहां जल कनेक्शन भी ले लिया गया है। समय-समय पर दानदाताओं व भामाशाहों का सहयोग लेकर आवश्यक सुविधाएं भी जुटाई जा रही है।

### कुत्तों के लिए एक लीटर दूध प्रतिदिन

**हरिओम** ने जागरूक जनता से चर्चा में बताया कि श्मशान में कुत्ते के छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिन्हें प्रतिदिन 1 लीटर दूध दिया जाता है तथा उनके खाने-पीने का पूरा ध्यान रखा जाता है। इसी दौरान हरिओम ने श्मशान में एक आवाज दी आ....ओ, आ.... ओ तो पूंछ हिलाते, हिलाते 3,4 कुत्ते के बच्चे हरिओम के आस-पास आ गए। उन्हें देखकर यह नहीं लगता की इन्हें खाने-पीने की काई परेशानी होगी। बातों ही बातों में हरिओम ने बताया कि यहां पक्षियों की भी अच्छी-खासी तादाद है। जिनमें कोयल, तितर, कमेड़ी, तोते के अलावा विभिन्न प्रजातियों की चिड़ियां, गिलहरी, नेवला भी शामिल है। पक्षियों के लिए दाना-पानी की अच्छी व्यवस्था है।

### यह है टीम

**राजकुमार** सैन, कमल गुप्ता, दीपेन्द्र, पुष्पेन्द्र, लाला, नरेन्द्र, शिव अग्रवाल, सतीश, केशव, केदार, गजेन्द्र, किशोर, मिश्रीलाल, प्रभु के अलावा रामेश्वर शामिल है।

### नियम बना प्रत्येक रविवार

**हरिओम** ने बताया कि प्रत्येक रविवार को अलसुबह अपनी टीम के साथ श्मशाम के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है। यहां पेड़-पौधो की सार संभाल करने के साथ समूचे परिसर का रख-रखाव का कार्य किया जा रहा है। श्मशाम में बैठने के लिए सीमेंट की चेयर, बैंचे, गीजर, पानी, लकड़ी की टेबल आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर लगा हुआ है। रात्रि के समय अंधेरे का फायदा उठाकर यहां शराबियों का जमावड़ा होने लगा था, इसी को देखते हुए यहां बड़ी सोडियम लाइट लगवाई गई है, जिससे रात्रि के समय रोशनी रहती है।

### काठियों में फैली हरियाली

**यहां** शव यात्रा के साथ आने वाली काठियों का सद्पयोग करते हुए इनमें मिट्टी भरकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। जिससे हरियाली के साथ कचरे का निस्तारण किया जा सके।

### हैं खूबियां

- यहां पर फूलों के सैंकड़ों पौधे है ।
- यहां पर शवदाह के लिए लकड़ी, कंडे और घास भी उपलब्ध कराया जाता है।
- गरीबों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है।
- शव दाह के लिए यहां पर दो शेड बने हुए है।

## विस का बजट सत्र: राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा

# किसी को नहीं रहने दिया भूखा-गहलोत

**जागरूक जनता नेटवर्क**
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष की ओर से लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया। विधानसभा में चर्चा के जवाब में किसान कर्ज माफी को लेकर गहलोत ने कहा कि सहकारी बैंकों के सभी कर्ज हमने माफ किए, लेकिन राष्ट्रीय बैंकों के कर्ज माफी के लिए केंद्र मदद नहीं कर रहा है। किसानों के मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति से मिलने का मैंने समय मांगा था, लेकिन तक राष्ट्रपति ने समय नहीं दिया। प्रदेश सरकार ने तीन कृषि संशोधन बिल सदन में पास कर राज्यपाल को भेजें, लेकिन राज्यपाल इतने दबाव में है कि वह इन बिलों को आगे भेज ही नहीं पा रहे है।

गहलोत ने कहा कि सरकार ने जो कहा वह कर दिखाया। मेरे मुख्यमंत्री काल में एक बार अकाल पड़ा था, तब मैंने कहा था कि मैं किसी को भूखा नहीं रहने दूंगा और जनता के आशीर्वाद से मैंने किसी को भूखा नहीं रहने दिया। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना को लेकर गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी आरोप लगा दिया था कि गहलोत सरकार मदद नहीं कर रही, लेकिन हमने सभी पात्र व्यक्तियों की जांच कराकर ही सूची भेजी। गहलोत ने ईस्टर्न कैनाल परियोजना पर कहा कि मैं नेता प्रतिपक्ष से कहूंगा कि इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। परियोजना को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय योजना बनाने का वादा किया था, लेकिन अब वह इस वादे को क्यों भूल गए हैं। मैं इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं के साथ मिलकर पीएम से मिलने के लिए दिल्ली जाने को तैयार हूं।

## भाजपा वाले गाय पर करते है राजनीति : गहलोत

**जागरूक जनता नेटवर्क**
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा वाले गाय पर सिर्फ राजनीति करते हैं, जबकि गायों के लिए असली कार्य तो हमारी सरकार ने किया है। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चार दिन के चर्चा पर राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जवाब दे रहे थे। गहलोत ने वादा किया कि चर्चा के दौरान सदस्यों के जो भी विचार आए है। उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा। गायों के मामले में गहलोत ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ गायों का प्रयोग करती है और हम कार्य करते हैं। भाजपा वाले गाय पर राजनीति करते है, जबकि हम गाय के लिए कार्य करते हैं। कथनी और करनी में काफी अंतर है। हमारी सरकार ने गौशालाओं के लिए अनुदान शुरू किया। गायों के लिए अलग से विभाग खोला। करीब 70 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जबकि भाजपा की सरकार कई बार आई और चली गई। वह ऐसा नहीं कर सकी।



### प्रदेश के पास राजस्व के नहीं है साधन

**पेट्रोल-डीजल** की बढ़ती कीमतों पर गहलोत ने कहा कि इसके लिए सिर्फ केंद्र सरकार दोषी है। भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, कर्नाटक तथा मणिपुर की रेट की भी तुलना करके देखो। तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत डॉलर 140 से 40 पर आ गई, लेकिन पेट्रोल के भाव 70 से 100 रुपए हो गए। जीएसटी में प्रदेश को जो मिलता है। उसकी दर केंद्र सरकार कम कर रही हैं, जबकि केंद्र को जो मिलता उसकी दर लगातार बढ़ रही हैं। अगर राज्य सरकार ने और वेट कम किया, तो प्रदेश का राजस्व कम हो जाएगा। प्रदेश के पास राजस्व के ज्यादा साधन भी नहीं है।

### कोरोना प्रबंधन में प्रदेश की हुई प्रशंसा

**गहलोत** ने कहा कि केंद्र सरकार से असहमति व्यक्त करता है, तो वह देशद्रोही है, सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में मैंने कभी भी विपक्ष की आलोचना नहीं की। मैंने कभी नहीं कहा कि विपक्ष मेरा साथ नहीं दे रहा। विपक्ष के लोग कई बार कहते रहे कि सीएम तो कांच के पीछे बैठकर वीसी कर रहे हैं। गहलोत ने कहा कि कोरोना प्रबंधन में प्रदेश की प्रशंसा हुई। मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर हमारा फोकस हैं।

## फूड टेस्टिंग लैब की हुई शुरुआत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उपभोक्ता संस्था केन्स की ओर से मंगलवार को जयपुर में फूट टेस्टिंग लैब की शुरुआत की गई। इस मौके पर भारत सरकार की उपभोक्ता हित प्रात्साहन समिति के सदस्य और भारतीय उपभोक्ता परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत शर्मा ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया, वायरस और घातक रसायनों से मनुष्यों में 200 से ज्यादा बीमारियां होती हैं। इसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए फूड विशेषज्ञ शिवदयाल सैनी ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट मनुष्यों के लिए सबसे बढ़ा खतरा है।






# प्रदेश में कोरोना वैक्सीन की दी गई दूसरी डोज

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज दी गई। इस दौरान प्रदेश में वैक्सीनेशन की डोज लेने वाले 12258 हेल्थ वर्कर्स को इसके लिए बुलाया गया, लेकिन इनमें से 3467 वर्कर्स दूसरी डोज लेने नहीं आए। इन्हें अब फिर से दूसरी डोज लेने के लिए मैसेज भेजा जाएगा। दूसरी और पहली डोज देने का कार्य भी जारी रहा। इसमें 8831 फ्रंटलाइन और हेल्थ वर्कर्स को पहली डोज दी गई। हेल्थ वर्कर्स में 46 और फ्रंटलाइन वर्कर्स में 8831 वर्कर्स डोज लेने पहुंचे। पहली और दूसरी डोज के लिए प्रदेश में 229 वैक्सीनेशन सेंटरों पर कुल 20872 कर्मियों को वैक्सीनेशन के लिए बुलाया था, जिनमें से 17662 कर्मी यानि 84 फीसदी कर्मी वैक्सीनेशन लेने गए।



### हेल्थ वर्कर्स को दी गई वैक्सीन

अब तक प्रदेश में 618810 फ्रंटलाइन और हेल्थ वर्कर्स को वैक्सीन दी गई है, जबकि वैक्सीनेशन के लिए 922380 कर्मियों को वैक्सीन लगाने के लिए बुलाया था यानि कुल 68 फीसदी ही वैक्सीनेशन का टारगेट अब तक प्राप्त हुआ है।

## जिम्मेदारी



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
**कविता**
डॉ. हर्ष प्रभा

दो व्यक्ति आपस में झगड़ा कर रहे थे
दोनों अपनी अपनी तारीफ खुद कर रहे थे
***********
दोनों ही अपने को सुपर बताने की
कोशिश कर रहे थे"
***********
एक ने एनसीआरटी और दूसरे ने मजदूरी
की ऐसा सुन रहे थे"
***********
दोनों ही खुद को बेहतर बताने की
कोशिश कर रहे थे"
***********
तभी कोई बीच में आया,उसने दोनों से
एक सवाल पूछ लिया?
***********
माना तुम एनसीआरटी की किताब
लिखते हो और तुम मज़दूर हो"
***********
बताओ मुझे सिर्फ इतना कि तुम में से
कौन जिम्मेदारियों से परिपूर्ण हो"
***********
यह सुनते ही मजदूर ने हाथ उठाया बहुत
खुश हुआ और मुस्कुराया"
***********
मज़दूर बोला मै तो एनसीआरटी से भी
ऊपर डिग्री आज पाया"
***********
एनसीआरटी वाले का मुंह उतर गया और
थोड़ा सरमाया मैं तो हमेशा जिम्मेदारियों
से भागता हुआ आया"
***********
बस हो गया फैसला कौन इंटेलिजेंट और
कौन बुद्धू कहलाया"
***********
एक मजदूर ने अपनी जिम्मेदारियों से पूरे
एनसीआरटी को जो था हिलाया!!
(लेखिका गाजियाबाद से है)

## नए मेडिकल कॉलेज शुरू करने में आ रही समस्याओं को करें दूर- मुख्य सचिव

# राजस्थान में 15 नए मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित, जल्द होंगे शुरू



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** राज्य में नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के रास्ते में आ रही बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने दिए हैं। आर्य बुधवार को शासन सचिवालय में अंतर्विभागीय एम्पावर्ड कमेटी की दूसरी बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि देश में कुल 75 नए मेडिकल कॉलेजों में से 15 अकेले राजस्थान में प्रस्तावित किए गए हैं। इसे सुनहरा अवसर बताते हुए उन्होंने सभी संबंधित विभागों और जिला कलक्टरों से भूमि आवंटन और निर्माण के रास्ते में आ रही अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि इनका निर्माण इस तरह किया जाए कि ये भविष्य की जरूरतों को भी पूरा कर सकें।

### बूंदी, दौसा में भी होगा मेडिकल कॉलेज

**मुख्य** सचिव ने बूंदी जिले में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के नक्शे में परिवर्तन और दौसा जिले में बनने वाले मेडिकल कॉलेज की एप्रोच रोड के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव वैभव गालरिया ने प्रस्तावित मेडिकल कॉलेजों की प्रगति का प्रजेंटेशन दिया। गालरिया ने बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों की निविदा प्रर्ि या जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव एवं सचिव और चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त शवांगी स्वर्णकार सहित संबंधित जिला कलक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए।











ANCHOR

## मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

# शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को 1176 करोड़ का अतिरिक्त बजट

### ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए 520 करोड़, रिप्स को मिले 471 करोड़

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए करीब 1176 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत फ्लैक्सी पूल में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियों के लिए 520 करोड़ 37 लाख रु. के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने के साथ ही सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिल सकेगा। गहलोत ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं निवेश प्रोत्साहन के लिए संचालित की गई योजना रिप्स के तहत



लंबित दावों के निस्तारण के लिए करीब 471 करोड़ के अतिरिक्त प्रावधान की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से उद्यमियों को निवेश प्रोत्साहन के तहत मिलने वाली विभिन्न राहतों का लाभ मिल सकेगा।

### निजी स्कूलों के लिए 166 करोड़

सीएम ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों को पुनर्भरण करने के लिए 166 करोड़ 36 लाख रु. के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है। इससे बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा मिल सकेगी।

### विशेष योग्यजन पेंशन के लिए 18 करोड़ ज्यादा का प्रावधान

**सीएम** ने सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन पेंशन योजना के लिए भी 18 करोड़ 52 लाख रूपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान की स्वीकृति दी है। इससे विशेष योग्यजन को समय पर पेंशन मिल सकेगी।

### फुलेरा में 42.65 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा रेलवे ओवरब्रिज

**जयपुर** जिले के फुलेरा कस्बे में रेलवे क्रॉसिंग पर बहुप्रतीक्षित ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। मुख्यमंत्री गहलोत ने इस ओवरब्रिज के निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी है। गहलोत ने इस प्रोजेक्ट के लिए राजस्थान परिवहन आधारभूत विकास निधि से राज्य द्वारा देय हिस्सा राशि की 10 प्रतिशत राशि के रूप में 2.13 करोड़ जारी करने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार फुलेरा में रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की निर्माण लागत 42.647 करोड़ रु. है, जिसमें से 50 प्रतिशत राशि रेलवे द्वारा तथा 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा आरटीआईडीएफ से वहन किया जाना है।





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

### बुधवार, फरवरी 17/02/2021

**सूर्योदय :** 07:05 **सूर्यास्त :** 18:16
**चन्द्रोदय :** 10:20 **चन्द्रास्त :** 23:21
**शक सम्वत :** 1942 सरवरी **अमान्ता महीना :** माघ **पूर्णिमांत :** माघ **सूर्य राशि :** कुम्भ **चन्द्र राशि :** मेष **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** षष्ठी, 32:18 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1942 शर्वरी चन्द्रमास **विक्रम सम्वत :** 2077 प्रमादी **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी **द्रिक ऋतु :** शिशिर **वैदिक ऋतु :** शिशिर **द्रिक अयन :** उत्तरायण **वैदिक अयन :** उत्तरायण

### नक्षत्र, योग तथा करण

**नक्षत्र :** अश्विनी, 23:50 तक
**योग :** शुक्ला, 26:29 तक
**प्रथम करण :** कौवाला, 19:02 तक
**द्वितिय करण :** तैतिल, 32:18 तक

### शुभ समय

**ब्रह्म मुहूर्त :** 05:19 ए एम, फरवरी 18 से
**प्रातः सन्ध्या :** 05:45 ए एम, फरवरी 18 से
**विजय मुहूर्त :** 02:34 पी एम से
**गोधूलि मुहूर्त :** 06:09 पी एम से
**सायाह्न सन्ध्या :** 06:20 पी एम से
**अमृत काल :** 03:45 पी एम से
**निशिता मुहूर्त :** 12:15 ए एम, फरवरी 18 से
**रवि योग :** 07:02 ए एम से

### दिन का चौघड़िया

**लाभ :** 07:04 - 08:28
**अमृत :** 08:28 - 09:52
**काल काल वेला :** 09:52 - 11:16
**शुभ :** 11:16 - 12:40
**रोग वार वेला :** 12:40 - 14:04
**उद्वेग :** 14:04 - 15:28
**चार :** 15:28 - 16:51
**लाभ :** 16:51 - 18:15

### रात का चौघड़िया

उद्वेग : 18:15 - 19:51
शुभ : 19:51 - 21:27
अमृत : 21:27 - 23:03
चार : 23:03 - 24:39
रोग : 24:39 - 26:15
काल : 26:15 - 27:51
लाभ : 27:51 - 29:27
उद्वेग : 29:27 - 31:04

### निवास और शूल

| | |
|---|---|
| दिशा शूल | : उत्तर में |
| राहु काल वास | : दक्षिण-पश्चिम में |
| अग्निवास | : पृथ्वी |
| चन्द्र वास | : पूर्व में |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज षष्ठी तिथि को करें कौन सा कार्य

षष्ठी : यात्रा, पितृ कर्म, मंगल कार्य, संग्राम, शिल्प, वास्तु, भूषण के लिए शुभ है।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## सम्पादकीय

# टीके का यकीन

दुनिया में कोरोना टीके के प्रति बढ़ता विश्वास सुखद और स्वागतयोग्य है। बाजार-अनुसंधान कंपनी यूगोव के साथ मिलकर इंपीरियल कॉलेज, लंदन ने एक उपयोगी सर्वेक्षण किया है, जिसके नतीजे कोरोना टीके की पैरोकारी कर रहे हैं। दुनिया के अनेक इलाकों में टीके के प्रति समर्थन पिछले महीनों में बढ़ा है। इंपीरियल कॉलेज, लंदन की व्यवहार वैज्ञानिक सारा जोन्स कहती हैं, 'पहली बार जब महामारी शुरू हुई, तब से मैं समझ सकती हूं कि वैक्सीन के प्रति आशावाद कोरोना वायरस की तुलना में अधिक तेजी से फैल रहा है।' यह सर्वेक्षण दुनिया के 15 देशों में नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच चला है। यूरोप, एशिया व ऑस्ट्रेलिया में लगभग 13,500 लोगों ने इसमें अपना मत जाहिर किया है। नवंबर में जब कुछ देशों में वैक्सीन को मंजूरी मिलने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब सिर्फ 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा था कि उन्हें सप्ताह भर के अंदर कोविड का टीका दिया जाए, तो वे जरूर लेंगे। आधे से ज्यादा लोग टीके के साइड इफेक्ट को लेकर चिंतित थे। दुनिया के अनेक देशों में टीकाकरण अभियान जब आगे बढ़ा, तब जनवरी में आधे से अधिक उत्तरदाता वैक्सीन लेने के लिए तैयार नजर आए। जिन लोगों ने नवंबर में यह कहा था कि वे टीके के दुष्प्रभावों के बारे में चिंतित हैं, उनका अनुपात घटकर अब 47 प्रतिशत हो गया। सर्वेक्षण का यह इशारा है कि ब्रिटेन एक ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक 78 प्रतिशत लोग टीका लेना चाहते हैं। कुछ देशों में टीका लेने के इच्छुक लोगों की संख्या में बहुत वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, स्पेन में टीका लेने के इच्छुक उत्तरदाताओं का अनुपात नवंबर 2020 में 28 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी मध्य तक 52 प्रतिशत हो गया है। यद्यपि वैश्विक स्तर पर स्थिति तेजी से सकारात्मक होती दिख रही है, लेकिन कुछ विकसित देशों के परिणाम चिंता भी जगाते हैं। विकसित देश फ्रांस में 44 प्रतिशत लोग अभी भी टीके के लिए तैयार नहीं हैं। यही नहीं, तकनीक के मामले में मिसाल जापान के लोगों से जब पूछा गया कि वे टीके पर कितना भरोसा करते हैं, तब जापान में 66 प्रतिशत उत्तरदाताओं का जवाब था कि वे थोड़ा या बिल्कुल भरोसा नहीं करते। खैर, टीके पर अविश्वास का अपना एक इतिहास रहा है, जो कहीं न कहीं कोरोना के मामले में भी आड़े आ रहा है। बेशक, दुनिया के अनेक ऐसे हिस्से होंगे, जहां कोरोना संक्रमण खतरनाक या चिंताजनक स्तर तक नहीं पहुंचा होगा, वहां वाकई टीकाकरण में मुश्किल आएगी। जाहिर है, यह सर्वेक्षण मात्र एक इशारा है। इसे पूरी दुनिया के लिए पर्याप्त नहीं माना जा सकता। निम्न और मध्यम आय वर्ग वाले देशों में आने वाले दिनों में सर्वेक्षण करना चाहिए। महज चंद विकसित देशों के आंकड़ों से पूरा परिदृश्य स्पष्ट नहीं हो सकता। अभी कोरोना टीके का पूरा प्रभाव सामने नहीं आया है, जब उसकी सफलता के आंकड़े आगामी महीनों में आने लगेंगे, तब टीका लेने के लिए तैयार लोगों की संख्या भी बढ़ेगी। जो टीके बने हैं, उनमें भी गुणवत्ता वृद्धि की गति बनी रहनी चाहिए। भारत जैसे देश में भी कोरोना टीके के नतीजे का सामने आना जरूरी है। भारत अब टीके की दूसरी खुराक के दौर में पहुंच गया है। दूसरी खुराक के बाद के आंकड़ों को सामने रखा जाना चाहिए, तभी टीके का वास्तविक असर और भविष्य का पता चलेगा।

**राष्ट्र हित में सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए साइबर वॉलंटियर्स तैयार करने की तैयारी केंद्र सरकार कर रही है। सरकार ने विस्तार से इसकी जरूरत के बारे में बताया है, लेकिन साइबर कानून और निजता के अधिकारों के क्षेत्र में काम कर रहे कार्यकर्ताओं ने इस पर गहरी चिंता और आशंकाएँ जताई हैं।**

# विचारों पर निगरानी रखने की एक और कोशिश

**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार



**पहला सवाल तो यही है कि सोशल मीडिया की कोई पोस्ट देश विरोधी है या नहीं, इसका निर्णय साइबर वॉलंटियर्स कैसे कर सकते हैं। यह काम तो देश की अदालतों का है। जाहिर है कि यह एक ऐसा पेचीदा मामला है, जिस पर निर्णय करने का अधिकार कुछ लोगों के हाथों में नहीं सौंपा जा सकता है।**

केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में परीक्षण के तौर पर साइबर वॉलंटियर्स भर्ती करने की एक योजना शुरू की है। शुरुआती तौर पर जैसे संकेत मिल रहे हैं, उनसे पता चलता है कि ये साबइर वॉलंटियर्स दरअसल आपकी और हमारी सोशल मीडिया गतिविधियों पर करीब से निगरानी रखेंगे और 'राष्ट्र हित' में सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। सरकार का कहना है कि अभी यह प्रोग्राम परीक्षण के तौर पर जम्मू-कश्मीर में शुरू किया गया है, वहाँ मिलने वाली रिपोर्ट के बाद उसके आधार पर ही इस प्रोग्राम पर आगे काम किया जाएगा। आने वाले समय में जाहिर है कि दूसरे राज्यों में भी साइबर वॉलंटियर्स नजर आएंगे और सरकार को राष्ट्र हित में जरूरी सलाह देंगे। हम में से ज्यादातर लोगों को शायद इसमें कुछ भी अजीब नजर नहीं आए, और कुछ लोग यह तर्क भी दे सकते हैं कि यह साइबर क्राइम रोकने की दिशा में उठाया गया सरकार का एक और कदम है। लेकिन गहराई से इस योजना का अध्ययन करें, तो यह सीधे-सीधे आपकी और हमारी निजता के दायरे का उल्लंघन करते हुए सोशल मीडिया संबंधी हमारी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की तैयारी नजर आती है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की योजना के मुताबिक साइबर वॉलंटियर इंटरनेट पर मौजूद 'गैर-कानूनी और राष्ट्र विरोधी' कंटेंट की पहचान करने, उसे रिपोर्ट करने और उसे साइबर नेटवर्क से हटाने में एजेंसियों की मदद करेंगे। ये साइबर वॉलंटियर्स ऐसी किसी भी सामग्री को रिपोर्ट कर सकते हैं, जो उनके हिसाब से देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ हो, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के खिलाफ हो, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था के बिगाड़ने की आशंका हो या जिससे सांप्रदायिक सद्भाव के लिए खतरा हो। ऊपरी तौर पर देखने में इसमें कुछ भी गलत नजर नहीं आता। हम सभी चाहते हैं कि देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और न ही देश में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की अनुमति मिलनी चाहिए। लेकिन क्या सब कुछ इतना सीधा-सरल है?



आपकी और हमारी निजता के अधिकार की रक्षा के लिए लगातार लड़ाई लड़ने वाले कार्यकर्ताओं ने इस योजना को लेकर गहरी चिंता और आशंकाएँ जताई हैं। सबसे पहला सवाल तो यही है कि सोशल मीडिया की कोई पोस्ट देश विरोधी है या नहीं, इसका निर्णय साइबर वॉलंटियर्स कैसे कर सकते हैं। यह काम तो देश की अदालतों का है और पहले भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब पुलिस ने किसी शख्स को उसकी कथित राष्ट्र विरोधी पोस्ट के लिए हिरासत में डाला और फिर अदालत ने उसे बाइज्जत बरी कर दिया। जाहिर है कि यह एक ऐसा पेचीदा मामला है, जिस पर निर्णय करने का अधिकार कुछ लोगों के हाथों में नहीं सौंपा जा सकता है। हाल के दौर में हमने देखा है कि ट्विटर पर लिखे गए कुछ शब्दों के कारण प्रतिष्ठित मीडिया कर्मियों के खिलाफ राजद्रोह के मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले महीने गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों की ट्रैक्टर परेड और उस दौरान हुई हिंसा की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की घटनाओं को याद कर लीजिए। एक प्रदर्शनकारी की मौत से जुड़ी घटना की रिपोर्टिंग करने, घटनाक्रम की जानकारी अपने निजी सोशल मीडिया हैंडल पर तथा अपने प्रकाशनों पर देने पर पत्रकारों को खास तौर पर निशाना बनाया गया और कुछ पत्रकारों के खिलाफ देशद्रोह का आरोप भी लगाया गया।

जाहिर है कि वैचारिक पूर्वाग्रहों के कारण उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। ऐसे समय में जबकि देशभर का मीडिया सरकार की मंशा को ही असली पत्रकारिता समझ रहा है, वहां कुछ लोग अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से लोगों के सामने सच्चाई रखने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में वे कभी भी किसी साइबर वॉलंटियर के निशाने पर आ सकते हैं। पिछले कुछ सालों से सरकार की कोशिश जारी है कि वो सोशल मीडिया की निगरानी करने के लिए एक मैकेनिज्म विकसित करे। ये वॉलंटियर वाला जो सिस्टम है, वह इसी दिशा में उठाया गया एक और कदम नजर आता है।

संविधान का अनुच्छेद 19 (2) सरकार को यह अधिकार देता है कि वह कानून के मुताबिक तर्कसंगत वजहों के आधार पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा सकती है। सरकार सोशल मीडिया पर पूरी तरह से बिना सोचे-समझे और भड़काऊ पोस्ट पर लगाम लगाने के लिए अनुच्छेद 19 (2) द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग कर सकती है। लेकिन आखिर यह कौन तय करेगा कि कौन-सी सोशल मीडिया पोस्ट राष्ट्र हित के खिलाफ है।

हम सब इस बात से पूरी तरह सहमत ही होंगे कि दो धार्मिक समुदायों के बीच नफरत का बीज बोने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। खास तौर पर फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते समय इसका जरूर ख्याल रखा जाना चाहिए। भड़काऊ पोस्ट और मैसेज सार्वजनिक सौहार्द बिगाड़ने की क्षमता रखते हैं, इसलिए इनका इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर किया जाना चाहिए। लेकिन क्या किसी भी लोकतांत्रिक देश में नागरिकों के विचारों पर कड़ी पहरेदारी की इजाजत दी जानी चाहिए?

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## साप्ताहिक राशिफल

आचार्य राजेश शास्त्री
माघ, शुक्ल, षष्ठी, 2077
बुधवार, 17 फरवरी - 23 फरवरी, 2021



**मेष** — **आर्थिक** विषयों, संतान के विषय में, प्रणय संबंधों, विद्याभ्यास के क्षेत्र में समय मध्यम रहेगा।

**वृषभ** — **सरकारी** मामलों को लेकर कोई परेशानी हो सकती है। पुत्रों के साथ मतभेद हो सकते हैं।

**मिथुन** — **परिवार** में धार्मिक काम होंगे, मांगलिक प्रसंग बनेंगे। कार्यस्थल पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी।

**कर्क** — **स्वास्थ्य** का ध्यान रखना होगा। लोन लेने के कार्यों में थोड़ा विलंब होगा। मेहमानों के आगमन की संभावना है।

**सिंह** — संतान पर खर्च करने में संयम रखे। अप्रत्याशित खर्च आपको घेर सकते है। मानसिक व्यग्रता रहेगी।

**कन्या** — **कैरियर** संबंधी निर्णय लेने में सतर्कता बरतें। शॉर्टकट से धन कमाने के लिए आप नवीन कार्य करेंगे।

**तुला** — कामकाज में अधिक मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। किए गया निवेश लाभ प्रदान करने वाला है।

**वृश्चिक** — **आकस्मिक** धन-लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं। अधीनस्थ लोगों या नौकरों से लाभ होगा।

**धनु** — **धन** की चिंता दूर होगी। आपकी आय में वृद्धि होने से पैसे की तंगी में कमी आएगी।

**मकर** — **वाहन** संबंधी कार्य सम्पन्न होंगे। पैतृक संपत्ति से संबंधित विवाद के समाधान के लिए अनुकूल समय है।

**कुंभ** — **प्रणय** संबंधी विषयों के लिए समय अनुकूल रहेगा। संतान के इच्छुक जातकों के लिए आशा भरा समय है।

**मीन** — **आपके** खूब प्रयास करने पर भी कामकाज में कोई-न-कोई अवरोध आ रहा हो ऐसा प्रतीत होगा।

# दूसरी पीढ़ी के भारतवंशियों को साथ रखना जरूरी

**भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने कारगिल घुसपैठ के समय भी पाकिस्तान को दंडित करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस व प्रशासन पर दबाव डालने के लिए रैली निकाली थी। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो उस समय भाजपा के उभरते हुए नेता थे व सुषमा स्वराज ने भारतीय अमेरिकियों को लामबंद करने के प्रयास किए थे।**

भा मौसम या अपनी जेब से प्रभावित हुए बिना वे भारतीय प्रधानमंत्रियों के पक्ष में खड़े होकर अपनी भूमिका निभाते हैं। वे भारत के पक्ष में तख्तियां लेकर खड़े होते हैं, नारे लगाते हैं, कानून बनाने वालों पर दबाव बनाते हैं और भारतीय प्रधानमंत्री के लिए 'हमारे' शब्द का उपयोग करते हैं। समग्रता में वे अभी भी ऐसे काम करते हैं, पर उतना नहीं, जितना वे पहले कभी करते थे और उनके बच्चे, तो यह काम और भी कम कर रहे हैं। अमेरिका में भारतवंशियों के बीच 2020 में किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर देखें, तो भारत सरकार को मालूम है कि अमेरिका में भारतवंशियों का मन स्थिर नहीं है। सर्वेक्षण में अमेरिका में जन्मे व पले-बढ़े भारतीय मूल के अमेरिकियों ने भारतीय राजनीति के साथ-साथ अमेरिकी राजनीति के संबंध में अपनी संवेदनाओं का इजहार किया है। सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका में जन्मी भारतवंशी पीढ़ी का भारत से कम जुड़ाव है और वह अपने माता-पिता की पीढ़ी की तुलना में अधिक अमेरिका केंद्रित है।

रिपोर्ट का यह पहलू अहम है कि भारतीय अमेरिकी भारत को कैसे देखते हैं? देवेश कपूर, मिलन वैष्णव और सुमित्रा बद्रीनाथन संकलित '2020 इंडियन-अमेरिकन एटिट्यूड्स सर्वे' के नतीजे और अधिक ध्यान आकर्षित करते हैं। दूसरी पीढ़ी के भारतीय-अमेरिकी अपने माता-पिता की तुलना में भारतीय से अधिक अमेरिकी होते हैं, और इसलिए भारत के प्रति कम सरोकार रखते हैं। अमेरिका में पैदा हुए भारतवंशियों में से एक तिहाई से कुछ अधिक 36 प्रतिशत का कहना है कि वे भारत से खूब या बेहतर जुड़ाव महसूस करते हैं। जो भारतवंशी अमेरिका में नहीं जन्मे, उनमें से 59 प्रतिशत नागरिक भारत से खूब जुड़ाव महसूस करते हैं। अमेरिका में जन्मे 25 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकियों का भारत से जुड़ाव ज्यादा नहीं या बिल्कुल नहीं है, जबकि बाहर जन्मे भारतीय-अमेरिकियों में से महज 15 प्रतिशत का ही कहना है कि उनका भारत के साथ ज्यादा या बिल्कुल जुड़ाव नहीं है। अमेरिका में जन्मे भारतीय-अमेरिकी न सिर्फ भारत से कम जुड़े हुए हैं, बल्कि उनमें 55 से 41 प्रतिशत तक खुद को उदार बताना पसंद करते हैं। वे मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में अधिक चिंतित रहते हैं। ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर भारत सरकार जूझती रही है।

भारत के लिए अमेरिकी भारतवंशियों का काफी महत्व है। इस समुदाय ने वर्ष 1998 के पोकरण परमाणु परीक्षणों के बाद भारत के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों को उठाने के लिए पैरवी की थी। अमेरिकी कांग्रेस और ह्वाइट हाउस पर दबाव बनाया था, ताकि राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध हटा लिए जाएं। अंततः राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने प्रतिबंध हटा लिए थे। भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने कारगिल घुसपैठ के समय भी पाकिस्तान को दंडित करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस व प्रशासन पर दबाव डालने के लिए रैली निकाली थी। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो उस समय भाजपा के उभरते हुए नेता थे व सुषमा स्वराज ने भारतीय अमेरिकियों को लामबंद करने के प्रयास किए थे। इस समुदाय की मदद से ही 2008 में भारत-अमेरिका परमाणु समझौता संभव हुआ। यह एक ऐसा ऐतिहासिक बदलाव था, जिसने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को हमेशा के लिए बदल दिया। वर्ष 2016 में इसी समुदाय ने ओबामा प्रशासन द्वारा पाकिस्तान को एफ-16 की बिक्री रोकने में मदद की थी। भारत ने भी समय-समय पर सर्वोच्च नागरिक सम्मानों के साथ इस समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह भारत के पास अपने बच्चों, यानी दूसरी पीढ़ी के भारतीय-अमेरिकियों तक पहुंचने का समय है, जो अब अमेरिका में प्रमुख सरकारी पदों पर आसीन हैं। भारत के लिए यह काम मुश्किल नहीं होना चाहिए। एक अध्ययन उन मुद्दों की पहचान करता है कि भारत को क्या करना चाहिए। दूसरी पीढ़ी के भारतीय-अमेरिकी, जो अमेरिका में पैदा हुए हैं, भारत की ज्यादा यात्रा नहीं करते; इसलिए उन पर 'डेस्टिनेशन इंडिया' की रणनीति काम नहीं कर सकती। पर उनमें से 51 प्रतिशत ने कहा है कि उन्होंने पिछले महीनों में भारतीय फिल्में/ टीवी कार्यक्रम देखे हैं। एक खास पहलू यह है कि उनमें से 67 प्रतिशत ने विगत महीनों में भारतीय व्यंजनों का स्वाद लिया है। क्या भोजन व फिल्मों के जरिए आगे की राह मिल सकती है?

**– यशवंत राज**

# सप्ताह में सिर्फ चार दिन काम का मतलब

कामगारों के लिए काम के घंटे को लचीला बनाने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। केंद्र सरकार निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए हफ्ते में चार दिन कार्यस्थल पर जाने और शेष तीन दिन अवकाश देने संबंधी योजना पर आगे बढ़ रही है। यदि यह प्रावधान हकीकत बनता है, तो कई सुधारों के हम गवाह बन सकते हैं। वैसे भी, कामकाजी जीवन में संतुलन बनाने की वकालत इन दिनों खूब की जाती है। तीन दिन के अवकाश में कामगार अपने घर-परिवार को पूरा वक्त दे सकेगा। इससे उसकी कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। मानव विकास सूचकांक पर भी इसका असर दिखता है। हालांकि, एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि अगर कार्यस्थल पर ही कामगारों को सुकून के कुछ वक्त मुहैया करा दिए जाएं, तो मौजूदा आठ घंटे के कामकाज में भी उनकी कार्यक्षमता बढ़ाई जा सकती है।

बहरहाल, इस प्रावधान की जरूरत इसलिए भी महसूस की गई होगी कि कोविड-19 कोई आखिरी संक्रामक वैश्विक महामारी नहीं है। हर सौ साल में एक नई महामारी का हमने मुकाबला किया है। 1918-20 के स्पैनिश फ्लू ने जान-माल का काफी नुकसान किया था। ऐसे में, माना जा रहा है कि 'वर्क फ्रॉम होम' की नई संस्कृति आगे भी बरकरार रह सकती है। शायद इसीलिए साढ़े चार दिन कामकाज की वकालत की जा रही है, जिसमें कोई कामगार 10-10 घंटे के हिसाब से चार दिन कार्यस्थल पर काम करेगा और पांचवे दिन घर से अपनी यह जिम्मेदारी निभाएगा। सबसे बड़ी बात, कार्यस्थल पर 'हैप्पीनेस' बढ़ाने यानी कामकाज में तनाव घटाने को लेकर दुनिया भर की सरकारें संजीदा हैं। भूटान ने तो इस बाबत नई नीति भी बनाई है। चार दिनी कामकाज से कामगारों में हैप्पीनेस बढ़ सकती है, जिसका सकारात्मक असर सेहत पर पड़ेगा और कामकाजी तनाव से वे आसानी से पार पा सकेंगे। फिर भी, इस प्रावधान में कुछ अड़चनें हैं। मसलन, अपने यहां फैक्टरी ऐक्ट- 1948 में 48 घंटे साप्ताहिक काम की वकालत की गई है। नए श्रम कानूनों के नियमों में इस अवधारणा पर गौर करना चाहिए। इस कानून का एक प्रावधान यह भी कहता है कि कामगारों से रोजाना आठ से नौ घंटे काम लिया जा सकता है, और विशेष परिस्थिति में अल्पकालिक अवकाश यानी इंटरवल सहित इसे 10.30 घंटे तक बढ़ाया जा सकता है। अब अगर इन प्रावधानों के तहत प्रस्तावित नीति की पड़ताल करें, तो चार दिन में कामगारों को रोजाना 12-12 घंटे काम करना होगा, तभी वह साप्ताहिक 48 घंटे का काम कर सकेंगे। जाहिर है, रोजाना इतने घंटे कार्यस्थल पर गुजारना व्यावहारिक नहीं है। लिहाजा, मजदूर संघों के आग्रह पर हमें गौर करना होगा। फिर, नए कानून इसलिए बनाए जा रहे हैं, ताकि कामगारों का तनाव घटाया जाए, लेकिन 12 घंटे के काम में कर्मचारियों पर दबाव ही बढ़ेगा। इतना ही नहीं, महानगरों में कार्यस्थल तक पहुंचने में कामगारों को घंटे-दो घंटे का वक्त अतिरिक्त लगता है, लिहाजा साप्ताहिक काम के घंटे कम करने जरूरी होंगे। उसे अधिकतम 10 घंटे रोजाना किया जा सकता है। ऐसी सूरत में साढ़े चार दिन के कामकाज का प्रावधान ही उचित जान पड़ता है। दरअसल, कार्यस्थल पर हैप्पीनेस अनिवार्य है। जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, फिनलैंड जैसे देश इस पर लगातार काम कर रहे हैं। इनका मानना है कि कोई भी इंसान अपने जीवन का ज्यादातर वक्त कार्यस्थल पर गुजारता है, पर ज्यादा तनाव भी उसे यहीं मिलता है। इसलिए इस तनाव को घटाना जरूरी है। पहले और दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 12 घंटे रोजाना काम करने संबंधी अवधारणा थी, पर उस दौर में क्रांति के बीज भी कामगारों के इसी तनाव से फूटे थे। फिर, कंपनियों ने कोरोना काल में यह महसूस किया है कि कर्मचारियों को कुछ काम घर से किए जाने की छूट मिलनी चाहिए। इससे कंपनियों की लागत बचती है। मगर यह 'न्यू नॉर्मल' ऐसा होना चाहिए कि कामगारों की हैप्पीनेस प्रभावित न हो।

**नवीन कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर, बिमटेक, ग्रेटर नोएडा**

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



परमात्मा और जीवात्मा दोनों छाया और धूप की तरह परस्पर भिन्न है। जीवात्मा छाया की भांति अल्प प्रकाश अल्पज्ञ हैं और परमात्मा धूप की भांति पूर्ण प्रकाश सर्वज्ञ है। जीवात्मा में जो कुछ भी अल्पज्ञ3न है वह परमात्मा का ही है जैसे छाया में अल्प प्रकाश, पूर्ण प्रकाश धूप का ही है। जीवात्मा परमात्मा के साथ रहकर भी अज्ञान, अविद्या और माया के कारण अनन्त काल से प्रभु से बिछुड़ा है। वह संसार रूपी बीहड़ में इधर उधर सुख की खोज में भटक रहा है। तयामय भगवान ने जीव की दयनीय दशा देखकर उसे मानव शरीर रूपी सुन्दर सर्व साधन सम्पन्न रच दिया। इन्द्रय रूप बलवान घोड़े दिए, उनके मन रूपी लगाम लगाकर उसे बुद्धि रूपी सारथी के हाथों में सौंप दिया। जीवात्मा को उस रथ में बैठाकर उसका स्वामी बना दिया। यदि जीवात्मा निरंतर बुद्धि को प्रेरणा करता रहे तो परमात्मा की ओर ले जाने वाले सहज मार्ग पर चलकर शीघ्र परमात्मा के धाम में पहुंचा दिया जाए। किंतु जीवात्मा भगवद् प्राप्ति रूप अपने महान लक्ष्य को भूल गया, बुद्धि को प्रेरणा देनी बन्द कर दी, मन रूपी लगाम को इन्द्रिय रूपी दुष्ट घोड़ों की इच्छा पर छोड़ दिया, जिन्होंने इसे बलात् अनित्य भोग वासनाओं में फंसा दिया। परिणाम यह हुआ जीवात्मा संसार चक्र में डालने वाले लौकिक शब्द स्पर्श आदि विषयों में भटकने लगा और विषय विष के उपभोग में लग गया। इसलिए वह मानव शरीर से प्राप्त होने वाले परमपद को नहीं पाकर अनवरत इस संसार चक्र में ही भटकता रहता है।

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद सन



गुड़िया डॉटर सावित्री-विष्णु यादव, जयपुर

## हमे लिखे

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

**daughterwithselfy@gmail.com**

सम्पर्क करें : **9829329070, 9928022718**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-2338070

जागरूक न्यूज

## युवाओं ने दिया जागरूक संदेश, साइकिलिंग करके फैलाई अवेयरनेस

**जयपुर @ जागरूक जनता।** युवाओं ने साइकिलिंग कर जागरुकता का मेसैज दिया। कुश ने बताया कि साथियों के साथ एयरपोर्ट साइड पिंक पेडल्स की साईकल के साथ सुबह सुबह साइक्लिंग की। युवाओं में ख़ासा उत्साह देखने को मिला साथ ही साइकिलिंग रोगों से दूर व मन को ऊर्जा प्रदान करता है, साथ ही शरीर फिट रहता हैं। युवाओं ने बताया कि व अब साथियों के साथ हर हफ्ते साइकिलिंग के साथ जागरूकता फेलायेंगे जिससे युवाओं समाज में अच्छा मेसैज जाएगा। जिस तरह आज देश में पश्चिमी सभ्यता की और जा रहा वहीं कुछ युवा जागरुकता का संदेश दे रहें है। कुछ लोगों को व्यक्तिगत बाधाओं को तोड़ने की जरूरत है, जबकि कई लोग ऐसे भी हैं जिन्?हें खुले में साथ समय बिताने की जरूरत है,ऐसे में युवाओं को मजूबत होना पड़ेगा साथ ही पढ़ाई के साथ सामजिक कार्यो के दायरे में रहते है। क्योंकि राष्ट्र का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है ऐसे में देश के युवाओं को मिलकर साथ चलना पड़ेगा। इस अबसर पर विक्टोरिया कल्याण,विभा,ध्वनी, रमन, कुश, कुलदीप, ऐश्वर्य, भुवि आदि मौजूद रहें।

## तीन दिवसीय बसंत पंचमी महोत्सव शुरू



**कपासन @ जागरूक जनता।** महर्षि च्यवन गौड़ ब्राह्मण (बारेगामा) समाज द्वारा तीन दिवसीय बसन्त पंचमी महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक व खेल-कूद प्रतियोगिताओं सहित भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार नगर क्षेत्र कपासन में महर्षि च्यवन गौड़ ब्राह्मण (बारेगामा) समाज द्वारा तीन दिवसीय बसंत पंचमी महोत्सव को विभिन्न धार्मिक आयोजनो एवं खेल-कूद प्रतियोगिताओं के साथ मनाया गया। जिसमें समाज द्वारा तीन दिवसीय आयोजन में नींबू रेस,चेयररेस, रंगोली, जलेबी रेस, फैंसी ड्रेस, क्रिकेट,वॉलीबाल, बैडमिंटन प्रतियोगिताओ सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनो के साथ अन्नकूट प्रसाद का भक्तों में वितरण किया गया।इधर मंगलवार दोपहर बेंड बाजो के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।शोभायात्रा बस स्टेंड पहुंचने पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष मंजूदेवी स्वर्णकार,नपा उपाध्यक्ष एजाज अली सहित नवनिर्वाचित पार्षद अशोक विजयवर्गीय, पुष्पा वैष्णव एवं भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके उपरांत शोभायात्रा उदयपुर रोड़ स्थित समाज के भवन च्यवन आश्रम पहुंचकर सम्पन्न हुई। बसन्त पंचमी महोत्सव के समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## विष्णु टाक ने 1 साल में 215 हॉफ मेराथन करके बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर के विष्णु टाक ने अपनी रनिंग के दम पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। विष्णु टाक ने साल 2020 में 215 हॉफ मेराथन करके ये कीर्तिमान रचा है। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड्स की तरफ से विष्णु टाक का नाम बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड की तरफ से विष्णु टाक को सर्टिफिकेट और मेडल देकर ये अचीवमेंट दिया, विष्णु टाक ने इससे पहले कई सम्मान अपने नाम किये है, विष्णु टाक ने जयपुर रनर तथा अल्ट्रा रनर का खिताब भी अपने नाम किया हुआ है, टाक पिछले 4 साल से रनिंग कर रहे है और अबतक लगभग एक हजार से अधिक रनिंग चैलेंज और मेराथन में हिस्सा ले चुके है साथ ही टाक कई संस्थानों के ब्रांड अम्बेसेडर भी है।



## कविता

हास्य के शब्द आज लिख नहीं पाता, कलम मेरी घबराई हैं
देख उस माँ के आंसू आंख मेरी भर आयी हैं
गजल लिखना भी चाहूं तो लिखू कैसे,हृदय बिरखता मेरा हैं
3 साल से मनोहर मेरा घर से लापता हैं...!
अब किससे पुछु की मनोहर कहा हैं....पंक्तियां पेश हैं
*************
बेटे की राह निहारती बाप की आंखों से पुछु,या मनोहर के बिना
सूने पडे माँ के आँचल से पुछु
समाज के ब? नेताओं से पुछु या पुछु इन सरकारों से....3 साल से
मनोहर मेरा घर से लापता हैं..!
*************
ज्ञापन दिए, मांगे की किसीका नहीं जवाब हैं
राजस्थान की सरकारें भी अब नींद चैन की सोई हैं
अगर होता कोई नेता का बेटा, सड़के तुम जाम करवा देते दो दिन
में नहीं मिलता तो राजस्थान बन्द करवा देते
आखिर क्यों नहीं मिल रहा मनोहर को न्याय क्योंकि ख्बस्रस्रघ्द्ध
ष्टद्मड्डह्यह्य हैं मनोहर,तो सुन ले यह गलतफहमी पालने वाले
राजपुरोहित समाज का लाल हैं मनोहर...
*************
अब उठो जागो और जगाओ देर अब नहीं करनी हैं
करना पड़े अब चाहे प्रदर्शन, CBI जांच करवानी हैं
CBI जांच करवानी हैं

- **श्रवणसिंह राजपुरोहित**, जसोल

संसद की शहरी विकास स्थाई समिति की बैठक

# राज्य सरकार स्मार्ट सिटी को लेकर गम्भीर नहीं- बोहरा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर /नई दिल्ली।** संसद की शहरी विकास स्थाई समिति की बैठक नई दिल्ली, समिति कक्ष में आयोजित हुई। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने स्मार्ट सिटी के मुद्दे् उठाये और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार स्मार्ट सिटी को लेकर गम्भीर नहीं। कछुवा चाल से स्मार्ट सिटी के कार्य को किया जायेगा तो निर्धारित समय अवधि में विकास कार्य को मूर्तरूप नहीं दिया जा सकेगा। यदि ऐसे ही कार्य करते रहे तो जनता को समय पर विकास कार्यो का लाभ नही मिल पायेगा। वर्ष 2016 में बनाई गई कार्य योजना के अनुसार कार्य होते तो अभी तक स्मार्ट सिटी के काफी कार्य हो चुके होते, लेकिन सरकार द्वारा बार-बार कार्यों में परिवर्तन करने से अभी तक मात्र 75.21 करोड के कार्य ही पूर्ण हो पाए है। जो निर्धारित बजट के 10 प्रतिशत मात्र भी नही हैं। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने पौण्ड्रिक पार्क एवं चांदपोल अनाज मण्डी से जुडे मुद्दे, सवाईमानसिंह चिकित्सालय के कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त की। सांसद बोहरा ने मालवीय नगर एवं आदर्श नगर में भूमिगत केबल बिछाने की भी प्रमुखता से मांग रखी। जिस पर समिति ने परीक्षण करवाने पर सहमति व्यक्त की। संसद की स्थाई समिति में चर्चा के बाद MOHUA और SECY. LSG, GOR के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई।

## सरकार की उपेक्षा का शिकार हो रहे आईटीआई अतिथि अनुदेशक

### नहीं मिल पा रहा संविदाकर्मी का हक

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** कहने को तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बेरोजगार युवाओं एवं संविदाकर्मियों की मांगों को लेकर कई तरह से राहत देते हुए बड़ा दिल दिखाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन प्रदेश की राजकीय आईटीआई संस्थानों में वर्षों से कार्यरत लगभग एक हजार अतिथि अनुदेशकों पर सरकार बिल्कुल भी मेहरबानी नहीं कर रही है। आलम यह है कि गहलोत की कांग्रेस सरकार आने के बाद गेस्ट फैकल्टी कार्मिकों को संविदा पर होने की एक उम्मीद जगी थी लेकिन जिस तरह से नियमित भर्ती होने पर या संस्थान अधिकारियों के भाई-भतीजावाद के चलते आईटीआई अतिथि अनुदेशकों को संस्थानों से हटाया जा रहा है, उस तरह से तो कार्मिकों की बड़ा दिल दिखाने वाली गहलोत सरकार से उम्मीदें ध्वस्त होती जा रही है।

### सरकार से नहीं मिल पाती कोई लाभ-सुविधा

**आईटीआई** अतिथि अनुदेशक को अध्यापन कार्य के लिए संस्थान द्वारा वेतन घंटों के हिसाब से भुगतान किया जाता है। इसके अलावा उन्हें कोई भी लाभ सरकार की ओर से नहीं मिल पाता है। हांलाकि कार्मिक पूरे आईटीआई समय तक अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में अगर इन्हें संविदा पर समायोजन कर दिया जाए तो सरकार की ओर से मिलने वाले लाभ-सुविधाएं भी इन्हें मिलने लगेगी।

### समायोजन हो तो सरकार पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त व्यय भार

**आईटीआई** अतिथि अनुदेशकों को वर्तमान में घंटों के हिसाब 14000 रूपये मासिक वेतन का भुगतान संस्थान की ओर से किया जाता है। ऐसे में इसी वेतन पर अतिथि अनुदेशकों को संविदा पर समायोजित किया जाए तो राज्य सरकार पर कोई भी अतिरिक्त भार भी नहीं पड़ेगा। इसके लिए अतिथि अनुदेशक कई बार ज्ञापन देने के दौरान अपनी सहमति भी जता चुके हैं।

### जनप्रतिनिधियों ने भी गहलोत को पत्र लिखकर मांग की, नहीं उठाया गया कोई कदम

**राज्य** सरकार के ही कई मंत्री, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आईटीआई अतिथि अनुदेशकों के पक्ष में ठोस कदम उठाने के लिए इच्छा भी जाहिर की लेकिन इस दिशा में अभी तक न तो सरकार ने अपनी मंशा जाहिर की और न ही ऐसा कोई ठोस कदम उठाया जिससे वर्षों से आईटीआई संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे इन अतिथि कार्मिकों को राहत मिलती हुई दिखाई दें।

## राजस्थान रॉयल अवार्ड 20 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आईबीसीसी हेल्पिंग हैंड सामाजिक संस्था के बैनर तले जवाहर कला केंद्र में रॉयल राजस्थान अवार्ड 2021 एवं कल्चरल कार्यक्रम÷ 20 फरवरी आयोजित किया जाएगा। समारोह के कुल शेखावत और शिंपी रंधावा ने बताया कि समारोह के दौरान प्रदेश की 51 प्रतिभाओं का जिन्होंने राजस्थान को ना सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर बढ़ावा देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाया है।

स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा नवाचार

# 16 हजार सरकारी स्कूलों में होंगे 'हैड गर्ल-बॉय'

### स्कूल विकास की जिम्मेदारी निभाएंगे हैड गर्ल और बॉय

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** प्रदेश के 16 हजार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की समस्याओं को संस्था प्रधान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी अब उनके प्रतिनिधियों की होगी। छात्र छात्राओं को इसके लिए प्रिंसिपल तक जाने की जरूरत नहीं होगी। स्कूल में पीटीएम हो या फिर एक्सट्रा कलिकुलर एक्टिविटी का आयोजन यह काम भी विद्यार्थियों के प्रतिनिधि करेंगे। दरअसल राज्य की सरकारी स्कूलों को अव्वल बनाने के मकसद से शिक्षा विभाग एक नवाचार करने जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश की माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में हैड बॉय व हैड गर्ल का चयन किया जाएगा।

### नोटिस बोर्ड पर चस्पा होगी जानकारी

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सौरभ स्वामी ने यह नवाचार करते हुए इस संबंध में सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हेड बॉय और हेड गर्ल को बैज आवंटित किए जाएंगे। किस स्कूल में किसे हेड बॉय और हेड गर्ल बनाया गया है, इसकी सूचना भी नोटिस बोर्ड पर चस्पा होगी। योग्यता व क्षमता के आधार पर चयनित ये हैड बॉय व गर्ल स्कूल विकास के कार्यों में नेतृत्व के साथ बाकी विद्यार्थियों की भागादारी बढ़ाएंगे। स्कूल विकास के साथ बच्चों में नेतृत्व व समन्वयता के गुणों का विकास करने के उद्देश्य से विभाग ने यह फैसला लिया है।

### 20 फरवरी तक करना होगा चयन

राजकीय माध्यमिक विद्यालय और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक प्रतिभाशाली छात्र और एक प्रतिभाशाली छात्रा को हैड बॉय और हैड गर्ल बनाया जाएगा। जो विद्यालय संचालनए अकादमिक गतिविधियों और विकास कार्य में विद्यार्थियों के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे। सभी स्कूलों में 20 फरवरी तक इनके चयन की प्रऋ या सुनिश्चित की जाएगी।

### हैड बॉय और हैड गर्ल को निभाने होंगे यह दायित्व

- विद्यार्थियों और प्रधानाचार्य के बीच की कड़ी का कार्य
- विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रधानाचार्य तक पहुंचाना
- अनुशासन संबंधी कार्य में सहभागिता करना
- बालसभा, पीटीएम, एससीएमसी की बैठकों में समन्वय का काम
- विद्यालय में होने वाले उत्सव की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी
- स्कूल में नामांकन, पौधरोपण कार्यऋ मों के साथ ही परीक्षा तैयारीमें विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करना।
- विद्यार्थियों की स्कॉलरशिप और प्रोत्साहन की योजनाओं के संबंध में जानकारी देना
- स्कूल में शिकायत पेटिका, गरिमा पेटी का संचालन करना

### इस आधार पर होगा हैड गर्ल और बॉय का चयन

- हैड गर्ल और बॉय 9वीं और 11वीं में पढ़ते हो।
- बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक
- शैक्षिक गतिविधियों में भागीदारी करने वाले
- विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ उनका व्यवहार कैसा है
- नेतृत्व क्षमता के गुण होने जरूरी।

## मोस्ट इंस्पीरेशनल रनर अवार्ड से सम्मानित हुए विष्णु



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कलानेरी आर्ट गैलेरी में आयोजित जयपुर रनर्स अवार्ड से विष्णु टाक को सम्मानित किया गया, एयु बैंक जयपुर मेराथन के इंटरनेशनल कन्वीनर नरशिन्त शर्मा ने बताया की ये अवार्ड रनिंग को लेकर जागरूकता फैलाने और प्रोहतसान देने वाले लोगो को दिया गया है, विष्णु टाक पिछले 4 साल से युथ आइकॉन बन कर लोगो को मोटीवेट कर रहे है रनिंग के लिए विष्णु टाक ने अपने ट्रेनिंग मेराथन कोच महेश द्विवेदी को धन्यवाद दिया।

**रिकॉर्ड:** सांवलिया सेठ

## भंडार की गणना में लगे 3 दिन, निकले 7.42 करोड़

### भेंटकक्ष में नकदी व सोना-चांदी भी प्राप्त

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**सांवलियाजी।** कृष्णधाम सांवलियाजी में बुधवार को खोले गए भंडार की गणना तीसरे दिन शुक्रवार को पूरी हुई। राजभोग आरती के बाद मंदिर मंडल अध्यक्ष कन्हैया दास वैष्णव एवं सदस्य भैरूलाल सोनी के सानिध्य में शेष राशि की गणना शुरू की। मंदिर मंडल के लेखा अधिकारी विकास कुमार सुरेला, प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच, रोकडिया नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, संस्थापन प्रभारी लहरी लाल धनगर, भूपेंद्र धौर्य की मौजूदगी में तीसरे दिन की गणना में भंडार से 5 लाख 43 हजार 219 रुपए निकले। पहले दिन बुधवार को 6 करोड़ 17 लाख 12 हजार 200 रुपए तथा दूसरे दिन गुरुवार को एक करोड़ 20 लाख 28 हजार 500 रुपए गणना की गई थी। तीन दिन में भंडार से 7 करोड़ 42 लाख 83 हजार 919 रुपए की प्राप्ति हो चुकी है। पिछली अमावस्या पर 4 करोड़ 54 लाख रुपए भंडार से निकले थे। भेंटकक्ष में 71 लाख 83 हजार 578 रुपए अलग से प्राप्त हुए। सोना-चांदी भी मिले। शुक्रवार को भी ओसरा पुजारी कमलेश वैष्णव ने भगवान को गंगाजल से स्नान करवाकर विशेष श्रृंगार करवाया। सांवलियाजी के भंडार से रिकॉर्ड राशि निकली है।

### तीन दिन चली भंडार से निकली राशि की गणना

- **पहले दिन:** 6 करोड़ 17 लाख 12 हजार 200 रुपए।
- **दूसरे दिन:** एक करोड़ 20 लाख 28 हजार 500 रुपए।
- **तीसरे दिन:** 5 लाख 43 हजार 219 रुपए।
- **भंडार से कुल निकले:** 7 करोड़ 42 लाख 83 हजार 919 रु।

कोरोना के खिलाफ जंग के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने किए थे तैयार

# 4 हजार की क्षमता वाले आइसोलेशन कोच फांक रहे धूल, अब फिर ट्रैक पर दौड़ेंगे कोच

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** कोरोना के खिलाफ जंग के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने लाखों की लागत से 266 आइसोलेशन कोच में तब्दील किए कई डिब्बे (कोच) अब फिर से ट्रेक पर दौड़ते नजर आएंगे। हकीकत यह है कि उक्त कोच 10 महीने तक धूल फांकते रहे, उनमें एक भी व्यक्ति क्वॉरंटीन नहीं हुआ। अब रेलवे उन डिब्बे को फिर से उन्हें सामान्य कोच में बदलने में जुट गया है। दरअसल गत वर्ष अप्रेल माह में रेलवे बोर्ड ने कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आनन-फानन में ट्रेनों के डिब्बों को आइसोलेशन कोच में तब्दील करने के आदेश 16 जोन को दिए थे। इस पर करीब 50 करोड़ रुपए खर्च हुए।





### 266 कोच तैयार किए तैयार

**उत्तर** पश्चिम रेलवे ने भी चारों मंडल में 266 कोच तैयार कर स्टेशन के समीप तैनात किए। इनकी क्षमता 4 हजार मरीजों को भर्ती करने की थी, लेकिन इसमें एक भी कोरोना मरीज को नहीं रखा गया। हालांकि 150 कोच दिल्ली सरकार को उपलब्ध कराए गए। अब वहां से भी कोच वापस आ गए।

### सीटे लगेंगी- खुलेंगे रेस्त्रा

**आइसोलेशन** कोच में रेलवे ने बाथरूम को बदला। मेडिकल स्टाफ के केबिन बनाई। कुछ सीटे हटाकर डस्टबिन रखें। तकिए-चद्दर के साथ साथ ऑक्सीजन समेत कई इंतजाम किए। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इनमें 20 साल पुराने कोच को रेस्त्रां में बदलने की तैयारी है। नए कोच को फिर से गाडियों में जोड़ा जाएगा।

### प्रति कोच एक लाख खर्च

**सामने** आया कि देश के 16 जोन में करीबन 50 करोड़ रुपए की लागत से 5200 कोच आइसोलेशन वार्ड में तब्दील किए गए थे। इनमें प्रति कोच एक लाख रुपए खर्च होना सामने आया है। जयपुर में 48, अजमेर( मदार) में 48, उदयपुर में 37, जोधपुर में 83, बीकानेर में 33, लालगढ़ (बीकानेर ) में 17 कोच तैयार किए गए।

### अफसर बोले, राज्य सरकार ने नहीं दिखाई रूचि

**रेलवे** अधिकारियों का कहना है कि कोच अप्रेल से तैयार थे, लेकिन राज्य सरकार ने कोई मांग नहीं की। उन्होंने कोई रूचि नहीं दिखाई। दिल्ली सरकार ने मांग की तो हमने भेज दिए थे।

**नवजीवन संस्थान की अनूठी पहल:** लवकुश मदर मिल्क बैंक में मार्च से मिलेगी सुविधा

# सभी जरूरतमंद शिशुओं को मिलेगा मां का दूध

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जोधपुर।** बिना कोई शुल्क चुकाए जोधपुर शहर के अस्पतालों में भर्ती जरूरतमंद शिशुओं को मां का दूध का उपलब्ध होगा। अगले माह मार्च से लवकुश मदर मिल्क बैंक का शुभारंभ चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित नवजीवन संस्थान परिसर में हो जाएगा। संस्थान के संचालक राजेन्द्र परिहार ने पत्रिका को बताया कि मां का दूध प्राप्त करने के लिए दुग्ध दान महादान अभियान चलाकर जगह-जगह कैम्प लगाकर माताओं से दूध प्राप्त किया जाएगा। संग्रहित दूध को अलग-अलग प्रकिया से गुजारने के बाद फ्रीज में सुरक्षित रखकर जोधपुर में रहने वाले बिना मां या बीमार मां के नवजात, संस्थान के शिशुओं सहित विभिन्न अस्पतालों में मां के दूध वंचित सभी शिशुओं को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### ऐसे शिशुओं को मिल सकता है नया जीवन

**समाजसेवी** उद्यमी भगवानसिंह परिहार की ओर से 1989 में स्थापित नवजीवन संस्थान प्रदेश का एकमात्र ऐसा संस्थान है। जिसमें नवजात, परित्यक्त, निराश्रित बालक/बालिकाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सेवा तीन दशकों से की जा रही है। संस्थान में झाडियों, रेलवे ट्रेक, नालों तथा चूहे व चिटियां काटे हुए नवजात सहित संस्थान के पालने में भी अज्ञात लोग छोड कर जाते है। ऐसे नवजात जो कम वजन व समय से पूर्व जन्म लेने वालों को अगर किसी मां का दूध मिल जाए तो वह शिशु के लिए अमृत है जिससे शिशु को नया जीवन दान मिल जाता है।

### ऐसी होगी मदर मिल्क बैंक की प्रक्रिया

**संस्थान** के संचालक राजेन्द्र परिहार ने बताया कि सर्वप्रथम धात्री मां को परामर्श देकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद दूध आधुनिक मशीन से बोतल में एकत्रित किया जाता है। अलग अलग जांच प्रक्रिया से दूध को गुजारने के बाद सही होने पर डीप फ्रीज में माइनस 20 डिग्री तापमान पर स्टोर कर आवश्यकतानुसार शिशु को डॉक्टर की सलाह अनुसार पिलाया जाता है। इस बैंक में वे सभी माताएं दूध दान कर सकती है जो अपने शिशु को दूध पिला रही है।

## मुंबई के डायमंड बिजनेसमैन की 17 साल की बेटी 24 को करेगी संसारिक जीवन के सुखों का त्याग

**सूरत।** मूल गुजरात की 17 साल की हेतवी राजस्थान में दीक्षा लेंगी। मूल सूरत और वर्तमान में माया नगरी मुंबई में रहने वाली हेतवी दीक्षा लेकर सांसारिक जीवन के सुखों का त्याग करेंगी। 16 फरवरी को हेतवी का सूरत में विदाई समारोह होगा। हेतवी के पिता मिलनभाई शेठ मुंबई में डायमंड बिजनेस से जुड़े हुए हैं। हेतवी राजस्थान के आहोर में दीक्षा ग्रहण करेंगी। आचार्य भगवंत जयानंद सूरी 24 फरवरी को राजस्थान के आहोर नगर में हेतवी के साथ दूसरी चार और मुमुक्षुओं को दीक्षा का मुहूर्त दिया है। हेतवी ने मात्र 8 साल की उम्र में उपधान तप किया था। गुरुकुलम में व्यवहारिक कक्षा 9वीं तक पढ़ाई की। गुरुकुलम में ही हेतवी ने तय कर लिया था कि वे माता-पिता के संसार के हिसाब से फन, फोन फ्लैट, कार जैसे सांसारिक सुखों का त्याग कर देंगी। उपधान तप करने के बाद हेतवी को आचार्य भगवंत जयानंद सूरी महाराज की शिष्या साध्वी मुक्ति प्रज्ञा के पास अध्ययन के लिए भेजा गया था। अध्ययन दौरान विहार करना, संथारा पर सो जाना चालू रखा। धीरे- धीरे प्रतिकमण, पांच प्रतिऋ मण नव स्मरण, 4 प्रकरण, कर्मग्रंथ, वितराग स्तोत्र, वैराग्य शतक तथा योगासार का अभ्यास किया। अब हेतवी दीक्षा के लिए तैयार हो गई हैं। दीक्षा को लेकर हेतवी के उत्साह के चलते माता- पिता ने दीक्षा की अनुमति दे दी।



**जयानंद सूरी ने हेतवी सहित पांच मुमुक्षुओं की दीक्षा का मुहूर्त दिया**

**वैराग्य के प्रति उत्साह के चलते माता-पिता ने दीक्षा की अनुमति दी**

## विष्णु टाक ने ऐयु बैंक मेराथन में 50 किलोमीटर अल्ट्रा रनिंग कर रचा कीर्तिमान



**जयपुर @ जयपुर।** ऐयु बैंक जयपुर मेराथन का आयोजन आज एस एम एस स्टेडियम में हुआ जिसमे अलग अलग केटेगरी में हजारो रनर्स ने हिस्सा लिया 42 किलोमीटर की केटेगरी में रजिस्टर रनर विष्णु टाक ने 50 किलोमीटर रनिंग कर नया कीर्तिमान रचा पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया की हजारो मेराथन रनर्स में 50 किलोमीटर रनिंग करने वाले विष्णु टाक अकेले रनर थे और विष्णु टाक को इस उपलब्धि के लिए पंडित सुरेश मिश्रा, योगेश मिश्रा, और मुकेश मिश्रा ने मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया विष्णु टाक का हाल ही में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में 1 साल में 215 हाफ मेराथन करने का रिकॉर्ड दर्ज हुआ है विष्णु टाक ने इस सफलता के लिए कोच महेश द्विवेदी को श्रेय दिया।

ANCHOR

जेईई मेन : एडमिट कार्ड जारी

# सेंटर पर देना होगा नॉन कोविड का सेल्फ डिक्लेरेशन

### पहले सेशन की परीक्षा 23 से 26 फरवरी तक

### आईआईटी 2021 की परीक्षा 13 भाषाओं में होगी।

### दो पारियों में देश-विदेश के 331 सेंटरों पर होगी परीक्षा, साइट से डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**कोटा।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन-2021 इस वर्ष फरवरी, मार्च, अप्रैल व मई में होगी। पहले सेशन की परीक्षाएं 23 से 26 फरवरी के बीच दो पारियों में देश-विदेश के 331 परीक्षा सेंटर पर होगी। एनटीए ने गुरुवार देर रात एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। स्टूडेंट्स जेईई मेन की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। स्टूडेंट्स को प्रवेश पत्र के लिए वेबसाइट पर दिए पोर्टल पर जाकर अपना एप्लीकेशन नंबर व जन्मतिथि के साथ लॉगिन करना होगा। स्टूडेंट्स को कोविड-19 से संबंधित एक अंडरटेकिंग देनी होगी, जिसमें कोविड लक्षण के बारे में पूछा है। इसके बाद ही एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### जेईई मेन एग्जाम के बारे में वह सबकुछ जो स्टूडेंट्स के लिए जानना जरूरी

जेईई मेन की वेबसाइट jeemain.nta.nic.in से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कठिनाई होती है तो वो 0120-6895200 पर संपर्क कर सकता है या jeemain@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकता है। अपडेट के लिए एनटीए की वेबसाइट www.nta.ac.in को देखते रहें।

### 31 एनआईटी, 25 ट्रिपलआईटी व 28 जीएफटीआई की 33655 सीटों पर प्रवेश

जेईई मेन परीक्षा के माध्यम से 31 एनआईटी, 25 ट्रिपलआईटी व 28 जीएफटीआई की 33655 सीटों पर प्रवेश मिलता है। यह परीक्षा इस वर्ष साल में चार बार होगी। यानी स्टूडेंट्स को चार अवसर मिलेंगे। फरवरी में यह परीक्षा 23 से 26 फरवरी तक होगी। जेईई मेन के स्कोर के आधार पर ही जेईई एडवांस्ड की पात्रता भी निर्धारित होती है, जो आईआईटी में एडमिशन के लिए आयोजित की जाती है।

### 90 प्रश्न आएंगे पेपर में

एनटीए की ओर से जारी नोटिफिकेशन में यह बताया है कि एनटीए ने देशभर के विभिन्न बोर्डों द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों को ध्यान में रखकर यह निर्णय किया है कि पेपर में कुल 90 प्रश्न होंगे। स्टूडेंट्स को 75 प्रश्न ही हल करने होंगे। सेक्शन- बी में विकल्प, निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

### हिंदी-अंग्रेजी समेत 13 भाषाओं में होगा पेपर

एनटीए के अनुसार नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर वर्ष 2021 में जेईई मेन की परीक्षा हिन्दी, अंग्रेजी, गुजराती के साथ, असमिया, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलगु और उर्दू में आयोजित की जाएगी। परीक्षा कुल 13 भाषाओं में होगी।

### मार्च में दोबारा आवेदन का मौका

एनटीए ने एक या एक से अधिक सेशन्स के लिए एक साथ आवेदन करने और इसके अनुसार फीस का भुगतान करने का विकल्प दिया था। अब फरवरी सेशन के परिणाम आने के बाद कुछ दिन के लिए दोबारा आवेदन का मौका दिया जाएगा। जिन स्टूडेंट्स ने अन्य सेशन के लिए आवेदन नहीं किया है वे दोबारा फॉर्म भर सकते हैं।

जागरूक न्यूज

## दिव्यांगों के बनेंगे चिकित्सा प्रमाण पत्र



**पिलानी(झुंझुनूं)@जागरूक जनता।** लोकसेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष संजय किर्तनिया की मुहिम सरकारी योजना जन-जन तक के तहत दिव्यांगो को चिकित्सा प्रमाण पत्र बनवाने हेतु दिव्यांग रथ बी.डी.के अस्पताल झुंझुनूं के लिए रवाना किया गया। रथ को लोक कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष मुरली मनोहर शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ट्रस्ट के आयुष पुरोहित ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा गोड ब्रह्मण अध्यक्ष एस.के निर्मल एवं गिरधारी पाण्डे के नेतृत्व में रथ को झुंझुनूं अस्पताल परिसर में ले जाया गया। इस मौके पर जन कल्याण संस्था पिलानी सचिव मोहदम इकबाल, बजरंग, रत्न सिंह, दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## ट्रेन ठहराव के लिए सौंपा ज्ञापन



**बगड़ ( झुंझुनू) @ जागरूक जनता।** रतन शहर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को जन संघर्ष समिति की ओर से उच्च अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि रतन शहर रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ी के ठहराव की मांग को लेकर 5 फरवरी 2020 से गांव वासि रेलवे जन सुविधा संघर्ष समिति रतन शहर की ओर से 31 दिन तक एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव हेतु संघर्ष किया गया। धरना प्रदर्शन व श्रमिक भूख हड़ताल प्रशासन दोबारा कोटा हिसार ट्रेन का 4 दिन की ट्रायल पर गाड़ी का ठहराव किया गया जिससे रेल को अच्छी आमदनी हुई । देश में करोना के कारण रेल यात्रा बंद कर दी गई अब फिर से कोटा हिसार ट्रेन चालू कर दी गई है । ट्रेन का ठहराव रतन शहर रेलवे स्टेशन पर फिर से शुरू करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों मेंजन संघर्ष समिति अध्यक्ष प्रतापराम सैनी, शाहरुख मणीयार, आबीद तंवर, नबील, शेरखान लोहार आदि लोग शामिल हैं।

## भीम आर्मी ग्रामीण टीम और डॉक्टर भीम राव अंबेडकर समिति ने मनाया रोटी डे

**झुंझुनू @जागरूक जनता।** भीम आर्मी ग्रामीण टीम तथा डॉ भीमराव अंबेडकर समिति चनाना के संयुक्त तत्वाधान में निर्माण होटल में रोटी डे मनाया गया। सुनील मार्सल ने बताया कि सभी साथियों के सहयोग से दो वक़्त की रोटी को तरशने वाले तथा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को होटल में अच्छा खाना खिला कर समाज में एक मैसेज के साथ-साथ उनके अंदर पढ़ने की इच्छा शक्ति जाग्रत करना। इस अवसर पर सुनिल मार्सल,समीर खान, योगेश, हरेंद्र, अंकित केडिया, विनोद मनिष आदि सदस्यो ने मिलकर "रोटी डे" को सेलिब्रेट किया।

## सब-सेन्टर खोलने का दिया प्रस्ताव-जाड़ावत



**चित्तौडगढ @ जागरूक जनता।** प्रवक्ता राजेश सोनी ने बताया कि एआईसीसी सदस्य व पूर्व विधायक सुरेन्द्रसिंह जाड़ावत ने चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा से भेंट कर चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों मे सब-सेन्टर खोलने का प्रस्ताव दिया। जिस पर जल्द स्वीकृति होने की बात कही। एआईसीसी सदस्य व पूर्व विधायक सुरेन्द्रसिंह जाडावत ने निम्न स्थानों पर उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव दिया। जिसमें पाल पंचायत के पाल का खेडा, अभयपुर पंचायत क्षेत्र के मायरा, गिलुण्ड पंचायत क्षेत्र के भाटीयों का खेडा, जालमपुरा पंचायत क्षेत्र के बिलोदा, उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव दिया। साथ ही नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदपुरा व सेमलपुरा में खोले जाने का भी प्रस्ताव दिया गया।

## हेल्पिंग पीपल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर 21 को

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** हेल्पिंग पीपल ट्रस्ट (उम्मीद की एक किरण) द्वारा 21 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उम्मेद अस्तपाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। हेल्पिंग पीपल ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पोहानी ने बताया कि 21 फरवरी को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर रक्तदान करे ताकि लोगो की जान बचाई जा सके, पोहानी ने आगे बताया कि स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है, रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमी नही आती है, बल्कि नया खून बनने से शरीर मे नई ऊर्जा बनती है।

## सुनील भाकियूज के बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**कनीना @ जागरूक जनता।** भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष विवेक भैरो ने महेंद्रगढ़ जिले के गांव बाघोत निवासी सुनील अत्री जो हाल में ही भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के जिला अध्यक्ष थे उनको प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद सुनील अत्री ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अथक प्रयास करूंगा। सुनील अत्री पिछले 3 वर्षों से सामाजिक गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। गांव में खाली जगह पर पौधारोपण करके प्रकृति को हरा-भरा करने का भी कार्य कर रहे हैं।

## डॉ. खटीक ने संभाला प्राचार्य का पद



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** श्री सांवलियाजी राजकीय महाविद्यालय, मण्डफिया, में डॉ श्रवण लाल खटीक ने पदोन्नत होकर प्राचार्य पद पर बीते दिनों कार्यभार संभाला। डॉ एस. एल. खटीक ने इसी महाविद्यालय में विगत 23 वर्षों से अर्थशास्त्र विषय मे सह आचार्य पद पर कार्यरत है। आप एक कुशल प्रशासक और शिक्षक के रूप में महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दी। डॉ. खटीक के प्राचार्य पद पर सुशोभित होने के अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियो ने उनका भव्य स्वागत किया। पी. एल. दशोरा, टीकम चंद मीना , डॉ. महादेव सिंह, डॉ. हेमंत कडूनिया, डॉ. मीनाक्षी माहुर, संत कुमार मीणा, राजकुमार झाकल, भवानी शंकर कुमावत तथा शंभूलाल पंवार ने इस अवसर पर नव नियुक्त प्राचार्य को फूल, मालाओ व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

## एडवेंचर केम्प से लौटे रेंजर्स



**कपासन @ जागरूक जनता।** रोवर लीडर डॉ. ओ. पी. सुखवाल ने बताया कि दिनांक 11 से 15 फरवरी 2021 तक बीकानेर मंडल मुख्यालय पर आयोजित स्काउट गाइड के एडवेंचर केम्प से रेंजर सुन्दर बुनकर एवं दिव्या शर्मा के लौटने पर महाविद्यालय प्रबन्ध निदेषक डॉ. वसीम खान, निदेशिका नीमा खान, अकादमिक निदेषक षिवनारायण शर्मा एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अफसार अली ने स्वागत व अभिनंदन किया। चित्तौडगढ का प्रतिनिधित्व करने वाली आर. एन. टी. की रेंजर ने तीर कमान, फायरिंग, पेराशुटिंग, हॉर्स राइडिंग, वॉल क्लाइम्बिंग, मंकी ब्रिज, क्रॉलिंग आदि में साहसिक प्रदर्षन कर गौरान्वित किया।

## गणेशाराम सुण्डा टाईगर संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर नियुक्त

**निम्बाहेडा @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक टाईगर संस्थान के संस्थापक एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल आर. एल. खीची के आकस्मिक निधन के पश्चात आवश्यक कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन कार्यालय खुनखुना मे किया गया। जिसमे स्व. खीची साहब के चित्र पर सभी उपस्थित संस्थान के पदाधिकारीयों द्वारा पुष्पांजली अर्पितकर श्रद्धाजंली दी गई। साथ मे पुलवामा हमले मे हुए शहीद सैनिको को भी श्रंद्धाजली देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। टाइगर संस्थान के राष्ट्रीय प्रवक्ता खुर्शीद ऐजाजी ने बताया कि संस्थान के राष्ट्रीय मुख्य प्रशासक आर. डी. शर्मा की अध्यक्षता मे बैठक संचालित की गई जिसमे सर्वसहमति से गणेशाराम सुण्डा को इस सस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। सुण्डा पूर्व में भी गौरव सैनानी पद पर रहे चुके है। साथ ही कुच्छ समय राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर भी कार्यरत रहे है। सुण्डा इस संस्थान को कई वर्षों से सेवाए दे रहे है एंव स्व. खीची के विश्वसनीय एंव निकटतम सहयोगी भी है एंव समाज सेवा मे अग्रणी है। बैठक में आर.डी.शर्मा राष्ट्रीय मुख्य प्रशासक, ओ.पी.साखला राष्ट्रीय सचिव, भवर लाल सरपच भदलिया, बसन्त कुमार खीची, भवरपुरी सेकेटरी, असलम खान शेरानी, सलीम खान देशवाली एंव संस्थान के अल्पसंख्यक सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मासूम अली अन्य पदाधिकारी एंव सदस्यगण उपस्थित रहे।

# गुलाब सागर की दुर्गंध से राहगीर परेशान

सुनील कुमार @ जागरूक जनता
jagrukjanta.net/.com





**कपासन।** नगर के मध्य एवं मुख्य मार्ग पर स्थित गुलाब सागर जलाशय में जमा गंदगी से उत्पन्न हो रही दुर्गन्ध से आवागमन करने वालो सहित इर्द-गिर्द निवासरत लोगो को गौर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिसका निराकरण नही होने से आमजन में रोष व्याप्त है। जानकारी अनुसार नगर पालिका क्षेत्र कपासन के मुख्य मार्ग व नगर के मध्य स्थित गुलाब सागर जलाशय में लम्बे समय से व्याप्त गन्दगी के अम्बार होने से दुर्गंध अपने चरम पर है।गन्दगी से उत्पन्न दुर्गन्ध युक्त हवा से यहां इर्द-गिर्द निवासरत लोगो तथा मुख्य मार्ग होने से आवागमन करने वाले ग्रामीणों व राहगीरों का यहां से गुजरने के दौरान स्वांस लेना भी दुश्वार हो गया है।जिसकी सुध लेकर महामारीकाल में आमजन को राहत प्रदान करने का प्रयास किसी भी स्तर पर नही होने से आमजन में रोष व्याप्त है।

गौरतलब है कि उक्त मार्ग पर ही विभिन्न राजकीय विभाग एवं शैक्षणिक संस्थाऐं स्थित होने से कार्मिकों व विद्यार्थियों का आना-जाना बना रहता है।जिससे सभी को उक्त दुर्गन्ध से परेशान होकर आवागमन करना पड़ रहा है।विगत दिनों नगर पालिका प्रशासन द्वारा उक्त जलाशय की साफ-सफाई करने का कार्य किया गया।परन्तु आमजन में यह प्रयास भी मात्र औपचारिकता अथवा इतिश्री बनकर रह गया।उक्त जलाशय के सडांध व दुर्गन्ध युक्त होने से यहां निवासरत तथा प्रतिष्ठानों में बैठे लोगों को हर समय उक्त वातावरण से गुजरना पड़ रहा है। उक्त हालातो से जलाशय के आस-पास एवं समीपवर्ती वातावरण में भी मच्छरों एवं मौसमी बीमारियों से ग्रषित होने का भय हर समय बना रहता है।

## चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर पशुबली चिंताजनक- नितेश सेठिया



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**चितौड़गढ़।** महावीर चेतना मंच के प्रान्तीय युवा अध्यक्ष सीए नितेश सेठिया व प्रान्तीय महामंत्री ज्ञान सागर जैन ने चितौड़गढ़ दुर्ग पर विशेष कर शनिवार व रविवार को कालिकामाता मन्दिर के समीप हो रही पशुबली पर चिन्ता जताते हुए प्रशासन से तत्काल प्रभाव से दोषियो के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। समग्र जैन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा हाल ही ज्ञापन देने के पश्चात भी दुबारा रविवार प्रातः पशुबली की जानकारी समाजसेवी कोमल पोखरना से मिलने पर मंच संरक्षक डॉ. आई.एम. सेठिया द्वारा पुलिस अधिकारियों को फोन कर तत्काल कार्यवाही के लिए सूचित करने पर पुलिस दल तो पहुँचा लेकिन दोषियो को बिना पूछताछ के छोडा जाना उचित प्रतीत नही होता। मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष राजेश मूथा, पुर्व अध्यक्ष अशोक श्री श्रीमाल, नरेन्द्र चोरडिया व सुरेश डांगी राज्य युवा अध्यक्ष सीए नितेश सेठिया सहित दुर्ग पर प्रातः कालीन भ्रमण करने वाले लोकेष पोखरना, कमलेश मेहता, श्याम भण्डारी, सुनील जागेटिया, पंकज ईनाणी ने प्रशासन से जैन समाज की भावनाओं को समझने व चोट नही पहुचाने की अपील की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पशुबली के फोटो भी प्रशासन को उपलब्ध कराये है। मौका स्थल पर पडी जीप के नम्बर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर दोषियों को सजा मिले ताकि भविष्य में दुर्ग पर इस अपवित्र कार्य को रोका जा सके। महावीर चेतना मंच के प्रान्तीय युवा अध्यक्ष सीए नितेष सेठिया ने दुर्ग के पाडनपोल, रामपोल, कालीका माता व कीर्ती स्तम्भ पर स्थित सुरक्षा कर्मियों को भी पांबद करने व नियमित पुलिस गश्त की अपील की है।

## जागरूकता से लाई जा सकती है दुर्घटना में कमी- भंवर लाल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com



**बगड़।** बगड़ में पुलिस वृताधिकारी झुंझुनू ग्रामीण भंवर लाल ने श्री स्वरूप सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगड़ में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है लायंस क्लब झुंझुनू, पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग, टीकेएन फायर एंड सेफ्टी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे 1 माह के सड़क सुरक्षा जागरूकता महा अभियान के अंतर्गतआयोजित कार्यक्रम में भंवर लाल ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉक्टर मुकेश एस मूंड ने कहा कि दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चोपहिया वाहन चालकों को हमेशा सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। थानाधिकारी बगड़ श्रवण कुमार ने बच्चों द्वारा सड़क पर रिफ्लेक्टर लगवाए व यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संयोजक लायन सुभाष प्रजापत, प्रायोजक टीकेएन फायर सेफ्टी के निदेशक लायन मनोज सिंह, लायन राजेंद्र कुमावत, लायन ओमप्रकाश जांगिड़, सहित अन्य गणमान्य जन, स्टाफ सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक मनोज बागोरिया ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। तथा विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों व अध्यापकों द्वारा सुरक्षा नियमों की पालना करने आश्वासन दिया कार्यक्रम के अंत में क्लब अध्यक्ष द्वारा सभी बच्चों को यातायात नियमों का पालना करने के लिए शपथ दिलवाई गई।

स्कूली बच्चों ने प्रशासन के साथ मिलकर वाहनों के रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाए।बगड पुलिस ने पुलिस थाना के सामने राहगीरों को हेलमेट लगाने व सीट बेल्ट के उपयोग करने की समझाइश की। व यातायात संबंधित जानकारियां दी। सड़क सुरक्षा जागरूकता महा अभियान रथ को पुलिस वृताधिकारी भंवर लाल ने बगड़ थाने से हरी झंडी दिखाकर बगड में लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारियों से अवगत कराने के लिए रवाना किया।

## 17 आवासीय भवन निर्माणों को दी स्वीकृति



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**सिरोही।** नगरपरिषद कार्यालय में भवन निर्माण समिति की बैठक समिति अध्यक्ष जितेन्द्र ऐरन की अध्यक्षता एवं आयुक्त राहुल जैन, (आईएएस) की उपस्थित में आयोजित हुई। जिसमें नगर परिषद् क्षेत्र में भवन निर्माण समिति द्वाराकुल 18 पत्रावलियों में स्वीकृति दी गई जिसमें 17 आवासीय एवं 1 व्यवसायिक पत्रावलीयों में भवन निर्माण की स्वीकृति दिये जाने का निर्णय लिया गया। पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार स्वच्छता निरिक्षण को शहर में बिना ईजाजत हो रहे कार्यो व आवासीय के विपरीत वाणिज्यिक निर्माण कर रहे व्यक्तियों को नोटिस देकर कार्यवाही करने के निर्देश के तहत कुल 12 व्यक्तियों को बिना ईजाजत भवन निर्माण, 3व्यक्तियों को आवासीय स्वीकृति के विरूद्ध व्यवसायिक निर्माण करने से नोटिस जारी किए गए। निर्धारित समयावधि में प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर अनाधिकृत निर्माणकर्ता के विरूद्ध नगर परिषद् द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। बैठक में राजस्व अधि. सुरेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता भरत राजपुरोहित, सफाई निरीक्षक महावीर कुमार, अनु. सफाई निरीक्षक प्रवीण कुमार माली एवं समिति सदस्यगण विक्रम सिंह, पिंकी रावल, हंजादेवी, बालिका देवी, अनिल संगरवशी, ज्योति तोलानी सहित क. सहायक मो. असलम उपस्थित रहें।

## सभापति ने किया कीर खेडा भोई खेडा मार्ग पर बनने वाली सडक का निरीक्षण



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**चित्तौड़गढ़।** नगर परिषद चितौडगढ द्वारा कीर खेडा, भोई खेडा एवं संगम मार्ग पर बसी कोलोनीवासियो को सीधे शहर से मिलाने वाली सडक पर कूकडा रिर्सोट से हजारेष्वर काजवे तक बन रही सडक का सभापति संदीप शर्मा ने मौका निरीक्षण किया।

आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि, नगर परिषद द्वारा कीर खेडा, भोई खेडा एवं संगम मार्ग पर बसी कोलोनीवासियो की सुविधाओ को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग पर क्षतिग्रस्त हो चुकी सडक के नवीनीकरण कार्य का सभापति संदीप शर्मा ने मौका निरीक्षण कर अधिकारियो को आवष्यक दिषा-निर्देष दिये। यह सडक लगभग 15 लाख रू. की लागत से बनाई जा ही है। इस सडक के नवीनीकरण हो जाने से कीर खेडा, भोई खेडा एवं संगम मार्ग पर बसी कोलोनी के आमजन को सीधे मुख्य सब्जी मण्डी एवं पुराने शहर मे जाने हेतु एक सुलभ आवागमन का विकल्प उपलब्ध हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि, संगम मार्ग पर कूकडा रेजीडेन्सी एवं कीर खेडा भोई खेडा से आने वाली मार्ग जो हजारेष्वर काजवे होते हुए पुराने शहर को जोडता है, यह मार्ग अत्यधिक खराब होकर इस पर आवागमन मे काफी परेषानी हो रही थी, इसको लेकर उक्त क्षैत्र के पार्षदगणो द्वारा ध्यान आकर्षठ करने पर सभापति संदीप शर्मा ने तुरन्त उक्त कार्य को प्रांरभ करवाकर सोमवार को उक्त कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद कन्हैयालाल माली, ब्रजकिषोर, अधिषाषी अभियन्ता महेन्द्र प्रकाष व्यास, सहायक अभियन्ता मुनीर अली, कनिष्ठ अभियन्ता नरेन्द्रसिंह आदि उपस्थित थे।

### जनता जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृति जारी

## 12 करोड़ की लागत घर-घर पहुँचेगा पानी-हुडला

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**महुआ।** विधायक ओम प्रकाश हुडला के प्रयासों से उनका हर घर जल पहुंचाने का सपना अब मूर्त रूप लेता जा रहा है। जनता जल जीवन मिशन अंतर्गत 11 करोड़ 30 लाख की पेयजल स्वीकृति महुआ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग द्वारा की गई है। जिसमें ग्राम विशाला के लिए 68 लाख, बहड़खो के लिए 61 लाख, बाड़ा बुजुर्ग के लिए एक सौ दस लाख, धौलखेड़ा के लिए 114 लाख, शहदपुर के लिए 174 लाख, ताल चिड़ी अलीपुर के लिए 262 लाख, नौरंगवाड़ा के लिए 95 लाख, भोपर टप्पा के लिए 93 लाख, पाली के लिए 84 लाख टिकरी जाफरान के लिए 71 लाख की स्वीकृति प्रशासनिक वित्तीय विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। जिसका कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। विधायक हुडला ने कहा कि उच्च जलाशय का निर्माण होगा जिसके जरिए घरों में पानी पहुचाने का काम होगा। इस योजना से सभी ग्राम पंचायतो को जोड़ा जाएगा।2023 तक महवा विधानसभा क्षेत्र में हर गली मोहल्ले तक पानी पहुचाने की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

## तृतीय सेमेस्टर परीक्षा 1 मार्च से

**बीकानेर।** तकनीकी विश्वविद्यालय के तृतीय सेमेस्टर (मुख्य/बैक) परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा बी.टेक/एमबीए/एमसीए/बी.आर्क/बी.डिजाईन/एम.टेक की तृतीय सेमेस्टर की मुख्य/बैक परीक्षा का आयोजन फरवरी माह में दिनांक 22.02.2021 से लिखित परीक्षा के माध्यम से केन्द्र/राज्य सरकार की कोविड-19 गाईडलाईन के तहत किया जाना था। कोरोना महामारी के कारण अधिक समय पश्चात् विद्यार्थियों का महाविद्यालय में आगमन हुआ है। विद्यार्थियों को परीक्षा हेतु व्यवस्था करने में समय लगने के कारण उचित मांग को देखते हुए परीक्षा का आयोजन दिनांक 01.03.2021 से किया जाना निश्चित हुआ है। जिसकी समय-सारिणी एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जल्द ही प्रकाशित कर दी जायेगी।

### राशन डीलर की मौत

## निष्पक्ष जांच के लिए सौंपा ज्ञापन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**मेहंदीपुर बालाजी।** लालसोट में राशन डीलर मोहनलाल साहू की मौत के प्रकरण में मेहंदीपुर बालाजी ब्राह्मण समाज के लोगों ने दौसा एसपी को ज्ञापन लिखकर निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच करने की मांग की है। ब्राह्मण समाज के लोगों ने मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस को एसपी के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि लालसोट थाने में एक पत्रकार सहित अन्य लोगों के खिलाफ राशन डीलर मोहनलाल साहू की कथित तौर पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज कराया है। राशन डीलर की मौत को एक तरफ आकस्मिक निधन बताया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजन द्वारा दर्ज रिपोर्ट में हत्या की धारा जोड़ी गई है। ऐसे में आकस्मिक निधन व हत्या का मामला दर्ज होना विरोधाभास पैदा करता है। समाज के लोगों ने बताया कि उनकी सूचना के अनुसार आरोपी पक्ष राशन डीलर से राशन सामग्री लेने गया था। इसी दौरान मृतक मोहनलाल साहू की तबियत बिगड़ गई। जिसकी बाद में मौत हो गई। समाज के लोगों का कहना है कि आरोपी पक्ष बेहद गरीब व निम्न आय वर्ग से है। जो अपना पक्ष भी ठीक तरीके से रखने में सक्षम नही है। आरोपी मनोज एक पत्रकार है। जिसके परिवार में एक घरेलू कामकाजी पत्नी व छोटे बच्चे हैं। वहीं दूसरी ओर मृतक पक्ष द्वारा थाने पर बार बार आकर धरना प्रदर्शन कर आरोपी की बिना अनुसंधान व पर्याप्त सबूत से पहले गिरफ्तारी की मांग कर रहें है। ऐसे में एसपी से पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक जांच करते कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं पत्रकार मनोज कुमार जोशी के परिवार के जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है। इस दौरान राजकुमार शर्मा, महेश सहारिया, मुकेश शर्मा, नीटू सहारिया, अनंत शर्मा, मोहनलाल बुधोलिया, भोला सांडिल्य सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। हालांकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्राह्मण समाज ने भी पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ANCHOR पहचान

# शेखावाटी के मीठे प्याज की देश की मंडियों में धाक

### इस बार पिछले साल से दोगुना है भाव, मार्च में शुरू हो जाएगा नया प्याज आना

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**सीकर।** शेखावाटी के मीठे प्याज ने देश की थोक मंडियों में पैर जमाने शुरू कर दिए हैं। प्याज की मांग बढने का आलम ये है कि पिछले वर्ष की तुलना में प्याज के थोक भावों में दो गुना तक तेजी आ गई है। सीकर से रोजाना ट्रकों में प्याज बाहर की मंडियों में जा रहा है। इससे प्याज उत्पादक किसानों के चेहरों पर खुशी झलकने लगी है। भावों में तेजी को देखते हुए व्यापारी प्याज की पकने से पहले ही खुदाई कर रहे हैं वहीं व्यापारी भी किसानों से सीधे अग्रिम सौदे कर रहे हैं।



### तेजी के आसार

**थोक** व्यापारी देवीलाल निठारवाल ने बताया कि गर्मी शुरू होने से शेखावाटी के मीठे प्याज की मांग बढ़ गई। पंजाब और हरियाणा में फसल की कटाई शुरू होने पर भावों में और तेजी आएगी। नासिक के एक्सपोर्टर्स सीकर में स्थानीय प्रतिनिधियों के माध्यम से प्याज की खरीद फरोख्त के सौदे कर रहे हैं। इस कारण प्याज के भावों में तेजी आने के आसार बने हुए हैं। सीकर थोक मंडी में प्याज के थोक भाव 20 से 30 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। जबकि पिछले साल इन दिनों प्याज के थोक में भाव 13 से 15 रुपए प्रति किलो तक बोले जा रहे थे।

### अब आएंगे बाहर के व्यापारी

**व्यापारी** अधिक, आवक कम सीकर थोक मंडी नया प्याज आने लगा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार प्याज की सीधी खरीद खेतों से हो रही है। मंडी के व्यापारी नेमीचंद दूजोद ने बताया कि कि नासिक क्षेत्र में प्याज की उपज देरी से तैयार नहीं होने से इस समय प्रदेश मंडियों में सीकर का प्याज ही खप रहा है। इस कारण शेखावाटी के प्याज की मांग बनी हुई। देश में प्याज उत्पादक क्षेत्र कम होने से प्याज के भावों में तेजी रहेगी।

**हृदय विदारक हादसाः** मंगलवार सुबह हुए हादसे में 38 की मौत की पुष्टि, 40 से अधिक हो सकती है मृतकों की संख्या

# 60 यात्रियों से भरी बस नहर में गिरी, 42 शव बरामद, 7 लोग जिंदा निकले







**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सीधी जिले में मंगलवार सुबह हुए बड़े हादसे में मरने वालों की संख्या 50 के पार हो सकती है। करीब 60 यात्रियों से भरी यह बस बाणसागर की नहर में गिर गई है। सुबह से रेस्क्यू आपरेशन जारी है और एक-एक करके लाशों को निकाला जा रहा है। इस भीषण हादसे के बाद करीब 42 शवों को निकाला जा चुका है, जबकि कई लोगों के बह जाने की आशंका है। हादसे में 7 यात्री जिंदा निकाल लिया गया। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। इधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे के बाद सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं, वहीं दो मंत्रियों को स्टेट प्लेन से घटनास्थल के लिए रवाना किया है। मृतकों लाख के मुआवजे का ऐलान किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक रेस्क्यू आपरेशन जारी है, हादसे में 38 शवों को निकाला जा चुका है। बाकी लोगों के मारे जाने की आशंका है। यह हादसा रामपुर के नैकिन इलाके में सुबह साढ़े सात बजे के करीब हुआ। यह बस सीधी से सतना की तरफ जा रही थी। हादसा सुबह 7.30 बजे हुआ। बताया जा रहा है बस में कुछ छात्र भी सवार थे जो परीक्षा देने जा रहे थे। इनके अलावा महिला और बच्चे भी सवार थे।

### गृहमंत्री अमित शाह बोले- बहुत दुःखद

**मंगलवार** सुबह सीधी में हुए हादसे के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भी दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट में कहा कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले में हुआ बस हादसा बहुत दुःखद है, मैंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी से बात की है। स्थानीय प्रशासन राहत व बचाव के लिए हर संभव मदद पहुंचा रहा है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

### 38 यात्रियों की मौत की पुष्टि, 40 से अधिक हो सकती है मृतकों की संख्या

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और पंचायत राज्य मंत्री राम खेलावन पटेल को स्टेट प्लेन से सीधी दुर्घटना स्थल रवाना किया। सीधी जिले में बाण सागर नहर में बस गिरने से हुई दुर्घटना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए दोनों मंत्री वल्लभ भवन से सीधे स्टेट हेंगर रवाना हो चुके हैं।

### मुख्यमंत्री ने सभी कार्यक्रम निरस्त किए

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने अपने सभी कार्यक्र म रद्द कर दिए हैं। मंगलवार को ही आवास योजना के मकान दिए जाने वाले थे, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होने वाले थे। इसके अलावा घटना को देख्तो हुए कैबिनेट बैठक भी रद्द कर दी गई है।

### मौका-ए-हाल, एक नजर

- » बताया जा रहा है कि बस की क्षमता 32 यात्रियों की थी, लेकिन बस में करीब 60 लोग भर लिए गए थे।
- » सीधी मार्ग पर छुहिया घाटी से होकर बस को सतना जाना था, लेकिन यहां जाम की वजह से ड्राइवर ने रास्ता बदला और वह नहर के किनारे से बस ले जा रहा था। तभी रास्ता संकरा होने के दौरान ड्राइवर संतुलन खो बैठा और हादसा हो गया।
- » झांसी से रांची के जाने वाला हाईवे सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली होकर जाता है।
- » इस रास्ते पर सड़क बेहद खराब है और यहां हर समय जाम की स्थिति रहती है।
- » एसडीआरएफ की टीम अभी भी रेस्क्यू आपरेशन चला रही है। बस को क्रेन से बाहर निकालने की प्रि या की जा रही है।
- » गोताखोर भी वहां मौजूद हैं। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण रेस्क्यू टीम को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है।
- » तेज बहाव के कारण कुछ शव बह गए होंगे। जिन्हें ढूंढने का काम भी जारी है।
- » बाणसागर नहर का पानी रोक दिया गया है, जिस कारण पानी के कम होने का इंतजार किया जा रहा है।

since 2005
विनायक ज्वैलर्स
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

# वसुंधरा को साइडलाइन करने का सवाल ही नहीं उठता-किरोड़ी

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लेकर जयपुर से लेकर दिल्ली तक सियासी हलचलें जोर पकड़े हुए है। इस बीच भाजपा के राज्य सभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने भी वसुंधरा राजे की पैरवी की है। मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ मीणा ने राजे को साइडलाइन किये जाने की खबरों को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। डॉ मीणा ने कहा कि यह सब गलत और भ्रामक है, ना तो पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को साइडलाइन किया जा रहा है और ना ही वे खुद कहीं जा रही हैं। उनको साइड लााइन करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता और न वे पार्टी से अलग होने की सोच रही हैं। हालांकि उन्होंने राजे को पार्टी का सर्वमान्य नेता बताए जाने के सवाल पर गोलमोल जवाब देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री को मजबूत नेता करार दिया। सांसद ने कहा कि राजे दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री सहित संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रही हैं। ऐसे में उन्हें साइडलाइन किए जाने या उनके खुद के साइडलाइन होने का कोई सवाल ही नहीं है।

### मिथुन चक्रवर्ती से मिलने पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

**मुंबई @ जागरूक जनता।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को फिल्म स्टार मिथुन चक वर्ती से मुंबई स्थित उनके घर पर मुलाकात की। बंगाल में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा इस मुलाकात से सियासी अटकलें तेज हो गई हैं। मिथुन को तृणमूल कांग्रेस ने 2014 में राज्यसभा सांसद बनाया था।




QSI
Reliable, Professional & Genuine ISO Certification
Serving Govt, PSU, MSME, Health & Education etc
Services since 2001
ISO Awareness, Auditors/ L.A. Training On site - PUBLIC
CE, NABL, NABH, SEDEX, Disaster M.PLAN Product & Process standards
ISO 4427 Assistance & Certifications
HBO Oxygen Treatment
Franchise Available
SNHL, Wounds, AUTISM, C.P. Side effects of Post Chemo-Radio Preventive Healthcare
-: Contact :-
R. C. Agrawal, Director
Call. 9829017133, 0141- 2236895
QSI (India) Certifications P.L.
SF 1/557 Vidyadhar Ngr, Jaipur-39
Email: qsicert@gmail.com
www.qsi-india.com
ISO 9001, 14001 IMS ISO 45001, 22000, 27001 EA ISO 50001, MD 13485, SA 8000 , Weld Quality ISO 3834-2 , 15085, IRIS 22163 IATF-16949 ETC







संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-2338070, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 63, राजीव नगर, मदनबाड़ी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार

# जागरूक जनता

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

Digital Edition

एक सकारात्मक सोच

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.in
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

जयपुर, बुधवार 17 फरवरी - 23 फरवरी, 2021

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

## जो दिखेगा वही बिकेगा

## आज ही बुक करें विज्ञापन





## आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्पले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

# नायक जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** अखिल भारतीय युवा नायक महासभा के जिलाध्यक्ष अजय नायक ने मुख्यमंत्री राजस्थान अशोक गहलोत को पत्र लिखकर अनुसूचित जाति जनजाति संशोधन एक्ट 1976 अनुसूचित द्वितीय भाग 13 राजस्थान क्रम संख्या 10 की गलत व्याख्या तो सही करते हुए नायक जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के सम्बन्ध में अवगत कराया। साथ ही नायक ने यह भी बताया है कि भारत सरकार के जनजाति विभाग वर्ष 2003 में एक डॉक्यूमेंट्री बनाई थी, जिसमें भी नायक जाति को अनुसूचित जनजाति मानते हुए प्रदर्शित किया था, इसके अलावा राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी नायक समाज को अनुसूचित जनजाति अंतर्गत माना था। वर्ष 1871 से वर्तमान तक क्रिमिनल जनजातियों के एक्ट में भी नायक जाति को जनजाति मानते हुए उसके अधीन रखा था। राज्य सरकार के संबंधित पोर्टल पर 2013 के पश्चात नायक समाज को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र सरकारी अधिकारियों द्वारा जानबूझकर जारी करना बंद कर दिया है, जिसके कारण नायक समाज अपना वैधानिक जनजाति अधिकार प्राप्त करने से वंचित हो रहा है। भारत की जनगणना वर्ष 1961 के संस्करण में नायक ओर नायकडा का एक ही अर्थ है, नायकडा को ही नायक जाति के नाम से खंडन किया है। नायक जनजाति को भील जनजाति की संबंध जनजाति होने के कारण ही जनगणना 1931 के आधार पर बनी। Aboriginal Tribe Committee ने नायक ओर नायकडा जाति को तत् समय से ही पहाड़ी और जंगली जाति मान गया। राजस्थान प्रदेश में नायक समाज (जाति) को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार के अधिकारियों ने अनावश्यक रूप से मामले को लम्बित रखने की नियत से बार बार केन्द्र सरकार द्वारा लम्बित रखना बताया।

# श्री देवनारायण जयंती 19 को, धर्मगुरुओं का भरेगा मेला

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** भगवान श्री देवनारायण एवम भैरव बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष जयपुर के वरिष्ठ समाज सेवी रवि शंकर धाभाई के अनुसार भगवान श्री देवनारायण जयंती का महोत्सव शुक्रवार 19 फरवरी को ठीक शाम 4 बजे भगवान श्री देवनारायण एवम भैरव बाबा मंदिर, गुर्जर की ढाणी, सेक्टर 4 विद्याधर नगर, जयपुर में राष्ट्रीय एकता, कौमी एकता एवं साम्प्रदायिक सदभाव दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

मंदिर समिति एवम अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ की महिला (युवा प्रकोष्ठ) की महासचिव वैष्णवी धाभाई ने बताया कि इस बार भगवान श्री देवनारायण के जन्मदिन को बड़े धूमधाम एवम उल्लास से मनाया जाएगा। इस दौरान गुर्जर समाज के समाज का नाम रोशन करने वाले गणमान्य व्यक्तियों का एवं सर्व समाज के विशिष्ट व्यक्तियों का उनकी सहरानीय एवम उल्लेखनीय सेवाओं के लिए इस भव्य आयोजन के दौरान सम्मान किया जाएगा। सूर्यगढ़ बामनवास जिला सवाई माधोपुर की भजन पार्टी के गायक कलाकार दिलीप सिंह बैंसला, महाराज सिंह,गबरी, सुरेश, हरकेश इत्यादि द्वारा भगवान श्री देवनारायण के भजनों की जोरदार प्रस्तुति दी जावेगी। जयपुर के सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर धाभाई ने आगे बताया कि इस महोत्सव में जयपुर के जयपुर के धार्मिक स्थलों के संत, साधुओं एवम धर्म गुरुओं को आमंत्रित किया गया है। सभी श्रदालु एवम भक्तजनों द्वारा भगवान की वंदना कर भगवान से इस महामारी व संकट समय को सम्पूर्ण रूप से खत्म करने की आराधना करेगे फिर से देश मे अमन चैन, भाईचारा, शांति एवम खुशियां लोटे और देश प्रगति की राह पर बढे की मंगलकामना की जाएगी।

**पटवारियों की सरकार को चेतावनी**

# शहीद स्मारक पर धरना देकर बैठे पटवारी, मांगें नहीं मानीं तो एक मार्च से काम बंद



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** वेतनमान बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले 15 दिन से आंदोलन कर रहे प्रदेश के पटवारियों ने आज जयपुर के शहीद स्मारक को अपना धरना स्थल बना लिया। पटवारियों ने अब संभागवार यहां धरना देने का फैसला किया है। इससे पहले सोमवार रात करीब 12 बजे सरदार पटेल मार्ग से पुलिस प्रशासन ने इन्हें हटा दिया था। राजस्थान पटवारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र निमिवाल ने बताया कि सरकार पिछले कई सालों से हमें केवल आश्वासन ही दे रही है। सरकार के इस रुख के बाद ही हमने आंदोलन करने का फैसला किया है। निमिवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस महीने के आखिर तक हमारी मांगें नहीं मानती है तो आने वाले एक मार्च से प्रदेशभर के सभी पटवारी पूरी तरह कार्यबहिष्कार कर देंगे।

## पटवारियों की प्रमुख मांगें

- ग्रेड-पे 2400 से बढ़ाकर 3600 रुपए किया जाए।
- प्रमोशन की समय सीमा 9, 18, 27 की जगह 7,14, 21, 28 और 32 साल करना चाहिए।
- नो वर्क-नो पे आदेश को वापस लिया जाए।
- राजस्व मंत्री से बातचीत बेनतीजा रही थी
- धरना प्रदर्शन के बाद पटवारियों का 6 सदस्यीय दल शाम करीब 7 बजे राजस्व मंत्री के सरकारी निवास पर बातचीत के लिए पहुंचा था। यहां प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगें मंत्री के सामने रखी थीं, लेकिन वहां चली करीब ढाई घंटे की बातचीत के बाद भी पटवारियों के दलों को निराश होकर लौटना पड़ा था।

# 1.17 करोड़ से संवरेंगे सेंट्रल स्पाइन व निलय कुंज

### निलय कुंज फेज 2 में विकास के लिए 62.52 लाख रूपए के कार्यादेश जारी

### सेंट्रल स्पाइन के सी ब्लॉक में 100 फीट सेक्टर सड़क निर्माण के लिए 54.52 लाख रुपए का दिया कार्यादेश

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** जेडीए ने सेक्टर सड़कों के निर्माण और अपनी योजनाओं में विकास कार्य करवाने की तैयारी कर ली है। जेडीए ने सेंट्रल स्पाइन के सी ब्लॉक में 100 फीट सेक्टर सड़क निर्माण और निलय कुंज फेज-2 में विकास कार्य के लिए 1.17 करोड रूपए के कार्यादेश जारी किए है।

जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि जेडीए की ओर से सेक्टर सडकों का निर्माण और आवासीय योजनाओं में विकास कार्य प्राथमिकता से करवाए जा रहे है। जोन 9 के सेक्टर-30 स्थित सेंट्रल स्पाइन के सी ब्लॉक में 100 फीट सेक्टर सडक निर्माण के लिए 54.52 लाख रूपए का कार्यादेश जारी किया गया है। सड़क निर्माण कार्य 17 फरवरी से प्रारम्भ कर दिया जाएगा और कार्य तीन माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों को सुगम मार्ग उपलब्ध होने के साथ क्षेत्र का विकास होगा। जेडीए की ओर से जोन 9 में निलय कुंज फेज 2 में संपूर्ण विकास के लिए 62.52 लाख रूपए का कार्यादेश जारी किए गए है।

आवासीय योजना में आंतरिक सड़क, पार्क, सुविधा क्षेत्र की चारदीवारी, भूखण्डों का डिमार्केशन आदि विकास कार्य करवाए जाएंगे। जेडीए की ओर से विकास कार्य 17 फरवरीसे शुरू करवा दिए जाएंगे, जो छ माह में पूरे कर लिए जाएंगे।

**द रिपब्लिक ऑफ वीमेन**

# दुनिया की टॉप 100 महिलाओं में जोधपुर की पार्वती जांगिड़ शामिल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**जोधपुर।** ग्लोबलाइज तरक्की के दौर में दुनिया की आधी आबादी यानी महिलाओं का बेमिसाल सशक्तीकरण हो रहा है। वे दिन लद चुके, जब आमतौर पर महिलाएं पूर्ण रूप से पुरूष प्रधान समाज पर निर्भर रहती थी। एक समय था जब पुरूष प्रधान समाज ने महिलाओं के लिए हर तरह की अमिट मर्यादाएं एवं लक्ष्मण रेखाएं खींच रखी थी। उन्हें क्या खाना है, कब खाना है, कितना खाना है, क्या पहनना है, क्या ओढ़ना है, कहाँ जाना है, कब जाना है, कहाँ नहीं जाना है, बिजनेस, नौकरी करनी या नहीं करनी, यह सब पुरूष ही तय करते थे। लेकिन पिछले कुछ सालों में शहरी क्षेत्रों में यह स्थिति काफी बदल चुकी है, गांवों में अब भी काफी सुधार की जरूरत है। रूरल और अर्बन दोनों क्षेत्रों की महिलाओं की आवाज बुलंद करने के लिए, दुनिया के कई संगठन काम कर रहे हैं। ग्लोबल वुमन थिंक टैंक, ग्लोबल ही फोर शी कैंपेन, ब्यूटी ऑन अर्थ इत्यादी संगठन संयुक्त रूप से एक स्वतंत्र बॉर्डरलेस स्टेट, वैश्विक महिलाओं का राज्य 'दी रिपब्लिक ऑफ वीमेन' कांउसिल की घोषणा करने जा रहा है। इसके लिए 120 से अधिक देशों की 1000 महिलाओं को शॉर्टलिस्ट किया, जिनके लिए वोटिंग जारी है। अधिकतम वोटिंग प्राप्ति के आधार पर कैबिनेट बनाई जायेगी। दी रिपब्लिक ऑफ वीमेन मुख्य कार्यकारी मंडल की सदस्य क्रिस्टिना ने यह जानकारी आधिकारिक पोर्टल व शॉर्टलिस्ट कैंडिडेट को मेल प्रेषित कर दी है। इस अंतरराष्ट्रीय लिस्ट में जोधपुर की बेटी पार्वती जांगिड़ भी शामिल हैं। अपने इस चयन से प्रसन्न पार्वती ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि महान महिलाओं के बीच मुझे व दुनिया की अन्य युवा महिला कार्यकताओं को भी शामिल किया गया।

बता दें कि सदी की 100 टॉप महिलाओं में दिवंगत एमलाइन पंखुरस्ट ब्रिटेन, जोसेफिन बेकर अमेरिका यूएस, सरोजिनी नायडू भारत, कमला हेरिस (वर्तमान उप राष्ट्रपति अमेरिका), मलाला यूसुफजई, मेलिंडा गेट्स, सहित भारत से लता मंगेशकर, किरण बेदी, सिंधुताई सपकाल, दीपा कर्माकर, हिमा दास, के साथ बलोचिस्तान आवाज एक्टिविस्ट करीमा बलूच जिसे पाकिस्तानी आर्मी ने कुछ दिन पूर्व बर्बर मौत के घाट उतार दिया था सम्मिलित हो चुकी हैं। अब जोधपुर की बेटी पार्वती जांगिड सुथार को शामिल किया गया। ब्यूटी ऑन अर्थ के भिन्न-भिन्न अंतर्राष्ट्रीय टाइटल के लिए पूरे विश्व में 120 देशों की एक हजार महिलाओं को शॉर्टलिस्ट किया जिसमें अमेरिका व भारत से सर्वाधिक 150 वुमन हिरोज को शामिल किया गया है।

# प्रभु श्रीराम की ऐसी भक्ति और कहां

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com





**जोधपुर।** रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई।

तुलसीदासजी रामचरित मानस में लिखते हैं कि भगवान राम के कुल यानी वंश में परंपरा रही है कि कोई भी अपने वचनों से पलट नहीं सकता है। इसी चौपाई को चरितार्थ करते हुए जोधपुर की स्व आशा कंवर के परिजनों ने त्याग और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश कर सबको भाव विह्वल कर दिया । गौड़ परिवार के सदस्यों ने बता दिया कि वे असल रघु कुल यानी भगवान श्रीराम के परिवार के ही वंशज हैं।

श्री राम मंदिर के भव्य निर्माण के लिए देशभर में धन वर्षा का दौर जारी है। इसी क्रम में राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी और धार्मिक व पर्यटन नगरी के तौर पर माने जाने वाले जोधपुर में भी रामभक्तों द्वारा बढ़-चढ़कर मंदिर निर्माण में अपना समर्पण अर्पित किया जा रहा है। इसी अभियान में राम मंदिर निर्माण के लिए एक अनोखा मामला सामने आया। यहां एक महिला की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके निधन के बाद परिजनों ने उसके गहने बेचकर 7 लाख रुपये से अधिक की राशि राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि में भेंट कर दिए।

इसी क्रम में समर्पण निधि अभियान के तहत राम मंदिर के लिये राशि जुटाने वाली जोधपुर की टीम के सदस्य व आरएसएस के प्रांत सह प्रचार प्रमुख हेमंत घोष के पास बीते 4 फरवरी एक फोन कॉल आया। फोन करने वाले बताया कि मैं विजय सिंह गौड़ बोल रहा हुँ। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी आशा कंवर का निधन हो गया है । आशा कंवर की अंतिम इच्छा थी उसके सभी गहने श्री राम मंदिर निर्माण के लिये भेंट किये जायें। लिहाजा आशा कंवर की अंतिम इच्छानुसार हम उसके सभी गहने राम मंदिर निर्माण के लिये भेंट करना चाहते हैं। इस पर हेमंत घोष ने कहा कि आप पहले आशा कंवर का अंतिम संस्कार कर लीजिये। उसके बाद उनकी अंतिम इच्छा पूरी कीजिये । उसके बाद स्व आशा कंवर के सभी अंतिम क्रिया कर्म समाप्त होने पश्चात श्री राम समर्पण निधि अभियान में जुटे सदस्य प्रांत कार्यवाह श्याम मनोहर और हेमंत घोष के साथ स्व आशा कंवर जी के घर पहुंचे । वहां परिजनों ने उन की अंतिम इच्छा के बारे में उनको विस्तार से जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि आशा कंवर की इच्छानुसार उनके गहनों को बेचने के बाद 7 लाख 8 हजार रुपये आये हैं। परिजनों ने वो राशि समर्पण निधि के सदस्यों को सौंप दी। इस दौरान टीम के सदस्य भावुक हो गये और उन्होंने आशा कंवर की इस इच्छा को श्रीराम की अनूठी भक्ति करार दिया। स्व आशा कंवर की राम भक्ति को नमन करते हुए उनके परिवार के सभी सदस्यों की समर्पण भावना को सैल्यूट।

# रियल एस्टेट क्या होता है

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**वर्तमान** समय में अधिकतर लोग रियल एस्टेट के बिजनेस से लाभ उठा रहें हैं क्योंकि, यह लोगों द्वारा कमाई करने का एक बहुत ही बेहतरीन रास्ता है जिससे एक बहुत ही अच्छी कमाई की जा सकती है। बहुत से लोग इसे साइड बिजनेस के रूप में करते हैं। क्या आप भी इसे बिजनेस की तरह या साइड बिजनेस में करना चाहते है तो इस पूरे पेज पढ़कर जान लीजिये कि, रियल एस्टेट क्या होता है। रियल एस्टेट का बिजनेस कैसे करे। इसकी पूरी जानकारी यहाँ पर बताई जा रही है।

- रियल एस्टेट क्या होता है?
- रियल एस्टेट क्या होता है?

**रियल एस्टेट का बिजनेस कैसे करे**

- किराए पर घर उठायें
- रियल एस्टेट फोटोग्राफर में करियर
- जमीन का व्यापार

**एस्टेट एजेंट बन सकते है**

- कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट का क्षेत्र

## प्रॉपर्टी फ्लिपिंग

रियल एस्टेट एक ऐसा स्टेट होता है जो किसी भी व्यक्ति को विशेष स्थान या बिल्डिंग विशेष में, वहां का हवाई अधिकार एवं भूमिगत अधिकार प्राप्त कराने में मददगार साबित होता है। अंग्रेजी शब्द रियल का अर्थ वास्तविक होता है इसलिए रियल एस्टेट का अनुमान वास्तविक एवं भौतिक सम्पति से भी लग सकता है। इसके अलावा कुछ लोगों का मानना है कि, रियल एस्टेट नामक इस शब्द की उत्पति लैटिन के एक शब्द Res से हुई है जिसका अर्थ वस्तुओं से लगाया जाता है। इसके साथ ही कुछ लोगों का मानना है कि,रियल एस्टेट की उत्पति लैटिन भषा के एक शब्द Re& हुई है जिसका हिंदी में अर्थ शाही होता है । बताया जाता है कि, ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि, प्राचीनकाल में सभी राजा अपने साम्राज्य के पूरी जमीन के मालिक रहते है और राजा सारी जमीनों की देख रेख बहुत ही अच्छे तरीके से करवाने का काम करते थे। इसके साथ ही हम साधारण भाषा में कह सकते है कि, प्लाट बनाने का काम, मकान, दुकान, बिल्डिंग, फ्लैट आदि बनाने का काम एवं बेचने खरीदने का काम करने को ही Real Estate Business कहा जाता है। इसके अलावा हम वर्तमान में रियल एस्टेट को चार भागों में भी विभाजित कर सकते है। जैसे-रेजिडेंशियल, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और भूखंड रियल एस्टेट आदि।

## रियल एस्टेट का बिजनेस कैसे करे

भारत में रियल एस्टेट की बात करें तो, भारत में बहुत सारे ऐसे उद्योगपति रह रहें है जिन्होंने बिना कुछ निवेश किए ही अपना बिजनेस इस क्षेत्र में करके, बहुत ही अच्छी कमाई कर रहें है। इसके साथ ही यदि आप इसके बारे में छानबीन भी करेंगे तो आपको इसका परिणाम साकारात्मक ही मिलेगा । इस प्रकार से आप रियल एस्टेट के बिजनेस की शुरुआत करके लाभ कमा सकते है।

## किराए पर घर उठायें

रियल एस्टेट में किराए पर घर उठाने से एक रेगुलर और अच्छी कमाई हो सकती है और आजकल शहरों में अधिकतर ऐसे मकान हैं जिसे लोग किराए पर उठाकर अच्छा बिजनेस कर रहें है। साथ ही एक मोटी रकम प्राप्त कर रहें है। यह पैसे कमाने का एक बहुत ही अच्छा जरिया बना हुआ है।

## रियल एस्टेट फोटोग्राफर में करियर

वर्तमान समय में लोगों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे आसान तरीका रियल एस्टेट फोटोग्राफर भी होता है क्योंकि, बहुत से लोग इससे एक अच्छी कमाई करके अपना मुकाम हासिल कर लेते है। यदि आप रियल एस्टेट फोटोग्राफर बनने का रास्ता अपनाते है तो, आप इससे काफी अच्छी कमाई करने सफल हो सकते है।

## जमीन का व्यापार

आप अच्छी कमाई और अच्छे बचत करने के लिए भू-व्यापार व्यवसाय या लॉन की देखभाल करके कर सकते है। इसके साथ ही आप आप इसका इस्तेमाल बिजनेस के रूप में भी कर सकते है । आप इस तरह के बिजनेस को अपने घर से भी कर सकते है। इस बिजनेस को शुरू करने के लिए आपके पास बिजनेस से जुडी जानकारी होनी अति आवश्यक है। इस बिजनेस को कुछ लोग प्रॉपर्टी डीलिंग के नाम से भी जानते है।

## एस्टेट एजेंट बन सकते है

एस्टेस एजेंट बनने वाले लोगों को प्रॉपर्टी डीलर के नाम से जाना जाता है। ये लोग भी लोगों से डील करके एक अच्छी कमाई करने में सफल होते है। इस बिजनेस को कोई भी व्यक्ति कर सकता है लेकिन, पहले इस बिजनेस के लिए किसी भी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं पडती थी परन्तु, अब जो लोग इस बिजनेस की शुरुवात करेंगे तो उन लोगों को रियल एस्टेट एजेंट के तौर पर रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी होता है।

## कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट का क्षेत्र

कंस्ट्रक्शन की जानकारी रखने वाले लोग कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट का काम आसानी से कर सकते है साथ ही जिन लोगों का बैकग्राउंड सिविल इंजीनियरिंग से है वो लोग इस बिजनेस में रहकर एक मोटी रकम प्राप्त कर सकते है। इस बिजनेस में शामिल होने वाले लोगों को कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट का काम करना रहता है क्योंकि, उन्हें ऐसी साइट पर रखा जाता है जहाँ पर कंस्ट्रक्शन का काम जारी हो लेकिन, इस काम करने से पहले आपको इसके बारे सम्पूर्ण जानकारी होनी आवश्यक है।

## प्रॉपर्टी फ्लिपिंग

यह ऐसा काम होता है जिसमें लोग एक बहुत ही पुरानी बिल्डिंग को पहले बहुत ही सस्ते दामों में दूसरे से खरीद लेते हैं और फिर उसकी अच्छे से मरम्मत करवाकर उसकी एक बड़ी रकम लगाकर बेच लेते हैं जिससे इसमें बिजनेस करने वाले लोगों की एक अच्छी कमाई हो जाती है। इसलिए प्रॉपर्टी फ्लिपिंग से भी एक अच्छा बिजनेस शुरू किया जा सकता है।

**- महेश कुमार शर्मा,** प्रॉपर्टी एक्सपर्ट

# हरियाणा के सभी किसान संगठन आये एक साथ

## सरकार की बढ़ेगी मुश्किलें



उमेश कुमार मौर्य @ जागरूक जनता
jagrukjanta.net/.com

**टिकरी बॉर्डर (हरियाणा)।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में हरियाणा के सभी किसान व खेत मजदूर संगठनों की एक बैठक टिकरी बॉर्डर पर हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गत ढाई महीने से चल रहे किसान आंदोलन को मजबूती व विस्तार देने के कदम उठाना, हरियाणा के सभी संगठनों के बीच आपसी तालमेल को बेहतर बनाना,16 फरवरी को चौधरी छोटू राम की जयंती तथा 18 फरवरी को 4 घंटे तक रेल रोको के निर्णय को लागू करना था। इसके अतिरिक्त जेलों में बंद किसान आंदोलनकारियों व लापता किसानों के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए कारगर कदम उठाना भी इस बैठक का मुख्यमुद्दा रहा।

इस संयुक्त बैठक में प्रदेश के कुल 35 संगठनों की ओर से 48 प्रतिनिधियों ने हिस्सेदारी रही, श्री प्रेम सिंह गहलौत व सत्यवान की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई। यह फैसला हुआ कि आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल अन्य संगठनों से बातचीत करके अगली बैठक में उन्हें शामिल किया जाएगा। बैठक में इंद्रजीत सिंह ने किसान आंदोलन की स्थिति की समीक्षा रखते हुए कहा कि आंदोलन का विस्तार करते हुए किसान मजदूर एकता की भावना के साथ मजदूरों को भी आंदोलन में सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त गांव गांव में तीनों कृषि कानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करते हुए गैर किसानी तबके पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव बारे जानकारियां देने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया। सभी संगठनों ने एकमत से मीटिंग में प्रस्ताव पारित कर हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल के उस बयान जी कड़ी निंदा की। जिसमें उन्होंने किसान शहीदों बारे आपत्तिजनक टिप्पणी करके किसान आंदोलन का अपमान किया था। मीटिंग में यह संकल्प पुरजोर ढंग से दोहराया गया कि तीनों काले कानूनो को रद्द किए बिना किसान घर नही लौटेंगे। मीटिंग शुरू होने से पहले दो मिनट का मौन रख कर पुलवामा के शहीद जवानों व आंदोलन के शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ANCHOR **समारोह**

# विधायक लोढ़ा ने प्रतिभावान बालिकाओं को प्रशस्ति पत्रों से नवाजा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में गार्गी इंदिरा प्रियदर्शिनी तथा बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के प्रमाण पत्र विधायक संयम लोढ़ा के हाथों से वितरित किए गए। प्रधानाचार्य हीरा खत्री तथा मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह राव के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संयम लोढ़ा, अध्यक्षता अमर सिंह देवड़ा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, अति विशिष्ट अतिथि महेंद्र मेवाड़ा सभापति नगर परिषद सिरोही, जितेंद्र सिंघी उपसभापति नगर परिषद सिरोही तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती गंगा कलावंत जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सिरोही का रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संयम लोढ़ा ने गार्गी, इंदिरा गांधी के जीवन चरित्र एवं त्याग व तपस्या पर प्रकाश डाला। प्राचीन काल में जब नारी शिक्षा बहुत मुश्किल थी कुछ समय गार्गी ने शास्त्रात में विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी थी। इंदिरा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरु की इकलौती संतान थी। नेहरू जी ने अपने जीवन के 10 वर्ष जेल में बिताए थे। इन्दिरा गांधी की माता गंभीर बीमारी के कारण विदेशों में उपचारित थी। लेकिन विकट परिस्थितियों में भी इंदिरा गांधी ने देश सेवा का जज्बा नहीं छोड़ा । नेहरू परिवार का हर सदस्य बलिदानों के लिए जाना जाता है। समारोह में सिरोही पंचायत समिति की बाइस छात्राओं को विज्ञान में, सात छात्राओं को वाणिज्य में एवं साठ कला वर्ग की बालिकाओं को बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के प्रमाण पत्रों से नवाजा गया। इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार में कला वर्ग में पांच विज्ञान वर्ग में तीन एवं वाणिज्य वर्ग में बारह छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। गार्गी पुरस्कार में प्रथम किस्त साठ बालिकाओं को तथा छप्पन बालिकाओं को द्वितीय किस्त के प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार की राशि उनके खातों में राज्य सरकार द्वारा जमा करा दी जाएगी ।

कार्यक्रम में पार्षद जितेंद्र ऐरन, पार्षद बालिका देवी, पार्षद भरत हीरागर, पार्षद धनपत सिंह राठौड़, पार्षद तेजाराम वाघेला, सह वृत पार्षद कांतिलाल खत्री, समाजसेवी प्रकाश प्रजापत एसीबीई प्रथम आनंद राज आर्य, एसीबीईओ द्वितीय दीपक गहलोत, कार्यक्रम अधिकारी देवेश खत्री, शिक्षा अधिकारी मूल शंकर मेघवाल प्रधानाचार्य जय प्रकाश रावल, प्रधानाध्यापक अमृतलाल माली विद्यालय स्टाफ अभिभावक एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत ने सबका आभार जताया। मंच संचालन और भंवरलाल सुथार तथा गोपालसिंह राव ने किया।

## प्रो सिंह ने संभाला भूपाल नोबल्स विवि के नए प्रेसिडेंट का कार्यभार

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** प्रो.एनबी सिंह ने भूपाल नोबल्स विवि के नए प्रेसिडेंट का कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्रो.सिंह ने बीएन विश्वविद्यालय पहुंच महाराणा भूपालसिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए, एवं उनका स्वागत विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं बीएन विवि के चेयरपर्सन प्रदीप कुमारसिंह सिंगोली एवं विद्या प्रचारिणी सभा के वरिष्ठ सदस्य बलवंतसिंह झाला, डीन्स व सीनियर स्टाफ मेम्बर्स ने किया। इसके बाद प्रो सिंह ने विवि की समस्त इकाइयों का दौरा किया व विभागीय अध्यक्षों से मिल कर विभागों की समस्याओं एवं उनकी चुनौतियों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वैज्ञानिक शोध की गुणवत्ता एवं शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। गौरतलब है कि प्रो‌ सिंह ने 42 वर्षों तक विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों में कार्य किया एवं शोध व प्रसार शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में विशेष आयाम स्थापित किए। उन्होंने यूजीसी नियमानुसार विधिक चयन प्रक्रिया के द्वारा सर्च कमेटी के माध्यम से चयनित होकर पदभार ग्रहण किया।

## सभी धनो मे विद्या प्रमुख धन-प्रो.के.शंकर राव



**जयपुर @ जागरूक जनता।** रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि ने विभाग मे कार्यकर्म आयोजित कर बसंत पंचमी का महोत्सव मनाया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो.के.शंकर राव ने मां सरस्वती की पूजा अराधना के दौरान कहा कि प्राचीन समय से माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी कारण इस दिन मां सरस्वती की होती है। उन्होने कहा कि सरस्वती को ज्ञान,विद्या की देवी कहा गया है। इसलिए विद्या को सभी धनो मे प्रधान धन कहते है। प्रो.राव ने विद्यार्थीयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्या मानव जीवन का अनमोल धन होता है। विद्या एकमात्र ऐसा धन होता है जिसे कोई चुरा नही सकता। इसलिए विद्यार्थी को मन लगाकर पढना चाहिए और एक गुरु को बिना भेद भाव किये विद्या ,ज्ञान का वितरण करना चाहिए। कार्यक्रम मे मंच का संचालन डॉ ठाकुर राकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ राजेन्द्र शर्मा,डॉ संजय अग्रवाल,डॉ मोहर पाल मीना,डॉ सखीता के.एस,डॉ सुभाष यादव,डॉ मुकेश चौधरी,डॉ रीतेश रामनानी,डॉ अमित शर्मा,डॉ निकिता राजपुरोहित,डॉ अनीता चौधरी व विभाग के अन्य छात्रों ने भी उपस्थित रहकर बंसत पंचमी के उत्सव को मनाया।

**तीर्थ यात्रा**

## सिर्फ पशुपतिनाथ की यात्रा फ्लाइट से, अन्य तीर्थ स्थलों पर 9000 बुजुर्गों को ट्रेन से पुण्य

**24 फरवरी को बजट में सरकार तीर्थ यात्रा पर घोषणा कर सकती है**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** कोरोना का असर बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा पर पड़ रहा है। सरकार ने खर्चे कम करने के लिए अब धार्मिक यात्रा सिर्फ ट्रेन से कराने की तैयारी में है। हवाई यात्रा पशुपतिनाथ के लिए ही होगी। सरकार तीर्थ स्थानों की संख्या भी कम करने पर विचार कर रही है। हालांकि, हवाई यात्रा की जगह ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का तर्क है कि कम खर्चे में ज्यादा बुजुर्ग यात्रा कर सकें। बजट में सरकार घोषणा भी कर सकती है। हवाई यात्रा में सिर्फ 1000 बुजुर्गों को ही चयनित किया जाएगा जबकि ट्रेन के लिए 9000 यात्रियों की संख्या निर्धारित रहेगी। हालांकि कोविड गाइडलाइन के अनुसार बुजुर्गों को कोरोना का खतरा अधिक होने के कारण यात्रा पर संशय बना हुआ है।

### पहले 5000 बुजुर्गों के लिए थी हवाई यात्रा

वर्ष 2013 में वसुंधरा सरकार ने योजना शुरू किया था। उस वर्ष ट्रेन से 41390 बुजुर्गों ने यात्रा की थी। इस पर 53.01 करोड रुपए खर्च हुए थे। 2017 में हवाई यात्रा के लिए संख्या 5000 कर दी गई थी।

### बजट के अनुसार यात्रियों और स्थानों में बदलाव

2021-22 में तीर्थ यात्रा कराई जाती है तो 9 हजार रेल से और 1 हजार हवाई यात्रा से तीर्थ कर पाएंगे। इसमें देवस्थान विभाग तीर्थ स्थल के लिए आवेदकों की संख्या तथा यात्रा की संभाव्यता के आधार पर इस संख्या तथा अनुपात में परिवर्तन कर सकेगा।

### तीर्थ यात्रा इस प्रकार होंगे

» **रेल से :** जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम, तिरूपति, द्वारकापुरी, वैष्णोदवी, प्रयागराज-वाराणसी, दिल्ली और आगरा के लिए यात्रा होगी।
» **हवाई जहाज से:** पशुपतिनाथ मंदिर, काठमांडू (नेपाल)

**मेरे** पास ऐसी कोई सूचना नहीं है कि वरिष्ठ नागरिक निशुल्क तीर्थ यात्रा इस साल होगी या नहीं। **-गौतम बनर्जी,** उपनिदेशक, देवस्थान

**बजट** के बाद ही डिसाइड होगा कि वर्ष 2021-22 की तीर्थ यात्रा होगी या नहीं। **- विनोद प्रधान,** सहा. शासन सचिव

**सेना भर्ती**

## 8 से 31 मार्च तक सेना भर्ती में जयपुर समेत तीन जिलों के 70 हजार युवा दौड़ेंगे

**बस स्टैंड और स्टेशन पर चेक लिस्ट लगेगी**

**जिला प्रशासन सहित 17 विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को सौंपी गई है जिम्मेदारी**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** सेना में भर्ती के लिए तीन जिलों जयपुर, सीकर व टोंक के 70 हजार युवा भाग लेंगे। भर्ती 8 से 31 मार्च तक आमेर कुंडा में सीआईएसएफ के ग्राउंड पर होगी। प्रतिदिन लगभग तीन हजार युवा भर्ती के लिए दौड़ में भाग लेंगे। कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा ने जिला प्रशासन की ओर से एडीएम साउथ शंकर सैनी को सेना भर्ती के लिए पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी है। भर्ती के दौरान जिला प्रशासन व सेना सहित 17 विभागों के अधिकारी कर्मचारी व्यवस्थाएं संभालेंगे।

### निगम और जेसीटीसीएसएल को तैयारी के निर्देश दिए गए

कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा ने बताया कि सेना विभाग अभ्यर्थियों की अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की चैट लिस्ट तैयार कर रैन बसेरा, मुख्य बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर चैक लिस्ट चस्पा करेगा। सेना की ओर से भर्ती रैली हेतु आवश्यक दस्तावेज का विवरण तैयार किया जाएगा। पुलिस विभाग कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भर्ती स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा प्रदान करने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखेगा। यातायात पुलिस की ओर से ट्रैफिक कंट्रोल व बैरिकेडिंग की जाएगी। जेडीए को सेना भर्ती स्थल पर ट्रैक तैयार करने के साथ रखरखाव, ग्रांउड में सड़क की मरम्मत, लाइटें, पैचवर्क के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम भर्ती स्थल पर टैंट, रैन बसेरों, साफ सफाई, रोड लाइटों, चल शौचालयों की व्यवस्था करेगा। इसके साथ ही भर्ती स्थल पर दो अग्निशमन वाहन खड़े रहेंगे। भर्ती स्थल के आसपास गड्ढों और मलबे को हटाने का कार्य भी निगम को सौंपा गया है।

# हाउसिंग बोर्ड के इंजीनियरों ने ली रेरा प्रावधानों की जानकारी

**राजस्थान में रेरा चुनौतियां व समाधान वर्कशॉप**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से ओटीएस में राजस्थान में रेरा चुनौतियां व समाधान विषय पर प्रदेश स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें रेरा (राजस्थान रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी ऑथोरिटी) की ओर से प्रदेशभर से आए मंडल की अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों को रेरा प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। वर्कशॉप में रेरा राजस्थान के अध्यक्ष एन.सी. गोयल ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल रेरा प्रावधानों की सौ फीसदी पालना करने वाला पहला संस्थान हैं। उन्होंने रेरा की उपयोगिता बताते हुए कहा कि रेरा मूलतः ग्राहकों की हितों की रक्षा के लिए काम करता है। आम आदमी अपनी जिंदगी भर की पूंजी लगाकर अपने लिए घर या प्लॉट खरीदता है, ऐसे में हमारा दायित्व है कि उसके साथ कोई फर्जीवाड़ा न हो। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने रेरा प्रावधानों में जनहित में संशोधन करने के सम्बंध में प्रस्तुतिकरण दिया, जिस पर रेरा अध्यक्ष ने सहमति व्यक्त की।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल की ओर से प्रत्येक प्रोजेक्ट चाहे वह आवासीय हो या फिर व्यावसायिक, उसे लॉन्च करने से पहले अनिवार्य रूप से रेरा में पंजीकृत करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि मंडल के 51 प्रोजेक्ट रेरा में पंजीकृत हुए हैं। मंडल की पूंजी ही इसमें आमजन का विश्वास है। उन्होंने कहा कि 3 दिन में प्रदेश की 18 आवासीय योजनाओं को रेरा में पंजीकृत करवाकर रिकॉर्ड स्थापित किया था। वर्कशॉप में राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष भास्कर ए. सांवत, जेडीए आयुक्त गौरव गोयल, मुख्य नगर नियोजक आर.के. विजयवर्गीय, राजस्थान आवासन मंडल की सचिव संचिता विश्नोई, वित्तीय सलाहकार रेखा भास्कर, सम्पदा प्रबंधक कश्मि कौर रॉन सहित मंडल के प्रदेशभर से आए अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी मौजूद रहे। रेरा कन्सलटेंट हिमांशु गोयल की ओर से रेरा प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई।

## सुमन राठौड़ झाझड का रॉयल राजस्थान अवार्ड -2021 में चयन



**झुंझुनूं @ जागरूक जनता।** झाझड गांव की बहू सुमन राठौड़ पत्नी शक्ति सिंह शेखावत को आगामी 20 फरवरी को जवाहर कला केंद्र में प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। आइसीसी हेल्पिंग हेंड सामाजिक संस्था जयपुर के संस्थापक कुलवंत सिंह शेखावत ने बताया कि लुप्त हो रही पारम्परिक लोक संस्कृति को बचाने व लोक कला व साहित्य सेवा को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले प्रदेश की 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा । सुमन राठौड़ झाझड को रॉयल राजस्थान अवार्ड 2021 से उनकी साहित्यिक सेवा में विभिन्न राष्ट्रीय मंचों से प्राप्त प्रतियोगिताओं में उपलब्धियों एवं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होने एवं विभिन्न साहित्यिक मंचों से 130 से अधिक प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने पर प्रतिभा के तौर पर रॉयल राजस्थान अवार्ड 2021 से नवाजा जाएगा।

**नेशनल रजिस्टर फॉर जर्नलिस्ट्स बनाया जाए**

# एनयूजे-आई ने की डिजिटल मीडिया पॉलिसी बनाने की मांग

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com




**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स-इंडिया ने केंद्र सरकार डिजिटल मीडिया के लिए पॉलिसी बनाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि डिजिटल मीडिया के माध्यम से फर्जी पत्रकार निजी स्वार्थों के लिए मीडिया का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे देशभर में पत्रकारों की साख पर संकट पैदा हो गया है। एनयूजे-आई के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि देश में पत्रकारों के लिए नेशनल रजिस्टर बनाने की जरूरत है। इसकी मांग लंबे समय से की जा रही है। इस बारे में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री से मुलाकात करके ज्ञापन दिया जाएगा। एनयूजे महासचिव प्रसन्न महंति ने कहा डिजिटल मीडिया के माध्यम से स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा करते हुए बड़ी संख्या में फर्जी पत्रकार मीडिया की साख बिगाड़ने में लगे हुए हैं। एनयूजे के संगठन सचिव और प्रेस काउंसिल सदस्य आनंद राणा ने कहा कि डिजिटल मीडिया के नियमन से फर्जी पत्रकारों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाई जा सकती है। एनयूजे उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि डिजिटल मीडिया के माध्यम से फर्जी पत्रकार अपना-अपना एजेंडा साधने में लगे हैं। इन पर रोक लगाने की आवश्यकता है। एनयूजे कोषाध्यक्ष डा.अरविन्द सिंह ने कहा कि मीडिया की साख बरकरार रखने के लिए फर्जी पत्रकारों की चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने कहा कि डिजिटल मीडिया की आड़ में फर्जी पत्रकार राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को ब्लैकमेल करने की शिकायतें लगातार बढ़ रही है। बैठक में उत्तरप्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोशिएशन के अध्यक्ष रतन दीक्षित, एनयूजे के पूर्व उपाध्यक्ष विवेक जैन, जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष राकेश शर्मा, एनयूजे की कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल, रणवीर सिंह, दीपक सिंह, जम्प कोषाध्यक्ष डी आर सोलंकी, उपजा के कोषाध्यक्ष संतोष यादव, डीजेए के वरिष्ठ सदस्य अशोक किंकर, अमित गौड़ आदि ने सरकार से इस संबंध में जल्दी से जल्दी नीति बनाने की मांग की।

# नजूल सम्पत्तियों का पर्यटन की दृष्टि से सदुपयोग हो-मुख्य सचिव

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**जयपुर।** मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने प्रदेश में या फिर प्रदेश के बाहर विभिन्न स्थानों पर स्थित नजूल सम्पत्तियों का पर्यटन की दृष्टि से सदुपयोग करने के निर्देश दिए हैं। आर्य ने शासन सचिवालय में सामान्य प्रशासन (सम्पदा) की बैठक की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर आर्य ने कहा कि राज्य में से ऐसे अनेक अनदेखे और अनछुए स्थान है जिनका पर्यटन की दृष्टि से विस्तार कर राजस्व आय में बढ़ातरी की जा सकती है।

मुख्य सचिव ने राज्य में एवं राज्य से बाहर सभी नजूल सम्पदाओं, कास्टोडियन एवं शत्रु सम्पदाओं की इन्वेन्ट्री लिस्ट तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह देखा जाए कि उनका उपयोग किस प्रकार से किया जा सकता है। इसके लिए नजूल सम्पत्तियों को पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विभाजित कर सम्पत्तियों का समुचित उपयोग किया जाए। आर्य ने निर्देश दिए हैं कि कि पर्यटन विभाग उन सरकारी विभागों कि उपयोग में ना जाने आने वाली ऐसी इमारतों का भी सर्वे करे जो हैरिटेज हो और पर्यटन की दृष्टि से उनका विकास हो सके।

**मेडिकल एजुकेशन : इस साल नीट पीजी का आखिरी एग्जाम**

# सरकारी मेडिकल कॉलेजों के लिए बढ़ेगा कॉम्पिटीशन


**इंटर्नशिप व प्रैक्टिस के लिए जरूरी होगा नेक्स्ट, एमबीबीएस के बाद एक माह में होगी परीक्षा**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** नेशनल मेडिकल कमीशन की ओर से प्रस्तावित एमबीबीएस के लिए नेशनल एग्जिट एग्जाम (नेक्स्ट) होने से इस साल नीट पीजी का यह आखिरी एग्जाम होगा। यानि, इसके बाद नीट पीजी का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

नेक्स्ट के अंकों के आधार पर नीट पीजी की मेरिट तैयार की जाएगी। वहीं नेक्स्ट लागू होने का असर यूजी स्ट्रीम पर आएगा। सरकारी कॉलेजों के लिए कॉम्पिटीशन बढ़ेगा। हालांकि अभी यह तय होना बाकी है कि नेक्स्ट एग्जाम कौन करवाएगा। अभी तक नीट पीजी का एग्जाम नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ही करवाता आ रहा है। ऐसे में संभावनाएं यह हैं कि नेक्स्ट की जिम्मेदारी भी एनबीई को दी जाए। नेक्स्ट का का टेंटेटिव ड्राफ्ट जारी किया जा चुका है। एमबीबीएस छात्रों को इसके फाइनल ड्राफ्ट का इंतजार है। नीट पीजी के बाद इस ड्राफ्ट को फाइनल किया जा सकता है।

नेक्स्ट को लेकर बीच में विवाद भी उठा था। नेक्स्ट का सीधा असर अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में दाखिले के लिए होने वाले एंट्रेंस टेस्ट नीट पर भी पड़ेगा। नीट के आधार पर वर्तमान में एमबीबीएस में एडमिशन मिलता है। अगर किसी भी छात्र की रैंक अच्छी नहीं है तो वह भारी भरकम फीस देकर निजी कॉलेजों में दाखिले लेते हैं। नेक्स्ट लागू होने के बाद निजी कॉलेज में चार साल फीस देने के बावजूद उन्हें प्रैक्टिस व इंटर्नशिप के लिए नेक्स्ट देना ही होगा।



### मल्टीपल चॉइस सवाल आएंगे पेपर में, कंप्यूटर बेस्ड होगी परीक्षा

नेक्स्ट कंप्यूटर बेस्ड होगा। इसमें मल्टीपल चॉइस सवाल पूछे जाएंगे। बेसिक साइंस के साथ-साथ क्लिनिकल बैकग्राउंड के सवाल अधिक आएंगे। यह दो भागों में भी हो सकता है। इस एग्जाम के बाद छात्र इंटर्नशिप कर पाएगा। इंटर्नशिप के बाद नेक्स्ट 2 प्रस्तावित किया गया है। साल 2017 में मेडिकल कॉलेज के यूजी प्रोग्राम में दाखिला लेने वाले छात्र पहली बार नेक्स्ट देंगे।

### मेडिकल कॉलेजों के स्टैंडर्ड का पता चल पाएगा

नेक्स्ट से मेडिकल कॉलेजों की पढ़ाई का पता चल पाएगा। पंजाब, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक जैसे राज्यों में मेडिकल कॉलेजों का स्टैंडर्ड बहुत ही अच्छा है। वहीं, बिहार व उत्तरप्रदेश पिछड़े हुए हैं। इस परीक्षा से उन छात्रों के सामने चैलेंज खड़ा होगा जो मैनेजमेंट सीट पर दाखिला लेते हैं।

### प्राइवेट की जगह सरकारी कॉलेजों पर फोकस

विशेषज्ञों की राय में नेक्स्ट को देखते हुए अब स्टूडेंट्स को नीट में बेहतर प्रदर्शन करके सरकारी कॉलेजों में ही दाखिला लेना चाहिए। प्राइवेट कॉलेज की फीस भी इसका बड़ा कारण होगी।

### एग्जाम को लेकर अलग-अलग पक्ष

आरटीआई एक्टिविस्ट विवेक पांडे के अनुसार अगर सिर्फ नीट पीजी के लिए यह एग्जाम होता तो छात्र काफी हद तक संतुष्ट होते, लेकिन मेडिकल प्रैक्टिस और इंटर्नशिप को लागू करने से कई छात्र संतुष्ट नहीं हैं।

**वन अधिकारियों को अंग्रेजी बबूल हटाकर पौधरोपण के मिले निर्देश**

# जोधपुर संभाग में विलायती बबूल हटाने की कवायद शुरू

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जोधपुर।** जोधपुर संभाग के बाड़मेर, जालोर, सिरोही, पाली, जैसलमेर, जोधपुर में करीब 39 हजार हेक्टेयर वनभूमि पर पनप चुके विलायती बबूल उन्मूलन के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक व हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स ने संबंधित जिलों के उपवन संरक्षकों को आदेश जारी कर विलायती बबूल हटाकर पौधरोपण करवाने के निर्देश दिए है। पिछले माह 22 जनवरी को जारी आदेश में वर्ष 2020-21 के अग्रिम कार्यों के आवंटित लक्ष्यों में संभागाधीन सभी वनमण्डलों को कम से कम 50 हेक्टेयर क्षेत्र में विलायती बबूल हटाकर पौधरोपण किया जाना है। यदि किसी वनमण्डल में पौधरोपण किया जाना संभव नहीं हो तो संबंधित जिले के उप वन संरक्षक को तर्क संगत कारण सहित स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

### स्थानीय प्रजातियों के पौधों और वन्यजीवों के लिए घातक

विलायती बबूल अतीत के सात दशक तक मारवाड़ के ग्रामीण क्षेत्र में जूलीफ्लोरा भले ही ईंधन का विकल्प अथवा उपयोगी रहा हो लेकिन वर्तमान में वही विलायती बबूल की अधिकता मारवाड़ के स्थानीय प्रजातियों के पौधों के लिए विनाश का कारण बन चुकी है। जहां जूलीफ्लोरा की पत्तियां गिरती है वहां पेड़ पौधे तो दूर घास तक नहीं उगती है। गर्मी में भले ही मारवाड़ के वन्यजीवों को छाया देता हो लेकिन जूलीफ्लोरा का कांटा पैंथर, मरुबिल्ली, भालू, बिज्जू, भेडिया, जरख, बंदर आदि वन्यजीवों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। संभाग के बाड़मेर, जालोर, जोधपुर, पाली, सिरोही तथा जैसलमेर इंदिरा गांधी नहर परियोजना स्टेज-2 के कुल 85 हजार 896.38 क्षेत्रफल के कुल 39 हजार हैक्टेयर में विलायती बबूल मौजूद है।

**बाड़मेर**, जालोर, सिरोही, पाली, जैसलमेर, जोधपुर जिले में विलायती बबूल हटाकर पौधरोपण करवाने को कहा गया है। इसके लिए कोई अतिरिक्त बजट आवंटित नहीं किया गया है। यह कार्य अग्रिम कार्यों के आवंटित लक्ष्यों में सुनिश्चित किया जाना है।
**एसआरवी मूर्ति,** मुख्य वन संरक्षक जोधपुर संभाग

ANCHOR | रूबरू

# विपुल शाह है सभी मनोरंजन प्लेटफार्म के सफल मास्टर!

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**हाल** ही में दो महत्वाकांक्षी और दिलचस्प प्रोजेक्ट्स- मेडिकल थ्रिलर ह्यूमन (वेब शो) और सनक' (मूवी) की घोषणा के साथ, निर्देशक-निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने शुरू कर दिया है इन प्रोजेक्ट्स पर काम। बड़ी स्क्रीन और विजुअल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म पर अपनी कहानी सुनाते हुए रचनात्मक रूप से स्वतंत्रता प्राप्त करना हर फिल्म निर्माता का सपना होता है। लेकिन बहुत कम कहानीकारों को अपने सिनेमाई सफ़र में लगभग हर विजुअल एंटरटेनमेंट मीडियम का पता लगाने का अवसर या प्रतिभा मिलती है। निर्देशक-निर्माता विपुल अमृतलाल शाह भारतीय मनोरंजन उद्योग के ऐसे ही एक उल्लेखनीय प्रतिभाशाली पर्सनालिटी हैं!

दिलचस्प बात यह है कि विपुल शाह उन कुछ भारतीय निर्देशकों में से एक हैं जिन्होंने थिएटर, रीजनल टेलीविजन, मैनस्ट्रीम टेलीविजन, रीजनल फिल्म, हिंदी फिल्म, विज्ञापन फिल्म और अब ओटीटी में अपना हाथ आजमाया है। थिएटर में भी, उन्होंने इंटर-कॉलेज, एक्सपेरिमेंटल थियेटर, कमर्शियल थिएटर और स्ट्रीट प्लेस में सफलतापूर्वक प्रयास किया है।



विपुल ने बीते दिनों को याद करते हुए साझा किया, जब मैंने थिएटर करना शुरू किया तो मेरा कोई फ्यूचर प्लान नहीं था। मैं मोमेंट में रहता हूं और रचनात्मक रूप से उस समय मुझे जो चीज़ उत्तेजित करती है, मैं उसके साथ आगे बढ़ता हूं और उसे आकार देता हूं। जब मैं थिएटर कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि एक दिन मैं टीवी स्पेस या फिल्मों में प्रवेश करूंगा। लेकिन फिर टीवी आया और मैंने इसे एक नए फॉरमेट के रूप में स्वीकार किया और हमने अहमदाबाद दूरदर्शन के लिए रीजनल टेलीविजन शुरू किया। वहाँ से, मैं भारत का पहला डेली सोप एक महल हो सपनो का बनाने के लिए आगे बढ़ा, जो 1000 एपिसोड तक चला था। जब मैं यह शो कर रहा था, मुझे मेरी पहली गुजरात फिल्म का ऑफर मिला, जो काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि इसे 35 मिमी सिनेमास्कोप फॉरमेट और डॉल्बी साउंड में शूट किया गया था। उसके बाद, मुझे अपनी पहली हिंदी फिल्म आंखें मिली और हिंदी फिल्म का सफ़र शुरू हो गया। जब मैं फ़िल्में कर रहा था, मैंने कुछ विज्ञापन फ़िल्में भी कीं और यह अनुभव भी अनोखा था क्योंकि विज्ञापन फ़िल्मों में फ़िल्म निर्माताओं की ज़्यादा भूमिका नहीं होती क्योंकि ब्रांड द्वारा मार्केटिंग एजेंसी और क्रिएटिव टीम के साथ ठीक वैसा ही काम किया जाता है जैसा वे चाहते हैं। फिल्म निर्माताओं के रूप में, हमें बस आगे बढ़कर उसे वैसे ही आकार देना होता है। कुछ विज्ञापनों पर काम करने के बाद, मैंने एक ब्रेक लेने का फैसला किया। और अब मैं ओटीटी कर रहा हूं, जो एक कंपलीट जर्नी की तरह लगती है। डॉक्यूमेंट्री को छोड़कर, मैंने व्यावहारिक रूप से मनोरंजन के क्षेत्र में मौजूद सभी संभावित फॉरमेट पर काम किया है। थिएटर में भी, मैंने स्ट्रीट थिएटर, एक्सपेरिमेंटल थियेटर, कंपीटिटिव थिएटर, वर्चुअल, म्यूजिकल, नॉन-म्यूजिकल, आदि किया है। शायद एक दिन, मैं एक डॉक्यूमेंट्री भी बनाना चाहूंगा।÷,विपुल ने अंत में साझा किया। हाल ही में दो महत्वाकांक्षी और दिलचस्प प्रोजेक्ट्स- मेडिकल थ्रिलर ह्यूमन (वेब शो) और सनक' (मूवी) की घोषणा करने के बाद, निर्देशक-निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने अब अपने इन प्रोजेक्ट्स पर काम करना शुरू कर दिया है। जबकि ह्यूमन मानव ड्रग परीक्षण और चिकित्सा घोटाले की दुनिया के बारे में एक भावनात्मक नाट्य, वही सनक' एक इंटेंस, भावनात्मक, एक्शन फिल्म है।

'ह्यूमन' में बहुमुखी शेफाली शाह और कीर्ति कुल्हारी मुख्य किरदार में है और जिसकी शूटिंग इस साल जनवरी से शुरू हो गई है। यह वेब श्रृंखला विपुल शाह और मोजेज सिंह द्वारा सह-निर्देशित होगी। 'सनक' में विद्युत के साथ चंदन रॉय सान्याल, नेहा धूपिया और रुक्मिणी मैत्रा (जो अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं) नज़र आएंगी। सनशाइन पिक्चर्स के साथ ज़ी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, सनक विपुल अमृतलाल शाह प्रोडक्शन की फ़िल्म है, जिसका निर्देशन कनिष्क वर्मा ने किया है।

# 480 पर्यटकों ने अल्बर्ट हॉल से देखा चांद व मंगल ग्रह



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

### टेलिस्कोप से खगोलीय घटनाएं देखने के लिए लगी कतारें

### अल्बर्ट हॉल पर नाइट स्काई टयूरिज्म का आयोजन

**जयपुर।** टेलिस्कोप से खगोलीय घटनाएं देखने के लिए रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर लोगों की कतारें लगी। अल्बर्ट हॉल पर नाइट स्काई टयूरिज्म का आयोजन किया गया। करीब ढाई घंटे में 480 लोगों ने टेलिस्कोप के माध्यम से चांद और मंगल ग्रह को देखा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कला संस्कृति व पुरात्तव विभाग की ओर से नाइट स्काई ट्यूरिज्म का आयोजन किया गया। टेलिस्कोप से खगोलीय घटनाओं को देखने के लिए लोगों में उत्साह नजर आया। नाइट स्काई टयूरिज्म शुरू होने से पहले ही अल्बर्ट हॉल पर लोगों की कतारें लग गई। टेलिस्कोप के माध्यम से रात्रिकालीन आकाशीय ग्रह नक्षत्रों के भ्रमण को देख लोग सुख नजर आए। अल्बर्ट हॉल के अधीक्षक राकेश छोलक ने बताया कि लोगों ने कतार में लगकर टेलीस्कोप से चांद व मंगल ग्रह को देखा। उच्च क्षमता वाले टेलिस्कोप से पर्यटकों और आमजन को खगोलीय घटनाओं से परिचित कराया गया। नाइट स्काई टयूरिज्म के माध्यम से हेरिटेज को विज्ञान और तकनीक से जोड कर एक नए पर्यटन से पर्यटकों और लोगों को रूबरू कराया जा रहा है। इस मौके पर कला, संस्कृति व पुरातत्व विभाग की सचिव मुग्धा सिन्हा, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक प्रकाश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जार की निम्बाहेड़ा इकाई ने श्री राम मंदिर के लिए किया निधि समर्पण



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र समर्पण निधि के तत्वावधान में चल रहे राशि संग्रहण अभियान में जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) इकाई निम्बाहेड़ा। द्वारा ग्यारह हजार रुपये की राशि निधि के रूप समर्पित की गई। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) इकाई निम्बाहेड़ा। के सदस्यों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सत्यनारायण, रामोत्सव निधि उत्सव प्रमुख रोशन राठौड़ को समर्पण निधि की राशि सौंपी। समर्पण राशि मे जार के जिला अध्यक्ष रमेशनाथ योगी, उपाध्यक्ष दिलीप बक्षी, जिला संगठन मंत्री वजाहत खान, निम्बाहेड़ा। इकाई अध्यक्ष विनोद नागोरी, सचिव राकेश पहाड़िया, बालमुकुंद राठी, अशोक टेलर, कुलदीप अग्रवाल, बिहारीलाल सोलंकी, नरेन्द्र धूत, दिलीप वीरवाल, बृजेश नागोरी, सुरेश झंवर, मनोहर राजोरा, चन्दन कनोजिया, योगेश शर्मा, पुष्कर शर्मा, एस.एस.बक्षी, घनश्याम लौहार का सहयोग रहा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के मानवेन्द्र सिंह चौहान, अंकित टेलर भी मौजूद रहे।

## लेखिका संस्थान में मनाया काव्य शब्दो से बसंतोत्सव




**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लेखिका साहित्य संस्थान का वार्षिक उत्सव बसंतोत्सव अत्यंत उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया कोरोना महामारी के कारण एक लंबे अंतराल के बाद संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में जयपुर की लेखिकाओं ने भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी में राजस्थानी भाषा की सुप्रसिद्ध साहित्यकार शारदाकृष्ण ने की। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जयपुर के साहित्यकार प्रबोध गोविल एवं साहित्यकार एवं संगीत निर्देशक अशोक मुखर्जी। कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ रत्ना शर्मा की सुमधुर सरस्वती वंदना से। इसके उपरांत संस्थान के प्रबंध निदेशक सुधीर उपाध्याय जी ने अतिथियों का माल्यार्पण किया। तथा संस्थान के अध्यक्ष डॉ जयश्री शर्मा द्वारा स्वागत किया गया।नव सदस्यों का स्वागत कुंकुम लगाकर सहसचिव रेनू शब्दमुखर किया। इसके उपरांत आज के मुख्य आकर्षण बसंत उत्सव का आरंभ काव्य गोष्ठी के द्वारा हुआ संस्थान की कवित्री यों ने बसंत की मधुरता, मादकता, महकता, उल्लास तथा अप्रतिम सौंदर्य पर अपनी अपनी भावभीनी कविताएं प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी पूनम सेठी ने बताया समारोह में संस्थान की संस्थान की वरिष्ठ सदस्य सुशीला शर्मा करुणाश्री और कृष्णा रावत की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। मंच संचालन संगीता गुप्ता ने किया।

जागरूक जनता jagrukjanta.com | फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

### जिला कलेक्टर ने किया जमीन का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# पीबीएम में स्थापित होगी 400 बेड की मेडिसिन यूनिट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com



**बीकानेर।** राज्य सरकार व सीएम मूंदडा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध 400 बेड की मेडिसिन यूनिट स्थापित की जाएगी। इस यूनिट के लिए सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज द्वारा पीबीएम अस्पताल परिसर में जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को इसके लिए चिन्हित भूमि का अवलोकन किया और निर्देश दिए। मेहता ने कहा कि मेडिकल आउटडोर के पास इसके लिए चिन्हित भूमि पर मेडिसिन यूनिट का निर्माण करते समय बिल्डिंग का नक्शा इस प्रकार बने की जमीन का अधिकतम उपयोग हो सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित हो कि बिल्डिंग फाउंडेशन मजबूत हो तथा पार्किंग के लिए पहले ही प्रावधान कर लिए जाएं। इस संबंध में सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एसएस राठौड से चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि निर्माण से पूर्व तकनीकी पक्षों पर बारीकी से ध्यान दिया जाए और इसके पश्चात ही नक्शा फाइनल करें।

### तुरंत प्रभाव से हटे अतिक्रमण

**जिला** कलक्टर ने कहा कि मेडिसिन आउटडोर के पास मुख्य मार्ग के आसपास लगे सभी प्रकार के ठेले इत्यादि का अतिक्रमण तुरंत प्रभाव से हट जाएं। इस सम्बंध में अस्पताल प्रशासन शीघ्र कार्यवाही करें। जिला कलक्टर ने कहा कि इस यूनिट के निर्माण के लिए राज्य सरकार का ट्रस्ट के साथ एमओयू हो चुका है। इस भवन का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पहले कर लें। ताकि लोगों को मेडिसिन यूनिट का लाभ जल्द मिल सके।

### ऑनलाइन पर्ची सिस्टम चालू हो

**निरीक्षण** के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले लोगों की सहूलियत के मद्देनजर ऑनलाइन पैसा जमा करवाने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाए । इसके लिए नकद व्यवस्था के साथ-साथ फास्टेग, ई मित्र फोन, ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए भुगतान का प्रावधान भी रखा जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पर्ची सिस्टम चालू होने से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को कतार में लगने जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी साथ ही समय और संसाधनों की बचत भी हो सकेगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार और और सीएम मूंदडा चैरिटेबल ट्रस्ट के बीच इस मेडिसिन यूनिट की स्थापना के लिए एक एमओयू हो चुका है जिसके तहत शीघ्र ही इस अस्पताल के निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### मेहंदीपुर बालाजी में हुआ देश की बेटियों का सम्मान

# बालाजी मंदिर ट्रस्ट कर रहा है नये आयाम स्थापित-मिश्र

### मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट द्वारा आयोजित लाडो का सम्मान कार्यक्रम में मंत्री, सांसद व विधायक ने की शिरकत

### मेहंदीपुर बालाजी के महंत किशोरपुरी महाराज की प्रेरणा से आयोजित था कार्यक्रम

प्रदीप बोहरा @ जागरूक जनता
jagrukjanta.in/.com










**मेंहदीपुर बालाजी।** आस्थाधाम घाटा मेहंदीपुर बालाजी में बालाजी बाईपास पर 52 बीघा में संचालित महंत किशोरपुरी आश्रम परिसर में बसंत पंचमी के अवसर पर मंगलवार को दौसा एवं करौली जिले सहित राजस्थान के कई जिलों एवं देश के कई प्रदेशों की मेधावी व प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल कलराज मिश्र के द्वारा वर्चुअल कांफ्रेंस के जरिए,नरेशपुरी महाराज, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री ममता भूपेश, सांसद जसकौर मीणा एवं व विशाल पुरी के द्वारा बालाजी महाराज एवं मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मेहंदीपुर बालाजी के महंत किशोरपुरी महाराज की प्रेरणा से आयोजित लाडो का सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत किशोर पुरी महाराज के द्वारा राज्यपाल कलराज मिश्र का वर्चुअल रूप से शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का नरेशपुरी महाराज की ओर से पुष्पगुच्छ एवं बालाजी महाराज की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों के द्वारा देश की प्रतिभाशाली बेटियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी बेटियों को राज्यपाल कलराज मिश्र के द्वारा वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित किया गया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन के दौरान घाटा मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट द्वारा किए जाने वाले सभी सामाजिक कार्यों के लिए मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत किशोर पुरी महाराज एवं ट्रस्ट के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा किए जाने वाले समाज सेवा के कार्य बालाजी महाराज की प्रसिद्धि को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र की बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल कॉलेज आदि में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। जहां बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ रहने, खाने सहित स्कूल ड्रेस, पठन सामग्री आदि की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, सांसद जसकौर मीणा एवं विधायक ओमप्रकाश हुड़ला के द्वारा भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभाशाली छात्राओं को संबोधित किया गया।

संबोधन के दौरान उन्होंने घाटा मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा किए जाने वाले सभी सामाजिक कार्य एवं क्षेत्र की बालिकाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले प्रयासों की सराहना करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत किशोरपुरी महाराज सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश द्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत किशोर पुरी महाराज से दौसा जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही। जिस पर महंत किशोर पुरी महाराज ने मंच के माध्यम से ही ट्रस्ट की ओर से दौसा जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही विधायक ओमप्रकाश हुडला ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंच के माध्यम से दौसा जिले में सत्र 2020-21 की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं उनके माता-पिता को जयपुर से दिल्ली की हवाई यात्रा अपने स्वयं के खर्चे से करवाने की घोषणा की।

महंत किशोर पुरी महाराज ने महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के माध्यम से राज्य सरकार से क्षेत्र में यूनिवर्सिटी खोलने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की मंशा जताई। उन्होंने कहा कि सरकार यदि उन्हें जमीन उपलब्ध करवाएं तो क्षेत्र में यूनिवर्सिटी बनवाने के लिए धन की कोई कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यदि सरकार उनका साथ दें तो वे 5 साल के में यूनिवर्सिटी का भवन तैयार करके यूनिवर्सिटी को चालू करवा सकते हैं। क्षेत्र में यूनिवर्सिटी खुलने से क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए अनियंत्रित जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे क्षेत्र की बालिकाओं को क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा की उपलब्धता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान महंत किशोर पुरी के द्वारा अन्य प्रदेशों की प्रतिभाशाली बेटियों के लिए 3 लाख 33 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

### फीस वसूली में राहत नहीं

### निजी स्कूलों को आपदा प्रबंधन के तहत फीस लेने का आदेश दिया है तो क्यों न उनके...

## नुकसान की भरपाई भी राज्य सरकार करे-सुप्रीम कोर्ट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** प्रदेश के निजी स्कूलों में फीस को लेकर अभिभावकों को कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कोरोनाकाल में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए निजी स्कूलों की फीस वसूली मामले में सोमवार को कहा है कि यदि निजी स्कूलों को आपदा प्रबंधन के तहत फीस लेने के आदेश दिए हैं तो क्यों न उनके नुकसान की भरपाई भी राज्य सरकार ही करे। यह भी कहा कि सरकार ने निजी स्कूलों के लिए जो भी आदेश जारी किए हैं, उनमें कहीं पर भी आपदा प्रबंधन एक्ट का हवाला नहीं दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मैनेजिंग कमेटी सवाई मानसिंह विद्यालय, गांधी सेवा सदन, सोसायटी ऑफ कैथोलिक एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस सहित फी-रैग्युलेशन एक्ट-2016 को चुनौती देने वाली भारतीय विद्या भवन सोसायटी की एसएलपी पर संयुक्त सुनवाई करते हुए दिया।

### कोर्ट ने कहा- सरकार के आदेश में कहीं भी आपदा प्रबंधन एक्ट का जिक्र नहीं

**सुनवाई** के दौरान निजी स्कूल संस्थानों की ओर से सीनियर एडवोकेट पल्लव सिसोदिया ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपदा प्रबंधन का हवाला देते हुए राज्य सरकार की सिफारिशों के अनुसार निजी स्कूलों को फीस वसूल करने की छूट दी है। लेकिन राज्य सरकार ने निजी स्कूलों के लिए जो भी आदेश दिए हैं, उनमें कहीं पर भी आपदा प्रबंधन एक्ट का हवाला नहीं दिया है। निजी स्कूलों की इस दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार ने ऐसा किया है तो क्यों न वही निजी स्कूलों के नुकसान की भरपाई करे। इस मामले में करीब दो घंटे सुनवाई होने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखी है। निजी स्कूल संस्थानों की ओर से कहा कि जब अनिवार्य शिक्षा का कानून-2009 लागू है तो फिर राज्य सरकार को फीस एक्ट 2016 व 2017 लाने की क्या जरूरत थी। गौरतलब है कि एसएलपी में निजी स्कूल संस्थानों ने राजस्थान हाईकोर्ट के 18 दिसंबर 2020 के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें निजी स्कूल संचालकों को राज्य सरकार के 28 अक्टूबर के आदेश की सिफारिशों के अनुसार फीस वसूल करने की छूट देते हुए राज्य सरकार के फीस तय करने के निर्णय में दखल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने निजी स्कूलों को कोरोनाकाल के दौरान 100% फीस लेने के आदेश दिए थे।

### आयुष नीति-2020

## अब आयुष औषधियों से होने वाले साइड इफेक्ट की मॉनिटरिंग होगी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के आयुष औषधालयों में आने वाले मरीजों को दी जाने वाले दवाओं से होने वाले साइड इफैक्ट के बारें में जोधपुर के डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय व उदयपुर के मदन मोहन मालवीय सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज में 'फार्माकोविजिलेंस सेंटर' बनेगा, जहां पर औषधियों से होने वाले साइड इफैक्ट का डाटा बेस तैयार किया जाएगा। रसायनशालाओं में औषधियों की गुणवत्ता की जांच के लिए जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में क्वालिटी कंट्रोल यूनिट की स्थापना के साथ ही अजमेर की ड्रग टेस्टिंग लैब को आधुनिक बनाया जाना प्रस्तावित है।

### औषधियां व काम आने वाले उपकरणों की निगरानी होगी

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.संजीव शर्मा व एसएमएस मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलोजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर लोकेन्द्र शर्मा ने बताया कि आयुष में फार्माकोविजिलेंस सेंटर के बनने एलोपैथी की तर्ज पर आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, यूनानी की दवाओं से होने वाले साइड इफैक्ट की न केवल मॉनिटरिंग बल्कि क्वालिटी का भी पता करना आसान हो जाएगा। इसके अलावा औषधालयों में काम आने वाले उपकरण की निगरानी कर सकेंगे, जिसे मेडिकल मेटीरियों विजिलेंस के नाम से जाना जाता है।

ANCHOR | बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का मामला

# बाजारों में कैमरे लगाने के लिए करेंगे समझाइस

### मामले दर्ज करने के विरोध में उतरे व्यापारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** शहर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाने पर पुलिस की ओर से दुकानदारों पर मुकदमे दजे करने के विरोध में व्यापारी एकजुट होकर विरोध में उतर आए। जयपुर व्यापार महासंघ के नेतृत्व में व्यापारियों का एक शिष्टमंडल अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश से मिला व सीसीटीवी कैमरे को लेकर पुलिस की ओर से दर्ज किए गए मुकदमो के संबंध में अपना विरोध दर्ज करवाया। इस पर अब पहले समझाइस करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए तीन माह की मौलत मिल गई। हालांकि व्यापारियों ने प्रशासन की ओर से मुख्य सड़कों व मार्गों पर लगाए कैमरे ठीक करवाने का मुद्दा उठाया। पुलिस की ओर से तीन माह तक मुकदमे दजे नहीं करने का आश्वासन मिलने पर अब जयपुर व्यापार महासंघ व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों व शोरूमों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए आग्रह करेगा। वहीं स्मार्ट सिटी के तहत सभी बाजारों में कैमरे लगवाने के प्रयास करेंगे। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि स्मार्ट सिटी व प्रशासन की ओर से जयपुर के सभी बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाए, इसके बाद पुलिस की ओर से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए। इससे अपराधों पर अंकुश लग सकेगा। सीधे तौर पर कैमरे नहीं लगाने पर पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई का व्यापारियों में आक्रोश है, इसे लेकर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर से आपत्ति दर्ज करवाई गई। उन्होंने अभी कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया है। सरकार की ओर से सड़क पर लगे कैमरे खराब पड़े है, पहले उन्हें ठीक करें।

एमआई रोड व्यापार मंडल महामंत्री सुरेश सैनी ने बताया कि प्रशासन ने इस बात को माना कि पहले समझाइश से काम लिया जाएगा। मुकदमे व चालान की प्रक्रिया तीन माह तक नहीं की जाएगी। पहले समझाइश की जाएगी। उन जिन व्यापारियों के चालान हुए हैं, उन मुकदमों को भी अब अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर देखेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया है कि व्यापारियों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। बाजारों में आ रही ट्रैफिक की समस्याओ पर भी अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर से चर्चा हुई। छोटे दुकानदारों के लिए कैमरे लगाने की अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए। एक कैमरा आसपास के क्षेत्र को कवर कर लेता है। जयपुर व्यापार महासंघ के महामंत्री सुरेन्द्र बज ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी यातायात के साथ मीटिंग कर सभी सुझावों के निराकरण के प्रयास का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश केडिया, सलाहकार राजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्र रुपाणी, कोषाध्यक्ष सोभाग मल अग्रवाल व विष्णुदत्त शर्मा शामिल रहे।

## शिक्षा का संस्कार से युक्त होना जरूरी-सुरेश चंद्र

### विद्या भारती की मासिक ई पत्रिका का विमोचन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जोधपुर।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान ,जोधपुर प्रांत द्वारा मासिक ई पत्रिका %विभा श्रुतम%, का केशव परिसर कमला नेहरू नगर स्थित प्रांतीय कार्यालय में विमोचन हुआ। विद्या भारती के प्रांत सचिव महेन्द्र दवे ने बताया कि आज बसंत पंचमी के उपलक्ष में विद्या भारती जोधपुर प्रांत की मासिक ई पत्रिका का विमोचन राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख श्री सुरेश चंद्र के कर कमलों द्वारा किया गया । इस अवसर पर सुरेशचंद्र ने कहा कि विद्या की देवी सरस्वती हैं । समग्र भारत में बसंत पंचमी का दिन सरस्वती पूजन करके मनाया जाता है। यह दिन विद्या व कला की देवी का प्राकट्य दिवस है। इसीलिए बसंत पंचमी अथार्त माघ शुक्ल पंचमी विद्यारंभ संस्कार के लिए श्रेष्ठ दिन है ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेश चंद्र अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बताया कि प्राचीन काल से ही हमारे देश में संस्कारों का महत्व रहा है। जिस प्रकार जीवन में सोलह संस्कारों का महत्व है उसी प्रकार व्यक्ति के जीवन में विद्यारंभ संस्कार का भी बहुत महत्व है। यदि संस्कार युक्त शिक्षा नहीं है तो वह शिक्षा निष्फल हैं । संस्कार युक्त शिक्षा मनुष्य को पूर्णता प्रदान करती हैं । वह स्वयं के लिए समाज और देश के लिए सार्थक जीवन जीता है । अतः शिक्षा का संस्कार ये युक्त होना सबसे जरूरी होता है । इस अवसर पर विद्या भारती जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष डॉक्टर नरपत सिंह शेखावत ने बताया कि वर्तमान तकनीकी युग में विद्या भारती जोधपुर द्वारा मासिक ई पत्रिका निकालना युगानुकूल प्रेरणादाई कार्य है । यह संगठन के क्रियाकलाप एवं गतिविधि के प्रचार प्रसार में नीव का पत्थर साबित होगा।

विद्या भारती जोधपुर प्रांत के प्रचार प्रमुख ओम प्रकाश गौड़ ने बताया कि माघ शुक्ल पंचमी यानी बसंत पंचमी पर आज ÷विभा श्रुतम ÷ का पहला अंक का विमोचन किया गया । ई पत्रिका में %विद्यारंभ संस्कार हमारे गौरव% प्रेरणा स्रोत शिशु शिक्षण विद्या भारती की विशिष्टता एवं हमारे कार्यक्रमों को प्रकाशित किया गया है । इसी क्रम में प्रत्येक माह ई पत्रिका प्रकाशित होगी। वह पूरे भारतवर्ष में विद्या भारती के द्वारा सोशल मीडिया व्हाट्सएप फेसबुक वह इंस्टाग्राम एवं पूर्व छात्र आचार्य समिति सदस्यों को ई-मेल पर प्रेषित कर विद्या भारती के क्रियाकलापों कार्यक्रम उत्सव को ई पत्रिका के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। विद्या भारती जोधपुर प्रांत निरीक्षक गंगाविष्णु ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर नरपत सिंह शेखावत प्रांत मंत्री डॉक्टर लाल सिंह राजपुरोहित प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य प्रबंध समिति आदर्श विद्या मंदिर के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रदेश के विद्यालयों में 'मानवीय मूल्यों की शिक्षा : एक कदम विद्यालय की ओर' शुरू



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थी तय करेंगे मानवीय मूल्यों की गौरव यात्रा**

**बीकानेर।** प्रदेश की तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों के प्रशिक्षण अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के बाद अब बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय सम्पूर्ण प्रदेश के विद्यालयों में मानवीय मूल्यों की शिक्षा: एक कदम विद्यालय की और अभियान का आगाज बीते दिनों किया गया। जिसके तहत 19 फरवरी तक चलने वाले पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में पहले दिन मानवी मूल्य ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन बीटीयू यूएचवी टीम द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एचडी चारण थे। उन्होंने बताया कि मानवीय मूल्य के तकनीकी शिक्षा से जुड़े अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों तक इस विषय को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की बीटीयू दुवारा इस अभियान का विस्तार करते हुए क्षेत्राधिकार के सम्बद्ध महाविध्यालयों के निकटतम उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 11वीं व 12वीं के विधार्थियों हेतु विद्यालय स्तर पर बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय दुवारा मानवीय मूल्यों की पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे सभी सम्बद्ध महाविध्यालयों को नोडल सेंटर बनाया गया है और प्रत्येक नोडल सेंटर पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई जो स्कूली शिक्षा के विधार्थियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा एवं महाविद्यालय इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। नोडल महाविद्यालय विधालयो का चयन कर वहां के विधार्थियों से संवाद स्थापित करेंगे तथा कार्यशालाओ का आयोजन कर इस योजना को मूर्तरूप प्रदान करेंगे।

## झा को मिली हाईकोर्ट से राहत, अगले आदेश तक कठोर कार्रवाई पर रोक

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वेब सीरिज आश्रम के निर्माता-निर्देशक प्रकाश झा निर्देशित वेबसीरिज 'आश्रम' में दलितों पर कथित अभद्र टिप्पणियों को लेकर दर्ज मामले में अगले आदेश तक कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग की एकलपीठ में याचिकाकर्ता झा की ओर से अधिवक्ता निशांत बोड़ा ने आवेदन पेश किया। इसके बाद हाईकोर्ट ने लोक अभियोजक को नोटिस स्वीकार करने के निर्देश दिए। प्राथमिकी दर्ज करवाने वाले शिकायकर्ता देवाराम मेघवाल को भी नोटिस जारी किया गया है। जोधपुर के लूनी थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मैक्स प्लेयर पर चल रही वेबसीरिज के पहले संस्करण के प्रथम भाग में दलित समाज को अपमानित किया गया है। वेब सीरिज में दलिज समाज के युवक की शादी की रवानगी के दृश्यों में अभद्र टिप्पणियां की गई है। इससे देश और समाज में आपसी घृणा और नफरत की भावना को बढ़ावा मिल रहा है। राजस्थान हाईकोर्ट ने वेब सीरिज आश्रम के निर्माता-निर्देशक प्रकाश झा निर्देशित वेबसीरिज 'आश्रम' में दलितों पर कथित अभद्र टिप्पणियों को लेकर दर्ज मामले में अगले आदेश तक कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

### बसंत पंचमी: राजस्थानी धोरे, पंजाबी गीत, अमेरिकी मुंडे

# बमबारी नहीं, साथ में उड़ाई पतंग

### भारत और अमेरिकी जवानों ने पंजाबी गानों पर जमकर डांस किया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**बीकानेर।** बीकानेर की महाजन फायरिंग रेंज में भारत और अमेरिका युद्धाभ्यास के दौरान अब तक दोनों देशों के करीब 500 जवान एक दूसरे के हथियारों को समझने में लगे थे। दूसरे देश के हथियार हाथ में लेकर आतंक के खिलाफ युद्ध के लिए कठोर प्रशिक्षण लेने में लगे थे। बसंत पंचमी पर ये जवान फायरिंग रेंज में पंजाबी गानों पर थिरकते नजर आए। जवानों ने केवल डांस ही नहीं किया, बल्कि आला अधिकारियों के साथ पतंगबाजी भी की।

फायरिंग रेंज के मैदान पर बसंत पंचमी पर दो घंटे का कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान सबसे पहले भारतीय जवानों ने अमेरिकी अफसरों को बसंत ऋतु और बसंत पंचमी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद राजस्थानी धोरे में पंजाबी गीत भी शुरू हो गए। म्यूजिक सिस्टम चालू होने के बाद भी जवान अपनी पोजिशन पर



जमे रहे। आला अधिकारियों ने पहले भारतीय जवानों को इशारा किया कि वो नाच सकते हैं। मौका मिलने के बाद कौन चूकने वाला था। कई जवान मुख्य मंच पर आए और पंजाबी गीतों पर झूम उठे। पिछले कुछ दिनों में ही दोस्त बने अमेरिकी जवानों को भी भारतीय जवानों ने भी अपनी तरफ खींच लिया। धुन ही ऐसी थी कि कोई खुद को रोक न सका। भले ही डांस के स्टेप उन्हें ठीक से समझ नहीं आ रहे थे लेकिन मस्ती के साथ नाचने में किसी अमेरिकी जवान ने कोई कसर नहीं छोड़ी।



#### पतंगबाजी का लुत्फ भी उठाया

भारत की ओर से शामिल हुए ट्रूप्स के ब्रिगेडियर मुकेश भालावत और अमेरिकी स्ट्राइकर ब्रिगेड के प्रमुख कर्नल जेड बेरोल ने डांस भी किया और बाद में पतंगबाजी भी की। एक जवान चरखी हाथ में लेकर खड़ा रहा तो ब्रिगेडियर मुकेश ने पतंग को आसमान पर पहुंचा दिया। कुछ हिचकोले अमेरिकी कर्नल जेड बेरोल ने भी लगाए।

#### स्ट्राइकर टैंक छोड़, ऊंट गाड़ी पर दौड़े

आम दिनों में अमेरिकी सेना का टैंक स्ट्राइकर दौड़ाने वाले जवानों ने महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में मंगलवार को ऊंटगाड़ी पर दौड़ लगाई। इस दौरान ऊंट गाड़ी के जानकार साथ रहे तो हांकने में अमेरिकी जवानों ने भी पूरा सहयोग किया।

## डीजीपी एम.एल.लाठर ने लगाई कोविड वैक्सीन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** महानिदेशक पुलिस एम.एल लाठर ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत वैक्सीन लगवाई और समस्त पुलिस कर्मियों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया। लाठर ने वैक्सीन लगवाने के बाद अपने संदेश में कहा कि कोविड वेक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है और इससे कोरोना का प्रभावी प्रतिरक्षण भी हो रहा है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से अपनी बारी आते ही अपना वैक्सीनेशन करवाने का आग्रह किया। अतिरिक्त महानिदेशक डॉ रवि मेहरड़ा , गोविंद गुप्ता सहित आईपीएस से लेकर कांस्टेबल स्तर तक के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मंत्रालयिक कर्मियों ने भी वैक्सीन लगवाई। डीजीपी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय में आयोजित कोविड वैक्सिनेशन शिविर में किसी भी पुलिसकर्मी में वैक्सीन के किसी प्रकार के दुष्प्रभाव नही हुए। कार्यक्रम के अनुसार आगे भी कोविड वैक्सिनेशन सत्र आयोजित किया जाएगा। डीजीपी ने बताया कि वैक्सीन लगवाने के लिए पुलिसकर्मियों में खासा उत्साह बना हुआ है।



## मुख्यमंत्री की ओर से आज पेश होगी चादर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 809वें उर्स के मौके पर अजमेर स्थित उनके आस्ताने पर बुधवार को चादर पेश होगी। गहलोत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास से चादर रवाना करते हुए अजमेर आने वाले तमाम जायरीन और प्रदेशवासियों को उर्स की मुबारकबाद दी। इस मौके पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा, राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के अध्यक्ष खानू खान बुधवाली, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, विधायक रफीक खान, राज्य बीज निगम के पूर्व चैयरमेन धर्मेन्द्र राठौड़ एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज के उप-महापौर असलम फारूकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सर्वेक्षण: हर तीन महीने में होता है सर्वेक्षण

## जयपुर एयरपोर्ट 66वीं रैंक से गिरकर पहुंचा 78वीं रैंक पर

### देश के 22 एयरपोर्ट्स का सर्वेक्षण, जयपुर रहा 15वें नंबर पर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** कोरोना काल में कम यात्रीभार में भी जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन यात्रियों को उम्मीदों के मुताबिक सुविधाएं मुहैया कराने में विफल रहा है। इसका वजह है कि एयरपोर्ट जल्द निजी हाथों में जाने वाला है और एयरपोर्ट अथॉरिटी अब सुविधाएं बेहतर करने में दिलचस्पी नहीं ले रही है। कभी कैटेगरी में विश्व का नंबर 1 एयरपोर्ट रहा जयपुर अब 78वीं रैंक पर जा पहुंचा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एयरपोर्ट्स की सुविधाओं को लेकर अक्टूबर से दिसंबर 2020 के सर्वेक्षण कराया था। इसमें एयरपोर्ट अथॉरिटी के स्वामित्व वाले देश के 22 एयरपोर्ट्स को शामिल किया गया। देश के एयरपोर्ट्स की गुणवत्ता को लेकर यह सर्वेक्षण हर 3 माह में किया जाता है। सर्वेक्षण एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा किया जाता है। अक्टूबर से दिसंबर 2020 की तिमाही के सर्वेक्षण के जो परिणाम आए हैं, उनमें जयपुर एयरपोर्ट की रैंक एक बार फिर नीचे चली गई है। वर्ष 2015 और 2016 के वार्षिक सर्वेक्षण में जयपुर एयरपोर्ट को विश्व का नंबर 1 एयरपोर्ट चुना गया था। 20 से 50

## पनियाला गांव में आम रास्ते पर भरा गंदा पानी शिक्षा की राह में बन रहा रोड़ा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**कोटपूतली।** एक तरफ जहां केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार अधिक से अधिक संख्या में बालकों तक शिक्षा पहुँचाने के हर सम्भव अथक प्रयास कर रही हैं।वहीं दूसरी ओर प्रशासन के जिम्मेदारों की अनदेखी स्कूली विद्यार्थियों की शिक्षा में बड़ी बाधा भी बनी हुई है।यह नजारा कस्बे की निकटवर्ती ग्राम पंचायत पनियाला में देखा जा सकता है।जहां विद्यालय एवं पशु चिकित्सालय की ओर जाने वाले आम रास्ते पर भारी मात्रा में गंदा पानी भरा हुआ है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि ग्रामीण कृष्ण कुमार रावत कहना है कि बड़ी संख्या में स्कूली बालक एवं ग्रामीण रोज इस रास्ते से गुजरते हैं।जोकि कई बार इस



गंदे पानी में गिरकर घायल व चोटिल हो जाते हैं।वहीं विद्यार्थियों की स्कूली वर्दी गंदी होना तो रोज की बात हो गई है।राजकीय पशु चिकित्सालय के रास्ते पर भरे इस गंदे पानी से ग्रामीणों को अपने मवेशियों का ईलाज करवाने के लिए आने-जाने में भी भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

## चम्बल सफारी : खरीदी जाएगी 20 सीटर बोट, जलीय जीव निहारने के लिए मिलेगी दूरबीन

**धौलपुर @ जागरूक जनता।** गत वर्ष चम्बल सफारी के लिए नई बोट खरीदाने के लिए नगरपरिषद ने घोषणा तो कर दी, लेकिन बिना खरीदे ही समय निकल गया। लेकिन इस बार बोट खरीद के लिए नगरपरिषद ने आगामी बजट में राशि का प्रावधान कर दिया है। इससे अब चम्बल सफारी में नई बोट खरीदी जाएंगी। इससे प्रमुख बात यह है कि यह बोट करीब 20 सीटर होगी। जिससे एक बार में दो परिवार आराम से चम्बल नदी की सफारी कर सकेंगे। अभी तक नगरपरिषद के पास उपलब्ध बोट छह सीटर ही है। ऐसे में बड़े परिवार या एक ही टीम के कई सदस्य आने पर उन्हें इंतजार करना पड़ता था। साथ ही एक साथ नहीं घूमने का मलाल भी रहता था। इसके चलते अब बड़ी बोट खरीदी जाएगी। जिससे बड़े परिवार के सभी सदस्य एक ही बार में चम्बल सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके बाद पुरानी बोट को भी रेनोवेट किया जाएगा। उसको भी आधुनिक लुक दिया जाएगा, जिससे पर्यटक आकर्षित हो सके।

#### क्यों पड़ी जरूरत

नगरपरिषद के पास फिलहाल एक ही बोट है। लेकिन वह भी खस्ताहाल में है। जबकि मध्यप्रदेश सीमा में स्थित वन विभाग की चम्बल सफारी में लगी बोट आधुनिक, आकर्षक तथा बड़ी है। इससे राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा पर बने पुल से गुजरने वाले लोगों को वह बोट अनायास ही अपनी ओर ध्यान खींच लेती है। ऐसे में पर्यटकों की संख्या मध्यप्रदेश की सीमा में चली जाती है। ऐसे में नगरपरिषद की ओर से लगाई गई बोट से अधिक राजस्व एकत्रित नहीं होता है। जबकि राजस्थान के बहुत अधिक संख्या में पर्यटक आते हैं, लेकिन वह भी एमपी की बोट की तरफ आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में बोट की जरूरत पिछले दो वर्ष से महसूस की जा रही थी।

**यह सुविधाएं भी मिलेंगी :** नई बोट 20 सीटर तो होगी ही, साथ में पर्यटकों के लिए पानी की बोतल भी दी जाएगी। साथ ही अन्य दर्शनीय व रमणिम स्थलों की जानकारी देने वाला ब्रोशर भी दिया जाएगा। साथ ही चम्बल में स्थित जलीय जीव घड़ियाल, मगरमच्छ के अलावा अन्य पशु व विदेशी पक्षियों के बारे में पूरी जानकारी की बुकलेट भी दी जाएगी, जिससे वे इनके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर सके।

# विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव

### प्रधानाचार्य सजना कुमावत एवं पार्षद प्रत्याशी प्रतिनिधि नरेश मेहरा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उत्सव का किया शुभारंभ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**कोटपूतली।** कस्बे के अमरपुरा नई कोठी रोड़ पर स्थित सजना पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में पार्षद प्रत्याशी प्रतिनिधि नरेश मेहरा की अध्यक्षता में वसंत पंचमी उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर मेहरा ने कहा कि वसंत पंचमी का दिन शिक्षा, कला, संगीत आदि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बेहद खास होता है।इस दिन को विद्या आरंभ या किसी भी शुभ कार्य के लिए बेहद उत्तम माना जाता है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सजना कुमावत ने कहा कि माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी का पर्व पूरे देश भर में मनाया जाता है।इस दिन से ही वसंत ऋतु का आगमन होता है।वसंत पंचमी के दिन पीले रंग का भी विशेष महत्व होता है।

इसलिए इस दिन लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं एवं अपने घरों में पीले पकवान भी बनाते हैं। वहीं उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वसन्त ऋतु विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई का सबसे अच्छा मौसम होता है क्योंकि इस मौसम में ना तो ज्यादा सर्दी होती है और ना ही ज्यादा गर्मी होती है।माना जाता है कि वसंत पंचमी के दिन ही माँ सरस्वती की उत्तपत्ति हुई थी इस कारण पूरे देश भर में इस दिन को माँ सरस्वती के जन्मदिवस के रूप में भी मनाया जाता है।



वहीं शिक्षक गजराज यादव ने कहा कि विद्या धन ही ऐसा धन है,जिसको हम जितना खर्च करेंगे उतना ही बढ़ता जाता है।उन्होंने कहा कि इस दिन से ही वसंत ऋतु की शुरुआत होती है और वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा भी कहा जाता है।उत्सव के प्रारंभ में प्रधानाचार्य सजना कुमावत एवं पार्षद प्रत्याशी प्रतिनिधि नरेश मेहरा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया। वहीं, सिमरन कुमावत,कोमल मेहरा, शिखा सैनी,पायल मेहरा,निकिता सैनी, दीपशिखा कुमावत आदि बालिकाओं ने मां सरस्वती की वंदना की।इस दौरान मुकेश कुमार सैनी,अजय शर्मा,दिनेश सैनी, देवराज कुमावत सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे। इसी प्रकार कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पुरुषोत्तमपुरा के राजकीय बालिका प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय में भी वसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों को भामाशाह पप्पू सिंह तंवर द्वारा कॉपी एवं पैन का वितरण किया गया।उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भामाशाह पप्पू सिंह तंवर ने इसी विद्यालय में मां सरस्वती के मंदिर का निर्माण भी करवाया था। जिसको लेकर विद्यालय परिवार ने भामाशाह तंवर का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी ग्रामीण और विद्यार्थियों को प्रसाद का वितरण भी किया गया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान सांवरमल आर्य, ओंकार गुर्जर, कर्पूर चंद गर्ग, राजकुमार जांगिड़, रोहिताश गुर्जर, मगन सिंह, मदन सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री के प्रतिनिधि मधुर यादव ने पशु चिकित्सा उपकेन्द्र का किया शिलान्यास

## भामाशाह जन सेवा के कार्यों में बढ़-चढकर करें योगदान

जागरूक जनता
jagrukjanta.in/.com



**कोटपूतली।** क्षेत्रीय विधायक एवं स्टेट मोटर गैराज राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के अथक प्रयासों से विगत दिनों कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत पवाना अहीर में स्वीकृत हुए पशु चिकित्सा उपकेन्द्र के निर्माण कार्य का राज्यमंत्री यादव के प्रतिनिधि मधुर यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिलान्यास किया।

पशु चिकित्सा उपकेन्द्र हेतु भामाशाह जिनकाराम यादव एवं रामचरण यादव द्वारा मुख्य सड़क से लगती हुई करीब 25 लाख रूपये की जमीन एवं उपकेन्द्र भवन के निर्माण हेतु 25 लाख रूपये दान किये गये हैं।मुख्य अतिथि मधुर यादव ने भामाशाहों की सराहना करते हुए कहा कि विकास कार्यो में भामाशाहों का सहयोग बेहद आवश्यक है। जन सेवा के कार्यों में भामाशाहों को बढ़-चढकर योगदान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा उपकेन्द्र बनने के बाद ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। पं. आनन्दीलाल शर्मा ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर मुख्य अतिथि मधुर यादव से निर्माण कार्य का शिलान्यास करवाया। इस दौरान घीसाराम यादव, रत्तिराम यादव, प्रधानाचार्य महेश चंद यादव, सरपंच पूरणमल खटीक, भामाशाह रामचरण यादव, रामजीलाल यादव, व्याख्याता रामकरण यादव, कृष्ण यादव आदि ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

ग्रामीणों ने मधुर यादव को ग्राम पंचायत की अन्य मूलभुत आवश्यकताओं की जानकारी देते हुए गांव के विकास में भामाशाहों के इसी प्रकार योगदान देने की बात कही। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर युवा नेता विराट यादव, पुन्दर यादव, रामकिशोर हवलदार, शिवराम यादव, मनीष यादव, सुरेन्द्र यादव, जगदीश यादव, रामावतार यादव, महावीर यादव, साधुराम यादव, हवलदार रामकरण यादव व रामकिशोर यादव, रामकुंवार यादव, अमरसिंह यादव रामस्वरूप यादव, गजराज यादव, लीलाराम यादव, ग्यारसी लाल, हरिराम योगी, सुगनचंद कुमावत, सुगनचंद सैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019

# ई-कॉमर्स कंपनियों की भी है जवाबदेही-शासन सचिव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com



**जयपुर।** उपभोक्ताओं के अधिकारों को मजबूत करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में ई-कॉमर्स कंपनियों की जवाबदेही निश्चित की गई है। उपभोक्ता को नुकसान होने पर विक्रेता के साथ ही विनिर्माता एवं उत्पादक को भी जिम्मेदार बनाया हैं।

उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने राजस्थान उपभोक्ता कल्याण कोष एवं कॉरपस फंड के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए साल भर का आईईसी प्लान एवं समिति की बैठक निर्धारित अवधि में आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्थान विधिक माप विज्ञान (पर्वतन) नियम 2011 एवं विधिक माप विज्ञान (डिब्बा बन्द वस्तुएं) नियम 2011 का प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। शासन सचिव ने कहा कि आगामी 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर सेमिनार एवं संगोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का फेसबुक पेज एवं यूट्यूब के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जाएगा। जैन ने कहा कि प्रदेश में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए आगामी 1 मार्च से रोडवेज की बसों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया किया जाएगा। बैठक में कॉलेज एवं स्कूलों में उफभोक्ता संरक्षण के बारे में कार्यक्रम आयोजित किए जाने के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त खाद्य आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क राजपाल सिंह यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## राजस्थान के सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर खुलेंगे कॉलेज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विस में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि पंचायत समिति स्तर पर महाविद्यालय खोलने के लिए कोई सर्वे नहीं कराया गया है। प्रश्नकाल में विधायकों के पूरक प्रश्नों के जवाब में भाटी ने बताया कि ऐसे उपखण्ड मुख्यालयों पर प्राथमिकता से राजकीय महाविद्यालय खोले जाएंगे, जहां कोई सरकारी अथवा निजी महाविद्यालय नहीं है। उसके बाद वहां खोलेंगे, जहां राज. महाविद्यालय नहीं है।

### सातवें वेतन आयोग के परिलाभ मिलेंगे

सफिया जुबेर के प्रश्न पर भाटी ने कहा कि पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों, अभियांत्रिकी एवं गैर अभियांत्रिकी सेवा नियमों में संशोधन की कार्यवाही चल रही है। संशोधन के बाद संबंधित कार्मिकों को सातवें वेतन आयोग के परिलाभ दिए जाएंगे।

### सहायक आचार्य ऑन्कोलोजी विशिष्टता के रिक्त पदों पर भर्ती शीघ्र

श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री की ओर से कहा कि सहायक आचार्य मेडिकल ऑन्कोलोजी विशिष्टता के रिक्त 4 पदों तथा सर्जिकल ऑन्कोलोजी विशिष्टता के रिक्त 2 पदों को भरने के लिए लोक सेवा आयोग को अर्थना भेजी जा चुकी है। जूली ने आयुर्वेद मंत्री की ओर से कहा कि अजमेर व जोधपुर में शीघ्र ही होम्योपैथिक महाविद्यालयों का संचालन शुरू होगा। राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत अजमेर होम्योपैथिक महाविद्यालय के लिए जमीन का आवंटन कर दिया गया है। जोधपुर में भी शीघ्र आवंटन होगा।



राजस्थान आवासन मण्डल के संचालक मण्डल की 245 वीं बैठक

# आयुक्त के नेतृत्व में कोरोना काल के बावजूद मंडल का कोष छलका

**सवा साल के अल्प समय में 1952 करोड़ का रिकार्ड राजस्व प्राप्त**

**इस वर्ष बोर्ड को 2100 करोड़ रूपये के राजस्व प्राप्ति का अनुमान**

**भिवाड़ी की अरावाली विहार योजना में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत आवासीय योजना के लिए होगा पंजीकरण प्रारंभ**

**बाड़मेर के सिवाना की भीमगौड़ा आवासीय योजना के 223 अधिशेष आवासों को बेचा जाएगा 50 प्रतिशत छूट पर**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष भास्कर ए. सांवत की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यालय स्थित बोर्ड कक्ष में मंडल के संचालक मंडल की 245 वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 16 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि संचालक मंडल की बैठक में बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2019-20 के चार्टर्ड अंकाउन्टेट द्वारा अंकेक्षित/प्रमाणित वार्षिक अंतिम लेखों को अनुमोदित किया गया।

बोर्ड बैठक में इस बात पर संतोष व्यक्त किया गया कि मण्डल द्वारा कोरोना काल के बावजूद 8000 से अधिक अधिशेष आवासो के विक्रय से 1300 करोड रूपये, 275 प्रीमियम प्रोप्टीं के विक्रय से 334 करोड़ रूपये, तथा ''अपनी दुकान अपना व्यवसाय'' योजना में 794 दुकानें बेच कर 122 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, इस प्रकार मात्र सवा साल के अल्प समय में अभी तक 1952 करोड़ रूपये का रिकार्ड राजस्व प्राप्त किया गया जो कि वित्तीय वर्ष के अन्त तक 2100 क्करोड़ रूपये होने का अनुमान है।

पूंजीगत प्राप्तियों से आवासन मंडल की तरलता (लिक्विडिटी) में आशातीत सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020-21 में 4478 आवास पूर्व से निर्माणाधीन थे जबकि इस वर्ष 6059 आवास और स्वीकृत किये गये है। इनमें इ.डब्लू.एस 3047, एल.आई.जी 4078, एवं एम.आई.जी. 2401 आवास है, जबकि एच.आई.जी.के मात्र 516 एवं एस.एफ.एस के 495 आवास हैं। इस वर्ष विभिन्न निर्माण कार्यो पर 476 करो? रूपये व्यय होना अनुमानित है।

### शुरू किए जाएंगे पंजीकरण

उन्होंने बताया कि बोर्ड बैठक में निर्णय हुआ भिवाड़ी की अरावली विहार योजना में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के निर्मित किए जाने वाले फ्लैट्स हेतु पंजीकरण योजना प्रारंभ की जाएगी। यहां ग्रुप हाउसिंग के लिए आरक्षित 6 भूखंडों पर मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत कुल 808 फ्लैट्स का नियोजन किया गया है। इनमें आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के लिए 536 एवं अल्प आय वर्ग के लिए 272 फ्लैट्स का नियोजन किया जाना है।

### आवासों को बेचा जाएगा 50 प्रतिशत छूट पर

आयुक्त ने बताया कि बोर्ड में निर्णय लिया गया कि बाड़मेर के सिवाना की भीमगौड़ा आवासीय योजना के 223 अधिशेष आवासों को 50 प्रतिशत की छूट पर बेचा जाएगा। यह आवास ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचे जाएंगे। बैठक में मुख्य नगर नियोजक आर.के.विजयवर्गीय, सचिव संचिता विश्नोई, वित्तीय सलाहकार रेखा भास्कर, मुख्य अभियंता प्रथम के.सी. मीणा, मुख्य अभियंता द्वितीय जी.एस. बाघेला सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# निगम संचालन समितियों के 6 चेयरमैनों ने संभाली कुर्सी

**सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सर्राफ रहे मौजूद**

**वित्त समिति चेयरमैन शील धाबाई ने भी संभाला कार्यभार**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर जयपुर की 6 संचालन समितियों के चेयरमैनों ने बसंत पंचमी के अबूझ मुहूर्त पर मंगलवार को अपनी कुर्सी संभाल ली। वित्त समिति चेयरमैन शील धाबाई के अलावा भवन अनुज्ञा एवं संकर्म समिति, महिला एवं बाल विकास समिति, लाइन्सेस समिति, लोकवाहन समिति व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन समिति के चेयरमैनों ने कार्यभार संभाल लिया। सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सर्राफ और उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने चेयरमैनों को कार्यभार ग्रहण करवाया। उपमहापौर ने बताया कि वित्त समिति की चेयरमैन शील धाबाई, भवन अनुज्ञा एवं संकर्म समिति के चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली, महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमैन मीनाक्षी शर्मा, लाईन्सेस समिति के चेयरमैन रमेश सैनी, लोकवाहन समिति के चेयरमैन विनोद चौधरी तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की चेयरमैन अर्चना शर्मा ने कार्यग्रहण किया। कार्यग्रहण के बाद भवन अनुज्ञा एवं संकर्म समिति के चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली ने कहा कि पारदर्षिता के साथ भवन निर्माण स्वीकृति सम्बन्धी पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। लाइसेंस समिति चेयरमैन रमेश सैनी ने बताया कि बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए प्राथमिकता डेयरी बूथों अलॉट करने की रहेगी। वहीं अवैध पार्किंग पर कार्रवाई की जाएगी।

## म्यूजिकल सफर इंडिया ने स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश देते हुए मनाया वैलेंटाइन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** म्यूजिकल सफर इंडिया द्वारा स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश देते हुए गीत संगीत के साथ वेलेन्टाइन डे को मनाया गया। म्यूजिकल सफर इंडिया की फाउंडर सपना पाठक और प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक ने बताया कि इस दिवस को अलग तरह से मनाने के लिए कार्यक्रम में गायन,नृत्य और शरीर व मन को चुस्त-दुरुस्त और स्वस्थ रखने के लिए कई सारी गेम एक्टिविटी को भी रखा गया, सपना पाठक ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में गीत संगीत और खेल न केवल सकारात्मकता से जोड़े रखता है बल्कि स्वस्थ भी रखता है। कार्यक्रम में कलाकारों में राजन, उन्नीकृष्णन, सीमा, मीनाक्षी, उर्मिला, शिव नयति, रूपा, देवेन्द्र अतुल, सुमन, राजेन्द्र, दिनेश, हितेश, ज्योति, हेमन्त, भरत, रेखा, नीलेश रघुवीर, सुनीता, सूबे सिंह, संगीता, गौरव, श्याम शर्मा,व प्रियंका उपस्थित रहे सभी ने बहुत ही शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक जी ने कुछ नए तरह के रोचक गेम बीच बीच मे खिलाकर प्रोग्राम का माहौल ऊर्जावान और हंसी खुशी भरा बनाये रखा । कार्यक्रम में आर जे विजय, बॉलीवुड सिंगर रहमान अली, यूनुस खान, समीर सेन और सेवानिवृत्त वरिष्ठ उपमहालेखाकार यू. एस. कुलश्रेष्ठ उपस्थित थे, अंत मे सपना पाठक व विजेंद्र पाठक जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

परिवहन मुख्यालय में राजस्व अर्जन की समीक्षा बैठक

# परिवहन विभाग ला रहा है बड़ी पॉलिसी, हर मार्ग पर मिलेगा साधन - परिवहन मंत्री

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि प्रदेश के सभी मार्गों पर बसों का संचालन हो, इसके लिए बड़ी पॉलिसी लायी जा रही है। मुख्यमंत्री स्तर पर पॉलिसी तय हो रही है। यह विभाग में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर भी शिकंजा कसेगी। इससे हर मार्ग को साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया गया है कि इसी वित्तीय वर्ष के बजट में पॉलिसी का प्रावधान करें। खाचरियावास ने मंगलवार को परिवहन विभाग से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी प्रादेशिक और जिला परिवहन अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में 'राजस्व अर्जन की समीक्षा' करते हुए उन्होंने आरटीओ और डीटीओ को निर्देश दिए कि बिना टैक्स जमा कराए चल रहे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही करें। वाहन फाइनेंस करने वाली कंपनियों के यार्ड में खड़े, ऐसे वाहनों की तलाश करें जिन्होंने टैक्स नहीं जमा कराया। वहां से भी टैक्स की वसूली की जाये। उन्होंने कहा कि परिवहन अधिकारी अपने क्षेत्र की बस यूनियन, ट्रक यूनियन और अन्य वाहन यूनियनों के पदाधिकारियों से संवाद करें। राज्य सरकार की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताए।



### जनकल्याणकारी योजना की कड़ी में ग्रामीण सेवा

**खाचरियावास** ने कहा कि जनता को राहत देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की कड़ी में ग्रामीण परिवहन सेवा बड़े स्तर पर लायी जा रही है। इसके लिए सभी विधायकों के साथ परिवहन निरीक्षकों, प्रादेशिक और जिला परिवहन अधिकारियों से मार्गों को लेकर सुझाव मांगे है।

### वाहन संचालक को तकलीफ दिए बिना, प्राप्त करेंगे राजस्व लक्ष्य

**खाचरियावास** ने कहा कि इस बार कोरोना काल के दौरान वाहन संचालकों को कई रियायतें भी दी गयी है। इसके साथ ही राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने के भी प्रयास किये जा रहे है। लक्ष्य ऐसे प्राप्त करेंगे कि कोई तकलीफ में भी नहीं आए। गत वित्तीय वर्ष में 5 हजार 6 सौ करो? में से 5 हजार करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया था।

### बहरोड़ मिड-वे हमारी शान है

**खाचरियावास** ने बताया कि बहरोड़ मिड-वे परिवहन विभाग के कारण ही फिर चला है। बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हमनें आग्रह किया था कि रोडवेज बसों और यात्रियों के सिक्योरिटी पाइंट से मिड-वे चलना चाहिए। अब मिड-वे शुरू हो गया है। इससे आरटीडीसी ही नहीं, रोडवेज को भी फायदा होगा। हम चाहते है कि आरटीडीसी के सभी मिड-वे चलने चाहिए। बहरोड़ मिड-वे हमारी शान है। राजस्थान टूरिस्ट डवलपमेंट कॉर्पोरेशन और राजस्थान रोडवेज एक-दूसरे के साथ मिलकर चलेंगे। इसमें रोडवेज यात्री मिड-वे पर ठहरेंगे तो उन्हें 30% की छूट मिलेगी।

### इलेक्ट्रिक बसें जल्द चलेंगी

**परिवहन** मंत्री ने बताया कि जल्द ही इलेक्टिक बस चलेंगी। इनके लिए जयपुर और दिल्ली में चार्जिंग स्टेशन लगाए गए है। मिड-वे पर भी स्टेशन बनाए जाएंगे। इलेक्ट्रिक बसों के साथ ही बीकानेर हाउस भी शुरू हो जाएगा। ये बसें भारत सरकार के सहयोग से आ रही है। इनके सफल संचालन में मुख्यमंत्री पहल कर रहे है।

### उड़नदस्तों के कार्यों की करें समीक्षा

**बैठक** में परिवहन आयुक्त रवि जैन ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि माइक्रो लेवल पर उड़नदस्तों के कार्यों की समीक्षा करें। परिवहन जिलों के कार्यों में सुधार लाये। बैठक में मुख्यालय पर अतिरिक्त परिवहन आयुक्त महेंद्र खींची, आकाश तोमर, आरसी यादव सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## गार्गी पुरूस्कार से सम्मानित हुई छात्राएं



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**कोटपूतली।** कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय गार्गी पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष बसंत पंचती पर आयोजित होने वाले इस समारोह में कक्षा 10 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को दो किस्तों में 3000-3000 रुपये व प्रमाण पत्र तथा कक्षा 12 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 5000 रूपये व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि एडीएम जगदीश आर्य ने शिक्षा को ही अशिक्षा के खिलाफ कारगर हथियार बताते हुए महिला शिक्षा के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए।वहीं उन्होंने विदुषी गार्गी के जीवन परिचय का भी उल्लेख किया।अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने कहा कि इस वर्ष विद्यालय की करीब 38 छात्राओं ने गार्गी पुरूस्कार प्राप्त किया है।विशिष्ठ अतिथि पालिकाध्यक्ष पुष्पा सैनी ने कहा कि बालिका शिक्षा से ही देश का विकास सम्भव है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान सीबीईओ अनिल यादव,एसीबीईओ दयाराम चौरड़िया, शार्दुल सिंह यादव, लालाराम यादव, राजेश यादव सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर मनाई बसंत पंचमी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** बिहार समाज संगठन जयपुर जिला की ओर से आज बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। सुबह मुर्ति स्थापन 11:30 बजे हुई । दोपहर 12:30 बजे से प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद भजन कीर्तन हुआ जो रात तक बसंतोत्सव और फागोत्सव पर सब को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रोताओ के उल्लास देखते ही बनता था। फागोत्सव पर चंग डम्फ के साथ गुलाल लगा कर दृश्य को और मनमोहक बना दिया। समाज के प्रवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम बनीपार्क स्थित बसंत मार्ग, गुलाब उधान समिति पर मनाया गया। इस वर्ष भी विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सुनिल प्रसाद शर्मा ए सी पी,रामगंज, जयपुर शहर हुए उनको माला चुनरी श्रीफल साफा और मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि मुकुंद सिंह, डॉ. अनूज मेहता, अतिथि एन प्रसाद, शशि शंकर झा, अमरेन्द्र सिंह, संतोष दूवे, एवं समाज सेवी को सम्मान किया गया । समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से भाग लिए एवं सपरिवार उपस्थित रहें । सुबह 10 बजे से हवन के साथ पूजा सम्पन्न होगा। इसके बाद पूर्वाह्न 11:30 बजे से शोभा यात्रा के साथ गुलाब उधान बनीपार्क से प्रस्थान करेगी गर्वमेंट चौराहा ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए कानोता बांध पर पूर्ण मूर्ति विसर्जन किया जाएगा ।

ANCHOR

लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने किया कोटपूतली दौरा

# शिल्पकारों ने विश्व में आधुनिक भारत के गौरव को बढ़ाया-बिरला

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पनियाला मोड़ स्थित सत्यनारायण जाँगिड़ कृषि फॉर्म पर अखिल भारतीय जाँगिड़ ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि भारतवर्ष और भारतीय संस्कृति हमेशा से ही पूरे विश्व में मान-सम्मान, यश एवं वैभव की प्रतीक रही है। भारतवर्ष के इसी गौरव में शिल्पकार समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।शिल्पकारों ने आधुनिक भारत के गौरव को पूरे विश्व में बढ़ाया है। शिल्पकार से आत्मनिर्भर भारत का संदेश पूरी दुनिया में गया है।हमें हमारी संस्कृति विरासत में मिली है।यह देश हमेशा से ही विविधताओं से भरा हुआ है।हम अपने-अपने समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे तो निश्चित ही यह देश भी एकजुटता के साथ आगे बढ़ेगा।वहीं उन्होंने कहा कि जब भी भगवान राम का नाम आयेगा। तब जांगिड़ समाज का भी नाम आयेगा। उन्होंने गुजरात में लगाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में शिल्पकारों का क्या कद है यह उस मूर्ति को देखकर पता चलता है। महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान नेमीचंद जांगिड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।वहीं राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शिल्पकार समाज के लिए यह समय पुनर्जागरण का है।वर्तमान समय में जांगिड़ समाज शिक्षा व राजनीति के क्षेत्र में भी समान रूप से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि आगामी 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दिल्ली के रामलीला मैदान में जांगिड़ समाज की विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा।क्योंकि उसी दिन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्मदिवस है।इस मौके पर बिरला ने जांगिड़ समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को पद की शपथ भी दिलवाई।कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में कस्बे के निकटवर्ती गांव सुदरपुरा ढाढा के निवासी भाजपा दिल्ली के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने भी शिरकत की।इस मौके पर जांगिड़ समाज की ओर से बिरला का माला एवं साफा व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान अनिल एस जांगिड़, कोषाध्यक्ष सोमदत्त जांगिड़,छगन लाल जांगिड़, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश,भामाशाह सत्यनारायण जांगिड़ पूतली वाले,सोहन लाल जांगिड़, सत्यवीर जांगिड़,राजकुमार जांगिड़,मदन लाल, राजेश जांगिड़,हेमंत कुमार,कैप्टन हेमराज, हवलदार मातादीन,भागीरथ मल, रोहिताश जांगिड़, कन्हैयालाल,मक्खन लाल जांगिड़, छाजूराम सहित बड़ी संख्या में जांगिड़ समाज के पदाधिकारी एवं समाज बन्धु मौजूद रहे।

### डेढ़ घण्टा देरी से पहुंचे बिरला

लोकसभा अध्यक्ष बिरला हेलीकॉप्टर द्वारा राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय के खेल मैदान पर बनाये गये हेलिपैड पर निर्धारित समय से करीब डेढ़ घण्टा देरी से पहुंचे। भाजपा दिल्ली के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल भी उनके साथ हेलीकॉप्टर द्वारा दिल्ली से आये थे। जो कि टोंक के एक कार्यङ्म में शिरकत करने के बाद कोटपूतली पहुंचे थे।बिरला के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद देखी गई।राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय एवं आसपास पुलिस के जवानों की भारी संख्या में तैनाती की गई थी।हेलीपेड पर एडीएम जगदीश आर्य,एसडीएम सुनीता मीणा, तहसीलदार सूर्यकांत शर्मा,डीएसपी दिनेश यादव सहित जांगिड़ समाज के प्रतिनिधियों एवं भाजपा नेता मुकेश गोयल,शंकर लाल कसाना,कमलेश प्रजापति एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

# खाना-खजाना

## घर पर बनाएं गार्लिक वड़ा-पाव

अगर आपको स्नैक्स में कुछ चटपटा और टेस्टी खाने या बनाने का मन है तो आज हम आपको वड़ा-पाव की खास रैसिपी बताएंगे। गार्लिक वड़ा - पाव टेस्टी के साथ-साथ हैल्दी भी हो सकता है अगर आप उसे कुछ इस तरह बनाएं।

**हमें चाहिए**

- 6 पाव
- 2 बड़े चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- 2 बड़े चम्मच पाव-भाजी मसाला
- 1 बड़ा चम्मच लालमिर्च पाऊडर
- 1 बड़ा चम्मच चिली फ्लैक्स
- 2 बड़े चम्मच धनिया-हरीमिर्च का पेस्ट
- 1 बड़ा चम्मच शिमलामिर्च बारीक कटी
- 1 चम्मच लालपीली शिमलामिर्च बारीक कटी
- 1 चम्मच गाजर कसी
- 1 चम्मच मटर उबले
- 1 बड़ा चम्मच आलू बारीक कटा
- 1 बड़ा चम्मच प्याज बारीक कटा
- 1 हरीमिर्च बारीक कटी
- 1 बड़ा चम्मच उबले हुए कॉर्न।

**बनाने के लिए**



2 बड़े चम्मच मक्खन में थोड़ा सा अदरक-लहसुन पेस्ट, धनिया पत्ती का पेस्ट, चिली फ्लेक्स और पाव-भाजी का मसाला मिक्स कर लें। एक पैन में 2 बड़े चम्मच मक्खन गरम करें। सारी सब्जियां उस में डाल कर अच्छी तरह भूनें। सारे मसाले व अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और सब्जियों को आधा गलने तक पकाएं। नॉन स्टिक पैन पर मसाला मिक्स किया हुआ मक्खन डालें और सारे पाव को बीच में से काट कर उलट-पलट कर मक्खन में अच्छी तरह सेक लें। तैयार पावों के ऊपर सब्जियों का मिश्रण लगाएं। चीज बुरकें और पाव का ऊपर का हिस्सा उस पर रख कर थोड़ा मक्खन और मसाला लगाएं। गरम-गरम परोसें।

## हरे-भरे अप्पे



हरे-भरे अप्पे की रैसिपी हैल्दी और टेस्टी होती है, जिसे आसानी से बनाया जा सकता है।

अगर आप अपनी फैमिली के लिए ब्रेकफास्ट में हैल्दी और टेस्टी रैसिपी ट्राई करना चाहते हैं तो हरे-भर अप्पे की ये रैसिपी ट्राई करना न भूलें। हरे-भरे अप्पे की रैसिपी हैल्दी और टेस्टी होती है, जिसे आसानी से बनाया जा सकता है।

**हमें चाहिए**

- 1 कप सूजी
- 2 बड़े चम्मच दही
- 1 बड़ा चम्मच धनिया-पुदीने की चटनी
- 1 छोटा चम्मच सरसों के दाने
- 1/2 बड़ा चम्मच ईनो
- पानी आवश्यकतानुसार
- नमक स्वादानुसार।

**सामग्री भरावन की**

- 1 प्याज बारीक कटा
- 1/2 कप मटर उबले हुए
- एकचौथाई चम्मच जीरा
- एकचौथाई चम्मच चाटमसाला
- 1 बड़ा चम्मच मूंगफली भुनीकुटी हुई
- तेल आवश्यकतानुसार
- थोड़े से करी पत्ते।

**बनाने का तरीका**

सूजी में दही, पानी, नमक व पुदीना का पेस्ट मिला कर इडली जैसा मिश्रण बना लें। इसे थोड़ी देर रखा रहने दें। 10 मिनट बाद चैक करें। यदि यह मिश्रण थोड़ा गाढ़ा लगे तो इस में थोड़ा सा पानी और मिला लें।

**विधि भरावन की**

भरावन के लिए एक पैन में तेल गरम करें। उस में जीरा डाल कर प्याज को गुलाबी होने तक भूनें। बाकी सारी सामग्री मिला कर अच्छी तरह भून लें। इस मिश्रण में पानी नहीं रहना चाहिए। अप्पे पैन गरम करें। उस के खांचों में थोड़ा तेल लगाएं, सरसों के दाने और करी पत्ते डालें। अब सूजी के तैयार मिश्रण में ईनो मिलाएं और अप्पे पैन के खांचों में आधा भरने तक मिश्रण डालें। भरावन के तैयार मटर की छोटी-छोटी गोलियां बना कर इस मिश्रण के ऊपर रखें और फिर ऊपर सूजी का मिश्रण डाल दें। इसे ढक कर 5 मिनट तक पकाएं। ढक्कन खोल कर इन्हें पलट दें। दोनों तरफ से सुनहरा होने तक पका लें। हरी चटनी के साथ गरमगरम परोसें।

## राजमा और छोले खाएं और वजन घटाएं



वजन घटाने के लिए क्या कुछ नहीं करना पडता है। यहां तक आप अपना फेवरेट खाना तक छोड देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि छोले और राजमा खाने से भी आप अपना वजन कम कर सकते हैं।

वजन कम करने के लिए योगा के साथ-साथ खान-पान में कई तरह की सावधानी बरतनी चाहिए। लेकिन ये सावधानी कभी कभी हमें तब ज्यादा खलने लगती हैं जब, हम अपनी पसंद के स्वादिष्ट पकवान नहीं खा पाते और ललचाते रह जाते हैं। क्या हो अगर आपको अच्छा-अच्छा खाने के साथ वजन कम करने का मौका मिल जाए तो? आपको शायद हमारी इस बात पर हैरानी होगी, जो जायज भी है। लेकिन ये शत-प्रतिशत सच भी है। देखा जाए तो हम भारतीयों को छोले और राजमा काफी पसंद होते हैं जिन्हें छोड़ने का तो बिलकुल भी मन नहीं होता। आज हम आपको छोले और राजमा से बने ऐसे स्नैक्स के बारे में बताएंगे जिससे आपका वजन बिलकुल भी नहीं बढ़ेगा। कौन से हैं ये स्नैक्स और कैसे आप इसे कर सकते हैं तैयार, जानने के लिए पढ़ते रहिए हमारा ये खास लेख।

**● बीन्स सैलेड**

कुछ लोगों की मानसिकता ये होती है कि सैलेड बिलकुल भी स्वादिष्ट नहीं होते। तो ऐसे लोगों की सोच पर विराम लगाने का वक्त आ गया है। जी हां सैलेड को पहले से ही काफी हैल्दी माना जाता रहा है। आप एक स्नैक्स के तौर पर इसका आनंद ले सकते हैं।

बनाने की विधि: बीन्स सैलेड को बनाना बेहद आसान है। इसके लिए आपको एक कटोरी उबला हुआ राजमा, एक कटोरी उबले हुए छोले, आधा कप प्याज, आधा कप टमाटर, आधा कप खीरा, बारीक कटा हुआ हरा धनिया, दो चम्मच नींबू का रस, स्वादानुसार सेंधा नमक और काली मिर्च चाहिए होगा। ये सब आपस में अपने अनुसार मिलाकर 15 से 25 मिनट तक रख दें। फिर इसे खाएं, ये काफी स्वादिष्ट लगेगा।

**● हरा-भरा कबाब**

बात कबाब की हो रही हो और मुंह में पानी न आए ऐसा कैसे हो सकता है। आप समान्य तले हुए कबाब की जगह सिके हुए कबाब का चयन करें। ये सुपर पौष्टिक कबाब छोले और राजमा से बने होते हैं। जो काफी अच्छा होता है और फैट भी नहीं बढ़ाता।

बनाने की विधि: सुनने में मुश्किल लेकिन बनाने में आसान हरा-भरा कबाब काफी हैल्दी होता है। इसे बनाने के लिए आपको आधा कप उबला हुआ राजमा, आधा कप उबले हुए छोले, आधा कप मसला हुआ पनीर, एक उबला हुआ आलू, 100 ग्राम पालक, ब्रैड क्रम्बस, थोड़ा सा तेल, एक कटा हुआ प्याज, जीरा पाऊडर, चाट मसाला, स्वादानुसार नमक और काली मिर्च लें। इसे बनाने के लिए राजमा, छोले, आलू, पनीर और पालक को आपस में मैश कर लें और बाकी का समान मिला कर सेंक लें। गर्मागर्म सर्व करें।

**● हैल्दी सूप**

आप चने और राजमा के साथ टेस्टी सा सूप बना सकते हैं और अपना पेट भर सकते हैं।

बनाने की विधि- इस हैल्दी सूप को बनाने के लिए आपको आधा कप उबला हुआ राजमा, आधा कप उबले हुए छोले, एक कटा हुआ प्याज, एक कप टमाटर का पेस्ट, एक चम्मच लहसुन का पेस्ट, आधा कप कटा हुआ गाजर, एक चम्मच जीरा पाऊडर, आधा चम्मच मिर्च पाऊडर, दो कप पानी, आधा चम्मच काली मिर्च का पाऊडर, एक चम्मच तेल और स्वादानुसार नमक लें। इसे बनाने के लिए इन सभी सामाग्रियों को मिलाकर 15 से 20 मिनट तक अच्छे से पका लें। आपका सूप तैयार है।

**● मिक्स ग्रेन डोसा-**

अगर आप साऊथ इंडियन व्यंजनों को खाना पसंद करते हैं तो आप राजमा और छोले के मिश्रण का डोसा खा सकते हैं।

बनाने की विधि: डोसा बनाने के लिए आपको एक कप राजमा, एक कप छोले, अदरक, हरी मिर्च, जीरा, तेल और स्वादानुसार नमक चाहिए होगा। इसे बनाने के लिए राजमा और छोले को सात से आठ घंटे तक भिगोकर रखें। उसमें सभी सामग्री मिलाकर पेस्ट बना लें और तवे में डोसा बनाकर गर्मागर्म खाएं।

तो ये राजमा और छोले से बने कुछ ऐसे स्नैक्स हैं, जिनको खाने से आपका टेस्ट तो बढ़ेगा ही, साथ में आपका वजन बढ़ने की बजाय कम होगा। तो आप आज ही ये डिश बनाकर खाइए और खिलाइए।



## जायकेदार छोले-भटूरे

**सामग्री**

400 ग्राम मैदा, 60 ग्राम सूजी, 100 ग्राम दही, 1 छोटा चम्मच चीनी, 3/4 चम्मच बेकिंग सोडा, तलने के लिए आवश्यकतानुसार बरतोली ऑलिव ऑयल।

**विधि**

मैदा और सूजी को मिला कर छान लें, अब इस में 2 बड़े चम्मच बरतोली ऑलिव ऑयल, नमक, बेकिंग सोडा, दही और चीनी मिलाकर गुनगुने पानी से आटा गूंथ लें। अब आटे को 2 घंटे के लिए ढक कर रख दें। एक कड़ाही में बरतोली ऑलिव ऑयल गर्म कर आटे की लोइयां बनाकर गोल आकार में बेल कर हल्का सुनहरा होने तक तल लें।

**सामग्री चनों के लिए**

250 ग्राम सफेद चने, 1/2 छोटा चम्मच बेकिंग सोडा, 2-टी बैग, 5 मध्यम आकार के टमाटर पिस, 2 हरी मिर्चें पिसी, 1 छोटा चम्मच अदरक का पेस्ट, 2 बड़े चम्मच बरतोल ऑलिव ऑयल, 1/2 छोटा चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग, 1 छोटा चम्मच अनारदाना पाऊडर, 1/2 छोटा चम्मच धनियां पाऊडर, 1/4 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाऊडर, 1/2 छोटी कटोरी धनियापत्ती कटी, नमक स्वादानुसार।

**विधि**

चनों को रात भर पानी में भिगो दें। फिर धो कर इनमें 1 छोटा गिलास पानी, बेकिंग सोडा और टी बैग डाल कर उबाल लें। अब एक कड़ाही में बरतोली ऑलिव ऑयल गर्म करके उसमें हींग, जीरा और अनारदाना डाल कर भूनें। इनके भुनने पर धनिया पाऊडर डालें। अब इसमें टमाटर, अदरक, हरी मिर्च और



लाल मिर्च पाऊडर मिलाकर मसाले को तब तक भूनें जब तक कि वह तेल न छोड़ने लगे। फिर इसमें 1 गिलास पानी और स्वादानुसार नमक डालें, उबाल आने पर चने मिलाएं, चनों में से टी बैग निकाल दें। अगर आपको ग्रेवी गाढ़ी लग रही है तो आवश्यकतानुसार पानी मिला सकती हैं। उबाल आने के बाद 2-3 मिनट तक पकाएं। फिर गर्म मसाला और धनियापत्ती मिलाकर गर्म-गर्म भटूरों के साथ सर्व करें।

## चना दाल की चटनी



**सामग्री :** चना दाल 100 ग्राम, लहसुन 5-6 दाने, 25 ग्राम पोस्तादाना, हरी मिर्च दो, इमली का रस, सरसों तेल तथा नमक स्वाद के अनुसार।

**विधि :** चने की दाल को सूखा ही सरसों तेल में डालकर भून लें और उसे मिक्सी में डालकर अच्छी तरह पीस लें। अब इसमें लहसुन, पोस्तादाना, हरी मिर्च डालकर थोड़ा पानी डालते हुए पेस्ट की तरह पीस लें। इस तैयार पेस्ट में इमली का रस एवं नमक डाल कर मिला लें। तैयार है दाल की चटनी।

## सैफरोन एप्पल फिरनी

अगर आप डेजर्ट में कुछ हैल्दी और टेस्टी रैसिपी ट्राई करना चाहते हैं तो सैफरोन एप्पल फिरनी ट्राई करना न भूलें। सैफरोन एप्पल फिरनी टेस्टी के साथ-साथ हैल्दी भी होती है, जिसे आप आसानी से अपनी फैमिली और फ्रैंड्स को डेजर्ट में परोस सकते हैं।

**हमें चाहिए**

- 2 लीटर दूध
- 100 ग्राम चावल
- 5 ग्राम केसर
- 15 ग्राम शूगर फ्री
- 5 ग्राम हरी इलायची
- 1 किलोग्राम सेब
- 1 छोटा चम्मच दालचीनी।



**बनाने का तरीका**

चावलों को 2 घंटे भिगो कर सुखा लें। फिर मिक्सी में दरदरा पीस लें। गहरे बर्तन में दूध गरम करें। उबाल आने पर इस में चावलों का आटा मिलाएं और धीमी आंच पर ढाई घंटे पकाएं। केसर, इलायची पाऊडर मिला कर आधा घंटा और पकाएं। फिर आंच से उतार कर ठंडा होने दें। सेबों का छिलका उतार कर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसे आधा एम.एल. पानी में उबाल लें। 5 सैकेंड बाद सेबों को कद्दूकस कर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। ठंडा होने पर सैफरोन फिरनी में मिलाएं और कटोरे में डाल कर बादाम व पिस्ता से सजा कर परोसें।

## मलाई टिक्का

अगर आप घर पर रेस्टोरेंट स्टाइल खाना बनाने की शौकीन हैं तो ये रेसिपी जरूर ट्राय करें। मलाई टिक्का बनाना आसान है. ये हेल्दी के साथ-साथ टेस्टी रेसिपी है।

**हमें चाहिए**

- बोनलेस चिकन(200 ग्राम)
- दही(50 ग्राम)
- क्रीम(75 ग्राम)
- काली मिर्च पाउडर(1 चम्मच)
- गरम मसाला(1 चम्मच)
- चाट मसाला(1 चम्मच)
- धनिया पाउडर(1 चम्मच)
- कस्तूरी मेथी(1 चम्मच)
- मिर्च के दाने(1 चम्मच)
- विनेगर(1 चम्मच)
- अदरक लहसुन पेस्ट(3/2 चम्मच)
- नमक(स्वादानुसार)

**मलाई टिक्का बनाने की विधि**

- सबसे पहले चिकन का छोटा-छोटा पीस काट ले।
- एक बड़े कटोरे में दही, फ्रेश क्रीम, काली मिर्च पाउडर, गरम मसाला, चाट मसाला, धनिया पाउडर, कसूरी मेथी, मिर्च पाउडर, विनेगर, नमक और अदरक लहसुन पेस्ट को डाल दें और उसे अच्छे से मिलाएं।
- फिर उसके अंदर चिकन के पीस को डाल दे और अच्छे से मिलाएं।
- फिर उसे प्लास्टिक से अच्छे से कवर कर दे और उसे 15 से 20 मिनट के लिए फ्रिज में या बाहर रख दें।
- तब तक हम बांस की लकडी को पानी में डाल कर थोडी देर छोड देंगे।
- जिससे चिकन पकाते टाइम लकडी जलेगी नहीं।
- फिर चिकन को बहार निकाले और उसे अच्छे से मिला लें और उसे बांस की लकड़ी में चिकन के टुकड़े को लगा दें।
- उसके बाद तवा पर थोड़ा सा बटर या घी डाल दें और उसके ऊपर चिकन को पकने के लिए रख दे, और बचे हुए क्रीम को उसके ऊपर ही डाल दें।
- बीच-बीच में हम चिकन को पलट देंगे और उसके क्रीम को चिकन के साइड सटा देंगे।
- फिर उसे थोड़ी देर के लिए ढक देंगे और पकाएंग, ऐसे ही करते करते हमारी क्रीम चिकन में अच्छे से पकड़ लेगी।
- चारों तरफ चिकन पक जाने के बाद तवे को उतार दें।



## कैरेटु पोरियल



**सामग्री-** लंबी फांकों में कटी गाजर-1 बाऊल, भुनी मूंगफली-1 बड़ा चम्मच, उड़द की दाल-1 छोटा चम्मच, चने की दाल-1 छोटा चम्मच, बारीक कटा प्याज-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी हरी मिर्च-1 छोटा चम्मच, करी पत्ता 8-10 राई, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाऊडर, रिफाइंड तेल-2 बड़े चम्मच, नमक-स्वादानुसार, नींबू का रस-1 बड़ा चम्मच।

**विधि-** दालों को 15 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। मूंगफली का छिलका उतार दें। कड़ाही में 1 बड़ा चम्मच तेल गर्म करके गाजर के टुकड़े डालें। नमक मिलाकर मंदी आंच पर ढक कर पकाएं। बीच-बीच में हिलाती रहें। गाजर गल जाने पर आंच से उतार लें। पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल गर्म करके राई, करी पत्ता, पानी में निकालकर उड़द व चने की दाल डालें। राई चटकने पर प्याज, हरी मिर्च, मूंगफली डालकर भूनें। स्वादानुसार नमक की फांकों पर डालकर नींबू का रस मिलाएं।



## पीनट स्वीटी

**सामग्री-** भुनी हुई मूंगफली-100 ग्राम, मोटा चावल-50 ग्राम, दूध- डेढ़ लीटर, शूगर फ्री पाऊडर-15 ग्राम, आधे कटे पिस्ता-1 बड़ा चम्मच, केसर के धागे-10-12

**विधि-** केसर के धागे को 3-4 चम्मच पानी में भिगोकर रख दे। मूंगफली के दानों को छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। दूध को उबालने के लिए रखें। चावल को थोड़ा मोटा पीसकर मिला दें। आधा रहने पर मूंगफली दानों के टुकड़े इसमें मिला दें। थोड़ा और होने पर शुगर फ्री पाऊडर भी मिलाकर ठंडा होने दें। बाऊल्स में डालकर 3-4 बूंदें केसर का पानी और कटे पिस्ते से सजाकर सर्व करें।

## मैकरोनी एंड कॉर्न चीज बॉल्स

**सामग्री-** बटर-1 चम्मच, मैदा-2 चम्मच, दूध-1 कप, मैकरोनी-1 कप, स्वीट कॉर्न- कप, चीज-1/4 कप, शिमला मिर्च-1, रैड चिली फ्लैक्स-2 चम्मच, काली मिर्च पाऊडर-1 चम्मच, नमक-स्वादानुसार, ब्रैड क्रंब्स-1 कप, तेल- फ्राई करने के लिए।



**विधि-** वाइट सॉस बनाने के लिए पैन में बटर पिघलाएं। उसमें मैदा डाल कर 1 मिनट चलाएं और फिर दूध डालें। इसे अच्छी तरह से चलाएं। फिर इसमें उबला पास्ता और कटी शिमला मिर्च डाल कर 5 मिनट पकाएं। अब नमक, चिली फ्लैक्स, काली मिर्च, स्वीट कार्न डालकर मिक्स करें। इसे 4-5 मिनट अच्छी तरह से पकाएं। अब इसमें घिसी हुई चीज डाल कर इसे पिघलने दें। आंच बंद करें और सामग्री को ठंडा होने दें। मिश्रण को 6-7 भागों में बांटें। इसकी छोटी-छोटी बॉल्स बनाएं। एक प्लेट पर ब्रैड क्रंब्स फैलाएं। उस पर इन बॉल्स को लपेटें। अब कड़ाही में तेल गर्म करके इन बॉल्स को हल्का सुनहरा तल लें। एक बार हो जाने के बाद बॉल्स को प्लेट में निकालें और कैचअप के साथ सर्व करें।

# मेरे लिए हर फिल्म एक नई शुरुआत
# ALIA BHATT



**सं**जय लीला भंसाली इन दिनों आलिया भट्ट के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की शूटिंग कर रहे हैं। निर्देशक भंसाली और फिल्म में शीर्षक भूमिका निभाने वाली आलिया भट्ट को एक-दूसरे के साथ काम करके इतना अच्छा लगा कि संजय ने आलिया के साथ अपने अगले प्रोजैक्ट को लेकर भी प्लानिंग शुरू कर दी है। प्रस्तुत हैं आलिया भट्ट के साथ की गई बातचीत के मुख्य अंश :

**इसमें कितनी सच्चाई है कि संजय लीला भंसाली आपके काम से इतने खुश हैं कि आपके साथ अगली फिल्म की प्लानिंग कर रहे हैं?**

मैंने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में संजय सर के साथ पहली बार काम किया है। उनके साथ काम करने का मेरा एक्सपीरियंस निश्चित ही बेहद शानदार रहा। मैं अपनी बात कर सकती हूं और यही चाहती हूं कि बार-बार उनके साथ काम करती रहूं। यदि यह सच है कि वह मेरे साथ अगली फिल्म की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा है।

**चर्चा है कि भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में आपने, अपने करियर का सबसे बेहतरीन परफॉर्मैंस दिया है और यह आपको राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई बड़े अवार्ड्स दिला सकती है।**

मुझे नहीं पता कि मेरा परफॉर्मैंस किस तरह का रहा। इसका फैसला तो फिल्म के ऑडियंस के सामने आने के बाद ही हो सकेगा लेकिन एक बात कहना चाहूंगी कि यह किरदार मेरे लिए काफी स्पैशल रहा क्योंकि इसमें पहली बार मैंने अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। इसके पहले मैंने कभी इस तरह का काम नहीं किया। मैं अपने किरदार के साथ पूरा न्याय करना चाहती थी, इसलिए मैंने वह सब कुछ सीखा और किया जो मुझे अपनी निजी जिंदगी में पसंद नहीं है।

**'गंगूबाई काठियावाड़ी' के अपने किरदार के बारे में कुछ विस्तार के साथ बताइए?**

यह एक वेश्यालय चलाने वाली लड़की से खतरनाक गैंगस्टर बनने तक के सफर का चुनौतीपूर्ण किरदार है। इस किरदार में, मेरा एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा जो इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला।

**आपका कहना है किरदार के साथ न्याय करने के इरादे से आपने काफी कुछ सीखा। इस बारे में भी जरा विस्तार के साथ बताइए?**

मुझे इस किरदार को निभाने के लिए कई वर्कशॉप्स में ट्रेनिंग लेनी पड़ी। उनके द्वारा मैंने अपनी बॉडी लैंग्वेज से लेकर अपनी आवाज तक को बदला और मुझे लगता है कि गंगूबाई के इस किरदार में मैं हर तरह से अलग नजर आऊंगी, फिर चाहे वह चलना हो या बात करना। फिल्म में मेरा पॉश्चर भी काफी ठेठ है जिसमें मेरा कण्ठ उच्चारित स्वर सुनने को मिलेगा।

**तो क्या 'गंगूबाई काठियावाड़ी' आपके लिए एक बिल्कुल नई शुरुआत होगी?**

मैं अपने करियर के लिए हर नई फिल्म को एक नई शुरुआत मानती हूं बल्कि फिल्म ही क्यों यदि यह कहा जाए कि रोज सुबह जब हम जागते हैं, तो हमारे लिए वह एक बिल्कुल नई शुरुआत होती है।

**कुछ समय पहले इस तरह की खबरें आई थीं कि ऑस्कर विजेता रेसुल पुकुट्टी की आगामी फिल्म 'पिहरवा' में आप लीड रोल में नजर आएंगी, लेकिन अब खबरें आ रही है कि आप फिल्म का हिस्सा नहीं हैं?**

रेसुल ने 'पिहरवा' के लिए मुझे अप्रोच जरूर किया था लेकिन मैंने अपनी मजबूरी बताते हुए इसके लिए उन्हें न कह दिया। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह थी कि फिलहाल मैं तीन फिल्मों में बिज़ी हूं और मेरी पहली प्राथमिकता सिर्फ उन्हें पूरा करना है। दूसरी वजह यह भी थी कि फिल्म को रेसुल खुद डायरैक्ट नहीं कर रहे थे। यदि उसे रेसुल डायरैक्ट करते तो एक बार मैं सोच भी सकती थी।

**'गंगूबाई काठियावाड़ी' के अलावा कौन-कौन सी फिल्में कर रही हैं?**

एस.एस. राजामौली की 'आर.आर.आर.' और अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र' है। मैं चाहती हूं कि जब तक मैं इन तीन फिल्मों की शूटिंग खत्म नहीं कर लेती, तब तक मैं किसी नई फिल्म को साइन नहीं करूं।

> **"मुझे इस किरदार को निभाने के लिए कई वर्कशॉप्स में ट्रेनिंग लेनी पड़ी। उनके द्वारा मैंने अपनी बॉडी लैंग्वेज से लेकर अपनी आवाज तक को बदला और मुझे लगता है कि गंगूबाई के इस किरदार में मैं हर तरह से अलग नजर आऊंगी, फिर चाहे वह चलना हो या बात करना। फिल्म में मेरा पॉश्चर भी काफी ठेठ है जिसमें मेरा कंठ उच्चारित स्वर सुनने को मिलेगा।"**

# कड़े संघर्ष के बाद इस मुकाम तक पहुंची नोरा



**बॉ**लीवुड की डांस सनसनी नोरा फतेही 6 फरवरी 2021 को अपना 29वां जन्मदिन मना चुकी हैं। अपने किलर डांस मूव्स से लोगों को दीवाना बनाने वाली नोरा ने काफी संघर्ष किया है। अब वह सफलता की ऊंचाई पर हैं, लेकिन नोरा के बारे में ऐसी बहुत-सी बाते हैं जो बहुत कम लोग जानते हैं। आइए, नोरा के बारे में जानते हैं कुछ ऐसी ही बातें जो आपको नहीं पता होंगी।

**नोरा का है भारत से खास नाता**

नोरा का जन्म कनाडा में हुआ था और उनकी फैमिली मोरक्कन है। हालांकि कम ही लोगों को पता है कि नोरा का भारत से भी एक खास नाता है। नोरा की मां भारतीय मूल के परिवार की तीसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखती हैं।

**नोरा ने नहीं ली है डांस की ट्रेनिंग**

भले ही आज नोरा के डांस के दुनियाभर में प्रशंसक हों लेकिन कम ही लोगों को पता है कि नोरा ने कभी डांस की कोई ट्रेनिंग नहीं ली है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान ही इंटरनैट पर वीडियो देखकर बेली डांसिंग सीखा। नोरा आज भी खुद ही घंटों डांस की ट्रेनिंग करती हैं।

**मॉडलिंग असाइनमैंट के लिए आई थीं इंडिया**

नोरा को एक मॉडलिंग एजैंसी ने कुछ ब्रांड्स के विज्ञापन के लिए भारत भेजा था। नोरा ने कई ब्रांड्स के लिए विज्ञापन करने के बाद इंडिया में ही अपना करियर बनाने का फैसला किया। उन्होंने साल 2014 में फिल्म 'रोर' से फिल्मों में डैब्यू किया था।

**रियलिटी शो ने बदली किस्मत**

नोरा ने कुछ फिल्मों में तो काम किया था, लेकिन तब भी अपनी पहचान नहीं बना पाई थीं। इसके बाद बिग बॉस के सीजन 9 में नोरा ने भाग लिया तो लोग उन्हें घर-घर में पहचानने लगे। इसके अलावा नोरा 'झलक दिखला जा' डांस रियलिटी शो में भी भाग लिया और अपनी डांसिंग स्किल्स से सबको इंप्रैस किया।

**कॉफी शॉप से लेकर लॉटरी बेचने का भी किया काम**

एक समय नोरा फतेही ने काफी स्ट्रगल किया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि स्ट्रगल के दिनों में वह 8 लड़कियों के साथ एक अपार्टमैंट में रहती थीं। इसके अलावा उन्होंने खर्च चलाने के लिए एक कॉफी शॉप में काम करने से लेकर लॉटरी बेचने का भी काम किया। हालांकि यह काम नोरा ने काफी कम समय के लिए किए थे।

**प्रिंस नरूला और अंगद बेदी से जुड़ चुका है नाम**

एक समय नोरा के अफेयर के चर्चे प्रिंस नरूला और अंगद बेदी के साथ रह चुके हैं। कहते हैं नोरा ने अंगद को काफी समय डेट किया था लेकिन अंगद फिर नेहा धूपिया को डेट करने लगे। अब प्रिंस नरूला और अंगद बेदी दोनों की शादी हो चुकी है। हालांकि नोरा अभी भी सिंगल हैं।

# '1962 : द वॉर इन द हिल्स' में दिखेंगी माही गिल



**2**009 में रिलीज हुई फिल्म देव डी में अभय देओल माही गिल के बिंदास अभिनय को काफी तारीफें मिली थीं। देव-डी के बाद यह जोड़ी फिर साथ में नजर आने वाली है। माही गिल और अभय देओल आगामी सीरीज '1962 : द वॉर इन द हिल्स' में दिखाई देंगे। सीरीज में माही गिल शगुन सिंह का किरदार निभा रही हैं, जो एक गौरवशाली सेना पत्नी है। वह अपने सह-कलाकार, अभय देओल के विपरीत आ रही हैं। महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित इस सीरीज में सुमीत व्यास, आकाश थोसर एवं कई अन्य प्रभावशाली किरदार भी हैं, जिनकी घोषणा जल्द की जाएगी। हॉटस्टार स्पैशल्स सीरीज 1962 : द वॉर इन द हिल्स सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और 3000 चीनी सैनिकों के खिलाफ 125 जवानों की हमारी सेना की बहादुरी एवं अदम्य साहस की कहानी सुनाती है। इस सीरीज के बारे में माही गिल ने कहा, '1962 : द वॉर इन द हिल्स मेरे लिए खास है। एक बार मैंने सेना के लिए आवेदन किया था और मेरा चयन भी हो गया था। और आज मुझे एक वॉर सीरीज में मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला है। मैं एक सैनिक नहीं, बल्कि एक गौरवशाली सैनिक पत्नी का किरदार निभा रही हूं। मेरा मानना है कि जो परिवार हर स्तर पर जवानों का सहयोग करते हैं, वो भी हमारे नायक हैं। मेरा किरदार शगुन एक आम सैन्य-पत्नी नहीं है, जो आमतौर पर मूवी या शो में दिखाई जाती है, वह मजबूत एवं दृढ़ है और अपने खुद के व्यक्तिगत युद्धों का सामना करती है। सीरीज में माही गिल, शगुन सिंह का किरदार एक दृढ़ पत्नी और मां का है जो विपरीत से विपरीत स्थितियों में भी मजबूत बनकर खड़ी रहती है। हॉटस्टार स्पैशल्स प्रैजैंट्स '1962 : द वॉर इन द हिल्स' 26 फरवरी, 2021 को केवल डिज्नी+ हॉटस्टार वी.आई.पी. और डिज्नी+ हॉटस्टार प्रीमियम पर रिलीज होगी।

# चंगेज खान का किरदार निभाना चाहूंगा : सलमान



**स**लमान खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए 30 साल से भी ज्यादा का समय हो गया है। तरह-तरह के किरदार उन्होंने निभाकर दर्शकों का मनोरंजन किया है। ये बात और है कि इन दिनों वह एक खास दायरे में बंध गए हैं क्योंकि उनके प्रशंसक उन्हें इसी तरह से देखना ही पसंद करते हैं।

एक इंटरव्यू में जब सलमान से पूछा गया कि इन दिनों हिस्टोरिकल फिल्में खूब बन रही हैं, लोगों को पसंद भी आ रही हैं। क्या आपके दिमाग में कोई ऐतिहासिक किरदार है, जिसकी बायोपिक आप करना चाहेंगे? इस सवाल के जवाब में सलमान ने कहा कि यदि मुझे कभी कोई ऐतिहासिक किरदार करना पड़े या मुझे करना है तो मैं चंगेज खान का किरदार पर्दे पर निभाना चाहूंगा। बता दें चंगेज खान एक मंगोल शासक था जिसने मंगोल साम्राज्य के विस्तार में एक अहम भूमिका निभाई।

वह अपनी संगठन शक्ति, बर्बरता तथा साम्राज्य विस्तार के लिए जाना जाता था। वर्तमान मंगोलियाई लोग उसे मंगोलिया के संस्थापक पिता के रूप में जानते हैं। सवाल यह है कि क्या चंगेज खान पर कोई फिल्म बनाना चाहेगा? बनाना भी चाहे तो क्या सलमान को लेना चाहेगा? वैसे सलमान खुद फिल्म निर्माता हैं। चाहे तो इस तरह का रोल वे कर सकते हैं और खुद की ख्वाहिश पूरी कर सकते हैं।

फिलहाल तो सलमान की फिल्म 'राधे' का इंतजार है। शूटिंग पूरी हो चुकी है। पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। अभी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि 2021 की ईद पर रिलीज हो सकती है। आज सलमान की फिल्में बाकी खान्स से ज्यादा बॉक्स ऑफिस पर सफल होती हैं। फिल्मों के अलावा सलमान रियलिटी शो 'बिग बॉस' में भी बिजी रहते हैं।